सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-306 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
08 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com





# रामलला का पहला सूर्यतिलक

## जगमग हुई अयोध्या

- पांच मिनट तक हुए अभिषेक को कौतुक से देखती रही दुनिया
- 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में 3 मिनट तक माथे पर पड़ीं नीली किरणें
- चार लाख श्रद्धालु पहुंचे रामनगरी
- तीन लेंसों से होकर गुजरीं किरणें
- 50 फीसदी घटाई गई किरणों की गर्मी



**75** मिमी का टीका राम के चेहरे पर बना

**रामनवमी**

**अयोध्या।** रामलला का सूर्य अभिषेक दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर हुआ। सूर्य की किरणें रामलला के चेहरे पर पड़ीं। करीब 75 मिमी का टीका राम के चेहरे पर बना। दुनिया भक्ति और विज्ञान के अद्भुत संगम को भक्तिभाव से निहारती रही। यह धर्म और विज्ञान का भी चमत्कारिक मेल रहा।

इस सूर्य तिलक के लिए वैज्ञानिकों ने कई महीने से तैयारी की थी। इसके लिए कई ट्रायल किए गए। आज दोपहर में जैसे ही घड़ी में 12 बजकर 01 मिनट हुए सूर्य की किरणें सीधा राम के चेहरे पर पहुंच गईं। 12 बजकर एक मिनट से 12 बजकर 6 मिनट तक सूर्य अभिषेक होता रहा। पूरे पांच मिनट तक यह प्रक्रिया चली। अयोध्या में कुछ इसी तरह का दृश्य है। रामनगरी की परिधि में अब करीब चार लाख श्रद्धालु पहुंचे। वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया गया। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के लेंस पर पड़ीं। उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर आईं। अंत में सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान होती रहीं और ये लगभग पांच मिनट तक टिकी रहीं। सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के सबसे ऊपरी तल (तीसरे तल) पर लगे दर्पण पर ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें पड़ेंगी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणे एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरा दर्पण लगा है। इस दर्पण से सूर्य किरणें एक बार फिर से परावर्तित होंगी और पीतल की पाइप के साथ 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। दूसरी बार परावर्तित होने के बाद सूर्य किरणें लंबवत दिशा में नीचे की ओर चलेंगी। किरणों के इस रास्ते में एक के बाद एक तीन लेंस पड़ेंगे, जिनसे इनकी तीव्रता और बढ़ जाएगी।

लंबवत पाइप जाती है। लंबवत पाइप के दूसरे छोर पर एक और दर्पण लगा है। बढ़ी हुई तीव्रता के साथ किरणें इस दर्पण पर पड़ेंगी और पुनः 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। 90 डिग्री पर मुड़ी ये किरणें सीधे राम लला के मस्तक पर पड़ेंगी। इस तरह से राम लला का सूर्य तिलक पूरा होगा। मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं। पाइप में एक और दर्पण लगाया गया था। इससे किरणें टकराकर 90 डिग्री कोण में बदल गईं। लंबवत पीतल के पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढ़ीं। किरणें तीन लेंस से गुजरने के बाद गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराईं। यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट पर पहुंचीं। रामलला के सूर्य अभिषेक के लिए सूर्य की किरणों की गर्मी 50 फीसदी घटाई गई। इसके लिए आईआर फिल्टर ग्लास का इस्तेमाल किया गया।

### हनुमानगढ़ी में रामनवमी पर फहराया गया हनुमान पताका

रामनवमी के दिन भगवान राम की पूजा-अर्चना के साथ उनके अनन्य भक्त हनुमान जी की भी आराधना की जाती है। कहते हैं रामनवमी के दिन हनुमान जी की पूजा करने से भक्तों के सभी प्रकार के संकट का हरण हो जाता है। रामनवमी पर उनके परम भक्त हनुमंतलला का भी भव्य श्रृंगार हुआ। हनुमानगढ़ी के पुजारी रमेश दास ने बताया कि रामनवमी पर हनुमानगढ़ी में हनुमान पताका फहराया गया। इसे विजय पताका भी कहा जाता है। हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया। सोने-चांदी के आभूषण धारण कराएंगे।

# टीएमसी ने जारी किया घोषणा-पत्र

## बंगाल में एनआरसी लागू न होने देने का एलान

**पिटारा**

- वरिष्ठ नागरिकों को 1000 रुपए प्रति माह पेंशन
- गरीबों को 10 गैस सिलिंडर फ्री देने का वायदा
- सभी जॉब कार्ड धारकों को 100 दिन की गारंटीशुदा नौकरी दी जाएगी



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के लिए बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने घोषणापत्र जारी किया। पार्टी के घोषणापत्र में बंगाल में एनआरसी लागू न होने देने का एलान किया गया है।

पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें लिखा गया है कि हमे लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणापत्र जारी करते हुए खुशी हो रही है। दीदी की शपथ के साथ हम हर भारतीय को रोजगार की गारंटी, सभी को घर, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, किसानों को एमएसपी, एससी-एसटी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति देने की कसम खाते हैं। हम साथ में भाजपा के जमींदारों को उखाड़ फेकेंगे और सभी के सम्मानित जिंदगी सुनिश्चित करेंगे। टीएमसी ने अपने घोषणापत्र में सीएए कानून को निरस्त करने और एनआरसी को लागू न होने देने का वादा किया है। साथ ही पूरे देश में कहीं भी समान नागरिक संहिता को भी लागू नहीं करने का भी वादा किया गया है। टीएमसी के घोषणापत्र में सभी नौकरी कार्ड धारकों को 100 दिन की रोजगार गारंटी देने की बात कही गई है और कामगारों को एक दिन की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन देने की बात कही गई है। सभी बीपीएल परिवारों को हर साल 10 एलपीजी सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। सभी राशन कार्ड धारकों को हर महीने पांच किलो राशन मुफ्त दिया जाएगा। साथ ही राशन की लोगों को घर पर डिलीवरी की जाएगी और इसका कोई भी चार्ज नहीं देना होगा। एससी,एसटी और ओबीसी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए मिलने वाली छात्रवृत्ति की रकम बढ़ाई जाएगी। 60 साल से ऊपर की उम्र के बुजुर्गों को हर महीने 1000 रुपये की पेंशन दी जाएगी। टीएमसी के घोषणापत्र में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर किसानों को एमएसपी दी जाएगी। एमएसपी फसल की औसत लागत से पचास फीसदी अधिक दी जाएगी। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को कम किया जाएगा और कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचने के लिए एक कीमत स्थिर करने वाला फंड स्थापित किया जाएगा।

**असम की धरती पर मोदी गारंटी लेकर आया हूं**

# चार जून को 400 पार : पीएम



**नलबाड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो चुनावी रैलियां करने का प्रोग्राम है। इसमें से सबसे पहले पीएम मोदी ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी है।

पीएम मोदी ने कहा कि यहां आप सभी का प्यार, उत्साह और भव्य उपस्थिति स्पष्ट रूप से व्यक्त करती है कि 4 जून को क्या होने वाला है! तभी तो लोग कहते हैं, 4 जून, 400 पार! फिर एक बार, मोदी सरकार! आज रामनवमी का ऐतिहासिक अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं।

### केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की मंजूरी देने की मांग

**नई दिल्ली।** अब केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की मंजूरी की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल से दिल्ली सरकार चलाने के लिए पर्याप्त सुविधाएं देने का निर्देश देने की मांग की गई है।

केजरीवाल 21 मार्च से हिरासत में हैं, जब उन्हें दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 1 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। जनहित याचिका श्रीकांत प्रसाद नामक व्यक्ति ने दायर की है।

# अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर हादसा, 10 लोगों की मौत

**घटना**

- कार और ट्रक की टक्कर में हुआ हादसा
- वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कार




**नडियाद।** गुजरात के खेड़ा जिले के नडियाद शहर के पास अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। इस दौरान कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई। नडियाद ग्रामीण पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर किरीट चौधरी ने बताया कि गुजरात में पंजीकृत कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। इस दौरान कार एक्सप्रेसवे पर ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार परखच्चे उड़ गए। हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल लोगों को एम्बुलेंस में नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया। खेड़ा के पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ट्रक का पंजीकरण महाराष्ट्र आरटीओ में है। ट्रक व्यस्त एक्सप्रेसवे के सबसे बाएं लेन पर खड़ा था। उसमें कुछ खराबी आ गई थी। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार उससे टकरा गई। दुर्घटना में चालक और पांच साल के बच्चे सहित कार में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई।

# सीएम योगी ने नौ नन्हीं कन्याओं के धोए पैर

## कन्याओं को खुद से भोजन कराया, दक्षिणा देकर विधिपूर्वक विदाई की

**रामनवमी**

- गोरखनाथ मंदिर में पूरे विधि-विधान से नवमी पूजन किया
- कन्या पूजन भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ

अवधनामा संवाददाता





**गोरखपुर।** चैत्र नवरात्र के समापन पर आज पूरे देश में धूमधाम से राम नवमी मनाई गई। इस अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी योगी आदित्यानाथ ने बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर गोरखनाथ मंदिर में पूरे विधि-विधान से नवमी पूजन किया। फिर कन्याओं की पूजा भी की। सीएम योगी ने मंदिर में करीब एक घंटे तक पूजा की और कन्याओं के पैर धोए व बटुक भैरवों की भी पूजा की। कन्या पूजन भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। पूजा-हवन के बाद मुख्यमंत्री ने कन्याओं को खुद अपने हाथ से भोजन कराया। पूजन आदि से पहले योगी आदित्यनाथ ने कुछ समय मठ में आने वाले लोगों के साथ गुजारा फिर मठ स्थित शक्ति पीठ पहुंचकर हवन-पूजन किया। सीएम योगी ने मठ के पूजन कक्ष में मौजूद अन्य कन्याओं को भी खुद से भोजन कराया। इसके बाद उन्हें दक्षिणा देकर उनकी विधि पूर्वक विदाई की। वह दोनों नवरात्रों पर कन्या पूजन करते हैं। यह प्रक्रिया तब से चल रही है जब वह सीएम नहीं थे। कन्याओं की विदाई के साथ ही गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर के हाथों होने वाली नवमी की पूजा संपन्न हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कन्याओं के पूजन अर्चन के बाद उन्हें अपने हाथों से भोजन भी करवाया। वर्ष के दोनों नवरात्रों में सीएम योगी ऐसे ही कन्याओं की पूजा कर उन्हें भोजन करवाते हैं। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार दिया गया। मुख्यमंत्री यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे।

# डीपीएपी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद नहीं लड़ेंगे चुनाव

**चुनाव**

- पार्टी ने मो. सलीम को बनाया उम्मीदवार



**जम्मू।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। पार्टी के सूत्रों का भी कहना है कि आजाद चुनाव नहीं लड़ेंगे, ऐसे में उनकी जगह अनंतनाग-राजोरी संसदीय सीट से पार्टी ने मोहम्मद सलीम पर्रे को उम्मीदवार बनाया है।

वहीं गुलाम नबी आजाद ने एक जगह प्रचार के दौरान कठुआ रेप केस के आरोपियों का समर्थन करने वाले लाल सिंह का समर्थन करने के लिए राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग तो भाजपा से भी गए गुजरे हैं। जम्मू कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों में से एक अनंतनाग-राजोरी सीट से गुलाम नबी आजाद के चुनाव लड़ने की तैयारी थी। यह घोषणा डीपीएपी के कोषाध्यक्ष ताज मोहिउद्दीन ने श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान की थी। लेकिन बुधवार को अचानक उनके चुनाव मैदान में न उतरने की खबर से सब हैरान रह गए। पार्टी ने उनकी जगह इस सीट से मोहम्मद सलीम पर्रे को उम्मीदवार बनाया है। डीपीएपी प्रमुख ने राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने जिसे गलत समझा उसे निकाल दिया।

# बीजेपी 150 सीटों का आंकड़ा पार नहीं करने जा रही : राहुल गांधी

**रोड-शो**

- आज किसान परेशान हैं क्योंकि बीजेपी के सारे वादे झूठे निकले : अखिलेश



**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार बुधवार को समाप्त होने के साथ, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि एनडीए के नेतृत्व वाली भाजपा आगामी चुनावों में 150 सीटों का आंकड़ा पार नहीं करने जा रही है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, मैं सीटों की भविष्यवाणी नहीं करता। 15-20 दिन पहले मैं सोच रहा था कि बीजेपी 180 के आसपास सीटें जीतेगी लेकिन अब मुझे लगता है कि उन्हें 150 सीटें मिलेंगी। हमें हर राज्य से रिपोर्ट मिल रही है कि हम सुधार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हमारा बहुत मजबूत गठबंधन है और हम बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह लोकसभा चुनाव अमेठी या रायबरेली से लड़ेंगे तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, यह बीजेपी का सवाल है, बहुत अच्छा. मुझे जो भी आदेश मिलेगा, मैं उसका पालन करूंगा. हमारी पार्टी में ये सब (चयन) उम्मीदवार) निर्णय सीईसी द्वारा लिए जाते हैं। इसी सुर में बात करते हुए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, मैं रामनवमी के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। मुझे खुशी है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। आज हम गाजियाबाद में हैं और इस बार भारत गठबंधन गाजियाबाद से लेकर गाज़ीपुर तक बीजेपी का सफाया कर देगा, आज किसान परेशान हैं क्योंकि बीजेपी के सारे वादे झूठे निकले।

### एक बार फिर यूपी में बदलेगा मौसम

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने शुक्रवार को तेज हवा और गरज के साथ बौछार पड़ने का पूर्वानुमान जताया है। गुरुवार को आसमान साफ रहेगा। दोपहर बाद या शाम को आंशिक बादल छा सकते हैं। बुधवार को दिनभर 25 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलती रही, जिससे अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली। बुधवार को सुबह से ही सूरज ने तेवर दिखाए। दोपहर 12 बजे के बाद तो घर से निकलना मुश्किल हो गया। धूप आंखों में चुभती और त्वचा को झुलसाने वाली थी। लगातार हवा चलते रहने से मंगलवार की अपेक्षा थोड़ी राहत देखने को मिली। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बुधवार की अपेक्षा करीब डेढ़ डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिली। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि गुरुवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगी।

**प्रत्याशी** | **आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां**

# पहले चरण के लिए थमा चुनाव प्रचार

**भविष्य**

- आठ सीटों में 19 अप्रैल को पड़ेंगे वोट
- आखिरी दिन सभी दलों ने झोंकी ताकत
- कई शख्सियतों की परीक्षा



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान 17 अप्रैल की शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर लगी है। जिन 21 राज्यों में 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहां प्रचार बुधवार शाम 5 बजे समाप्त हो गया। आम चुनाव के पहले चरण में 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों ने पहले चरण से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों में कई रैलियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के नलबाड़ी और त्रिपुरा के अगरतला में दो चुनावी रैलियां कीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक में प्रचार किया, जबकि उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनावी रैली की। लोकसभा चुनाव वाले जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियां रवाना करने के निर्देश दिए गए हैं। ये जानकारी उत्तर प्रदेश के

**21 राज्यों की 102 सीटों पर 19 अप्रैल को वोटिंग**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दी। प्रथम चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा),मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला ईवीएम में लॉक हो जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों और पोलिंग बूथों पर मतदाताओं व मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिये गये है। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए मेडिकल किट उपलब्ध करायी जाएगी।

# भाजपा सरकार ने खोखले नारों से देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया: आनंद

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा संसदीय क्षेत्र के कस्ता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुलौला, सुतेहरा, नीमगांव, पिपरिया, बेल जोधपुर, अल्हीपुर, भुलनपुर, बांछेपारा, मलिगवां व बेहजम में समाजवादी पार्टी ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया, इस मौके पर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मतदाताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। सपा की नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया आनंद भदौरिया ने किसान नौजवान, आधी आबादी महिलाओ को संबोधित करते हुए कहाकि लोकसभा 2024 का आम चुनाव देश के किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के भविष्य और देश मे लोकतंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, यह चुनाव देश के संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करने वाला चुनाव है।



किसानों, नौजवानों को उनका हक और सम्मान दिलाने वाला चुनाव है, देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार से आम जनजीवन त्रस्त हो चुका है, हर वर्ग परेशान है, लोगों में निराशा का माहौल है। वर्तमान शासन व्यवस्था ने लोगों के सामने नौकरी, रोजगार का संकट खड़ा कर दिया है, भाजपा सरकार ने खोखले नारों से देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है, महंगाई से त्रस्त किसान और नौजवान, महिलाओं के सामने तमाम तरह की चुनौतियां खड़ी हो गई हैं जिससे जीवन यापन पर संकट आन खड़ा है! पूर्व विधायक कस्ता सुनील लाला ने किसान-नौजवानों को संबोधित करते हुए कहाकि समाजवादी पार्टी सरकार और आनंद भदौरिया के अथक प्रयासों की देन है मितौली तहसील, पूर्व में हम तहसील के काम के लिए मोहम्मदी और लखीमपुर जाते थे आज मितौली तहसील बनकर तैयार है जिससे हम लोगो को कही और जाना नही पड़ता! ये समाजवादी पार्टी के विकास के विजन का परिणाम है! नुक्कड़ सभाओं में पूर्व विधायक सुनील भार्गव लाला, वीरेंद्र वर्मा विधानसभा अध्यक्ष, उमाशंकर वर्मा, रामजीवन यादव, कालीचरण यादव, संदीप वर्मा, नासिर शाह, मंजू यादव, शफ़ीक़ गाज़ी, लाल सिंह यादव, उधम सिंह चौहान, शैलेन्द्र राठौर व शिवकुमार वर्मा समेत सैकड़ो की तादाद में आम जनमानस मौजूद रहे।

## कांग्रेस को झटका कांग्रेसी नेता गुरमीत सिंह भुल्लर ने दिया इस्तीफा

**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में बिखराव शुरू हो गया है। लोग लगातार कांग्रेस से इस्तीफा देकर दूसरी राजनीतिक दलों में शामिल हो रहे हैं। खीरी के सियासी गलियारे में हलचल नजर आ रही है कांग्रेस पार्टी को आज झटके पर झटका लगा है जानकारी मुताबिक जनपद खीरी के कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव गुरमीत सिंह भुल्लर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है हालांकि कांग्रेस दल से इस्तीफे का मुख्य कारण नही बताया हालांकि कांग्रेसी नेता गुरमीत सिंह भुल्लर पिछले काफी वर्षों से पार्टी से जुड़े हुए थे और कई अहम पदों पर रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे। हालांकि उन्होंने कांग्रेस पार्टी हाई कमान को पत्र लिखकर कांग्रेस लीडरशिप से इस्तीफा दे दिया है।

# सिंगाही एवं नगर पंचायत निघासन में चुनाव कार्यालय का किया शुभारम्भ व किया जनसम्पर्क

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकास खण्ड निघासन के ग्राम सुथना बरसोला एवं विकासखण्ड रमियाबेहड़ के ग्राम सिसैया, दरेरी एवं मझ्झेहड़ में जनसम्पर्क किया तथा नगर पंचायत सिंगाही एवं नगर पंचायत निघासन में चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ भी किया।केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकासखण्ड निघासन के ग्राम सुथना बरसोला में दुर्गा माता मंदिर के पास एवं विकासखण्ड रमियाबेहड़ के ग्राम सिसैया, दरेरी एवं मझ्झेहड़ में जनसम्पर्क किया तथा नगर पंचायत सिंगाही में महारानी सुरथ कुमारी मार्ग एवं नगर पंचायत निघासन में मोहल्ला गांधीनगर निघासन मेन रोड पर चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया। जनसम्पर्क के दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र के जनजीवन में बहुत बड़े बदलाव हुए है। पहले गांवों में कच्ची गलियां एवं सड़के होती थी घरों में शौचालय नहीं थे लोगों के रहने के लिए आवास नहीं थे लोग झोपड़ियों में रहते थे साफ-सफाई की भी कोई व्यवस्था नहीं थी लेकिन सन् 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गांव-गांव में पक्की सड़कों को बनवाया जिन लोगों के पास शौचालय एवं आवास नहीं था उन्हें शौचालय एवं आवास मुहैय्या करवाया। गांव के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हमारी सरकार ने हर गांव में पंचायत घर बनवाया, हर ग्रामसभा में सामुदायिक शौचालय बनवाया।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस देश में भ्रष्टाचार पर था और उसका सबसे बड़ा उदाहरण और सबसे खराब समय 2004 से 2014 के बीच में था उस दौरान इस देश में इतने घोटाले हुए कि देश खोखला हो गया और जो पार्टियां सरकार में सत्ता में थी उनका खुला संरक्षण ऐसे लोगों के प्रति था कि इस देश में जो भी योजना आती थी उसमें उनके दलाल लग जाते थे थाने, तहसील एवं ब्लाक हर जगह पर दलाल मिल जाते थे प्रदेश में भी इस तरह की सरकारें थी कि उनके कार्यकर्ता खुलेआम दलाली करते थे ऐसे खुलेआम भ्रष्टाचार होता था और योजनाओं में तो सबसे ज्यादा होता था हमारी सरकार ने पहली बार जब 2014 में सरकार बनी तो कुछ ऐसे निर्णय लिए थे जिसमें हम यह उद्देश्य लेकर चले थे कि इस देश को भ्रष्टाचार का जो घुन खा रहा है जब तक उसको जड़ से खत्म नहीं किया जायेगा तब तक यह देश आगे नहीं बढ़ पाएगा। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', अमनदीप सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख निघासन, मो0 कय्यूम अध्यक्ष नगर पंचायत सिंगाही (भेड़ौरा), कनक पाल सिंह राना, दामोदर मौर्य, जी0एस0 सिंह, संगम लाल मिश्र, विनोद लोधी, प्रदीप शुक्ला, संजय मिश्रा, नागेन्द्र सिंह सेंगर, महेश गुप्ता, संजय गिरि, राहुल निषाद, प्रेम बाजपेई, प्रज्ञानन्द श्रीवास्तव, मोनू दीक्षित, हरीश पाण्डेय, रतीराम लोधी, यदुवेन्द्र अवस्थी आदि लोग भी शामिल रहेंगे।

# 50 हजार के आस पास आबादी होने के बावजूद भी मूल भूत सुविधाओ से वंचित है बरबर

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** बरबर कस्बे की आबादी लगभग 50 हजार के आस पास होने के बावजूद भी मूल भूत सुविधाओ से वंचित है। वही शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी पिछड़ता जा रहा है। बरबर कस्बे में उच्च शिक्षा के लिये डिग्री कालेज न होने के कारण यहां के छात्र-छात्राओ को उच्च शिक्षा के लिये 20 से 30 किलो जाना पड़ता है या उन्हे प्राइवेट शिक्षा ग्रहण करनी होती है। अगर बात करें गरीब तबके की तो यहां मात्र कक्षा आठ तक ही सरकारी स्कूल है जहां से वहां कक्षा आठ तक तो शिक्षा ग्रहण कर लेते है परन्तु आगे की शिक्षा के लिये उनके पास इतना पैसा नहीं होता कि वह प्राईवेट स्कूलो में अपने बच्चो का दाखिला करा सके। जिस कारण यहां गरीब छात्र-छात्राओ को कक्षा आठ के आगे की शिक्षा ग्रहण करना लोहे के चने चबाने के बराबर है और जो मध्यवर्गी बच्चे किसी प्रकार इन प्राईवेट स्कूल कालेजो से इण्टर तक जैसे तैसे शिक्षा ग्रहण कर लेते है उन्हे आगे कि पढ़ाई के लिये मोहम्मदी, शाहजहांपुर और सीतापुर जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण करनी होती है जिसमें खासतौर पर छात्राओ को काफी कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है। चुनाव के दौरान तो नेता जनता की चौखटो पर दस्तक देते नज़र आते है और चुनाव जीतने के बाद गायब हो जाते है और यहां की जनता खुद को ठगा सा महसूस करती रह जाती है। वही इस बार बरबर कस्बे के अधिकांश लोगो का कहना है कि इस बार जो प्रत्याशी कस्बे में डिग्री कालेज खोलने की बात करेगा उसे ही बरबर की जनता अपना वोट देगी चाहे वह जिस पार्टी का हो, क्षेत्र का हो या न हो। बताते चले कि बरबर कस्बे से मात्र पांच किलोमीटर की दूरी पर ही वर्तमान भाजपा सांसद रेखा अरूण वर्मा का गांव है जसे भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी है और भाजपा के ही विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह भी जो दर्जा प्राप्त मंत्री भी है फिर भी बरबर कस्बा शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा है। अब देखना यह है कि बरबर की जनता अपने क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिये किसी प्रत्याशी या दल को वोट करेगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## एसएसबी कैंप में एक जवान ने खुद को सरकारी राइफल से मारी गोली, हुई मौत

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर के बेलरायां में आरत-नेपाल सीमा पर डांगा एसएसबी कैंप में मंगलवार की शाम एक जवान ने खुद को सरकारी राइफल से गोली मार ली। गोली उसके चेहरे के पास गर्दन में लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन फानन सीएचसी निघासन लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। खुद को गोली मारने का क?या कारण है इसका पता लगाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक 33 वर्षीय संजय कुमार यादव निवासी न्यू रामगढ़ थाना रामगढ़, जिला फिरोजाबाद एसएसबी की तृतीय बटालियन में तैनात था। पुलिस के मुताबिक, उसने मंगलवार की शाम सरकारी राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली उसके गर्दन में लगी और गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर गया। घायल जवान को आनन फानन निघासन सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को मिली। सूचना पाकर तिकुनिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जवान ने आत्महत्या की है। लेकिन उसने आत्महत्या क?यों की, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है। पुलिस जांच की बात कह रही है। साथी जवानों का कहना है कि वह पिछले काफी दिनों से परेशान रह रहा था। सीओ निघासन प्रवीण यादव ने बताया कि आत्महत्या का कारणों की छानबीन की जा रही है।

## ग्रामीण क्षेत्रो में शौचालयो की स्थति बद से बदतर, महिलाए अभी भी खुले में शौच को जाने के लिये मजबूर



**मोहम्मदी-खीरी।** एक तरफ तो प्रदेश के मुखिया स्वच्छ भारत मिशन के बड़े-बड़े दावे कर रहे है। वही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा के दौरान दावा किया था कि हमारी सरकार में अपराधी खुद तख्ती लटकार थाने पहुंच रहे है और हमारी गांव की मां बहनो को अब शौच के लिये खेत में नही जाना होता है हमारी सरकार ने घर-घर शौचालय बनवाने का काम किया है ताकि किसी को खुले मे शौच को न जाना पड़े। परन्तु मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र में इसका उल्टा दिखाई पड़ रहा है यहां अपराधो का ग्राफ तो बढ़ा ही है साथ ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में शौचालयो की स्थति बद से बदतर दिखाई पड़ रही है यहां ग्रामीण क्षेत्र की महिलाए अभी भी खुले में शौच को जाने के लिये मजबूर दिखाई दे रही है। नगर क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा बनवाए गये अधिकांश शौचालयो में ताले लटके दिखाई देते है और जो शौचालय खुले है वह पूरी तरह ध्वस्त हो अपने को लूटे जाने की कहानी बया करते नजर आ रहे है। यही हाल ग्रामीण क्षेत्र में शौचालयो का है। ग्रामीण क्षेत्रो में ग्राम प्रधानो द्वारा स्वयं शौचालय के निर्माण का सामान मंगा कर स्वयं ही शौचालयो का निर्माण कराया गया। जिस कारण इन शौचालयो ने अपनी आयु सीमा से पहले ही अपना दम तोड़ दिया।

## एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** खीरी पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त रमेश वर्मा पुत्र रामपाल वर्मा नि0 मो0 शंकरगंज कस्बा व थाना बिसवां जिला सीतापुर वर्तमान पता मो0 शान्तिनगर थाना को0 सदर जिला खीरी को जिन्सी कस्बा खीरी से को समय करीब 14.00 बजे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## आज लखीमपुर में सहकारिता मंत्री, कल निघासन में आएंगे डिप्टी सीएम

**लखीमपुर खीरी।** शहर के सरस्वती पैलेस में गुरुवार यानी आज आयोजित होने वाले भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपी एस राठौर बतौर मुख्य अतिथ शामिल होंगे। वहीं 19 अप्रैल को निघासन में आयोजित होने वाले सम्मेलन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शिरकत करेंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी ने बताया कि गुरुवार को शहर के सरस्वती पैलेस में 142 विधानसभा सदर का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपी एस राठौर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री लोकसभा खीरी के प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी भी शामिल होंगे। सम्मेलन में बूथ अध्यक्ष, सभी मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकारिणी मंडल, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी आदि के साथ जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, पन्ना लाल अग्रवाल, मुदित अग्रवाल, राजू अग्रवाल, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे निघासन के ऊषा इवेंट गार्डेन में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन होगा, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्त प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या मौजूद रहेंगे। इसके अलावा विधान सभा प्रभारी अरविंद गुप्ता, विधान सभा संयोजक दयाशंकर मौर्य, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, लोकसभा प्रभारी अचिक मेहरोत्रा, संयोजक विनीत मनार, जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, मंडल अध्यक्षत्र देवेंद्र चतुर्वेदी, कनक पाल सिंह राना, जयप्रकाश, दामोदर मौर्य संगम लाल मिश्र, विनोध लोधी आदि लोग भी शामिल रहेंगे।

## किसानों को एमएसपी, ऋण माफी की गारंटी, तो दूर गन्ना मूल्य भुगतान भी समय से नहीं

सहारनपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की भाजपा सरकार औद्योगिक घरानों का 16 लाख करोड़ का कर्ज और ब्याज तो माफ कर सकती है, लेकिन किसानों को एमएसपी, ऋण माफी की गारंटी तो दूर उनके गन्ने का भुगतान भी सही समय पर नहीं करती है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके विरूद्ध कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है, जिसमें आमजन का सहयोग जरूरी है। आज रोड शो के दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा पुल कम्बोहान पर जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने सत्य का मार्ग का अनुसरण करते हुए तप से मां दुर्गा की शक्ति को प्राप्त किया और इस ऐतिहासिक रोड शो के दौरान कंम्बोह के पुल के पास उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रामनवमी महापर्व की बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम ने सत्य के मार्ग का अनुसरण करते हुए तप से मां दुर्गा की शक्ति को प्राप्त किया। उन्होंने रामायण की चौपाई 'रावण रथी विरथ रघुबीरा' का उच्चारण करते हुए कहा कि युद्ध में रथ, सत्ता, महल, सोने की लंका रावण के पास थी, लेकिन उसकी लड़ाई असत्य पर आधारित थी, इसलिए रावण को हार का सामना करना पड़ा, जबकि भगवान राम एक वनवासी की तरह बिना रथ और सत्ता के युद्ध लडे और इसलिए विजयी हुए क्योंकि भगवान राम ने युद्ध सत्य के लिए लड़ा। प्रियंका गांधी ने कहा कि हमारे पैगंबर और नबी ने भी हमें हमेशा सत्य के मार्ग का अनुसरण करने की जो सीख दी है, वही हमारे लिए आज भी धर्म है। प्रियंका गांधी ने महिलाओं, युवाओं और किसानों के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि मोदी जी की भाजपा सरकार औद्योगिक घरानों का 16 लाख करोड़ का कर्ज और ब्याज तो माफकर सकती है, लेकिन किसानों को एमएसपी, ऋण माफी की गारंटी तो दूर उनके गन्ने का भुगतान भी सही समय पर नहीं करती। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ने का दावा करने वाली मोदी सरकार पर उन्होंने भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए पूछा कि इलैक्टोरल बॉन्ड जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अवैधानिक घोषित किया, क्या मनी लॉन्ड्रिंग का एक जरिया नहीं है ? उन्होंने युवाओं के लिए 30 लाख रोजगार और महिलाओं की सुरक्षा व सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण, किसानों को एमएसपी आदि सहित कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटीयों का भी जिक्र किया।

## चुनाव में बाधा बनने वालों पर होगी कठोरतम कार्यवाही: प्रेक्षक

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्वक और सुगमता से कराने के दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक संकेत एस भोंडवे द्वारा पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र प्रसाद मीणा के साथ शाहजंहापुर पुलिस चौकी हरियाणा बार्डर पर स्वयं वाहन चेकिंग की गयी व लगभग एक लाख की नगदी जब्त की गयी। सामान्य प्रेक्षक ने मतदाताओं को अभयता प्रदान करने व आपराधिक तत्वों पर अभेद्य अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा केन्द्रीय पुलिस बल के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में यदि कोई बाधा बने तो कठोरतम कदम उठाए जाएं। उन्होने फोर्स डिप्लायमेंट प्लान व सभी पुलिस बलों के आंतरिक समन्वय पर बल दिया। पुलिस प्रेक्षक ने सीपीएमएफ के अधिकारियों की समीक्षा कर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके कार्यों की सर्वोच्चता एवं प्रतिबद्धता अग्रणी है। इसके साथ दिए गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन बेहतर होगा। इसके दृष्टिगत निरंतर अलर्ट रहें और विजिट करते रहें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के नम्बर आपको उपलब्ध करवाए गये है उनसे समन्वय स्थापित किया जा सकता है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. धर्मसिंह सैनी फिर भाजपा में हुए शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद सहारनपुर के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री डा.



धर्मसिंह सैनी आखिरकार एक बार फिर भाजपा में शामिल हो गए। आज भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया ने मेरठ में बागपत रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में डा. धर्म सिंह सैनी के भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। डा.धर्मसिंह सैनी के भाजपा में शामिल होने से पिछले काफी दिनों से चल रही ऊहापोह की स्थिति पर भी अब विराम लग गया है। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में पार्टी क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसौदिया ने पत्रकारों के समक्ष पूर्व मंत्री डा. धर्मसिंह की उनके समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसौदिया ने डॉ. धर्मसिंह सैनी का भाजपा में शामिल होने पर भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसौदिया ने कहा कि डा. धर्मसिंह सैनी की घर वापसी हो गई है। डा. धर्मसिंह सैनी सन् 2007 से 2012 तक बसपा सरकार और 2017 से 2022 तक भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ उन्होंने भाजपा से इस्तीफा दे दिया था और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। वह सहारनपुर जनपद की नकुड विधानसभा सीट से चार बार विधायक रहे हैं। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन, ऋतुराज समेत कई भाजपा नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। माना जा रहा है कि सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव से पहले भाजपा ने डा. धर्मसिंह सैनी को पार्टी में शामिल कर सपा को यह बड़ा झटका दिया है। सहारनपुर क्षेत्र में डा.धर्म सिंह सैनी की अच्छी पकड़ मानी जाती है। सैनी वोटों के कारण भाजपा में डा. धर्मसिंह सैनी की वापसी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले काफी लंबे समय से डा. धर्मसिंह सैनी के भाजपा में जाने की चर्चाएं चल रही थी, लेकिन किसी कारणवश भाजपा में उनकी एंट्री नहीं हो पा रही थी। डॉक्टर धर्मसिंह सैनी की भाजपा में वापसी होने पर उनके चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## ईवीएम की विश्वसनीयता पर उठाये सवाल

**सहारनपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि पारदर्शिता के साथ चुनाव कराए जाएं, तो भाजपा कभी भी 180 सीटों से अधिक सीटें नहीं जीत सकती।

आज रोड शो को बीच में ही रोकने से आहत प्रियंका गांधी ने पत्रकारों से की गई अनौपचारिक वार्ता के दौरान कहा कि यदि आज पारदर्शिता के साथ ईवीएम में बिना कोई गड़बड़ी के चुनाव करा लिए जाएं तो भाजपा 180 से अधिक सीटें नहीं जीत सकती। उन्होंने कहा कि आखिरकार भाजपा के पास ऐसा कौन सा ज्योतिष है जो उन्हें 400 पार का दावा कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह भाजपा का खेल है और निश्चित रूप से ईवीएम में गड़बड़ी की जा सकती है जिससे भाजपा 400 पार का नारा लगा रही है।

## भगवान श्रीराम की धूमधाम से निकाली शोभा यात्रा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** श्रीराम नवमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रे की रामनवमी पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका महानगर में जगह-जगह व्यापारियों ने स्वागत किया। आज श्रीरामलीला कमेटी भवन से शोभायात्रा आरम्भ हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा एक विशेष रथ पर विराजमान थी। उनके साथ श्रीराम नवमी महोत्सव समिति का बैनर लिए युवक चल रहे थे। शोभायात्रा में भगवान राम दरबार, भगवान शिव परिवार, गणपति बाबा व श्री हनुमान जी की एवं अन्य देवी-देवताओं की झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी थी। वहीं पंजाब का बैगपाइपर बैंड अपनी धुनों के माध्यम से सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। इसके अलावा महानगर के प्रमुख बैंड धार्मिक धुनों से वातावरण को भक्तिमय बनाए हुए थे और शोभायात्रा के अंत में भगवान श्रीराम की प्रतिमाएं एक विशेष रथ पर विराजमान थी जिसके सारथी का दायित्व लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अनुपम गुप्ता अपने पुत्रों के साथ निर्वहन कर रहे थे। शोभायात्रा गौशाला में गायों की पूजा-अर्चना के बाद रामलीला भवन परिसर से आरम्भ होकर भगतसिंह चौक, बाजार मोरगंज, चौक फव्वारा, नया बाजार, सर्राफा बाजार, हलवाई हट्टा, बाजार दीनानाथ, बड़तला यादगार से होते हुए पुनः श्रीरामलीला कमेटी भवन पहुंची जहां शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी राघव को जिताने के लिए रालोद ने किया जनसंपर्क



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने महानगर की विभिन्न कॉलोनियों में ताबड़तोड़ जनसंपर्क कर लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल के समर्थन में वोट मांगे। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह के नेतृत्व में शिव विहार, विजय कालोनी,मल्हीपुर रोड, आवास विकास, लेवर कालोनी, शांति नगर, वाल्मीकि बस्ती आदि कई मौहल्लों में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल के समर्थन में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता जयंत चौधरी के आदेश अनुसार राघव लखनपाल शर्मा को रिकॉर्ड मतों से जितवाना है और मतदान का प्रतिशत 80 से ऊपर होना चाहिए। कोई भी कार्यकर्ता 19 अप्रैल को बाहर नहीं जायेगा। माताओं, बहनों, बेटियों को बुजुर्गों को घरों से लाकर वोट डलवाने है। राघव लखनपाल शर्मा की जीत रालोद सुप्रीमों की जीत होगी। इस दौरान खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, मुकेश चौधरी, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, दीपक कुमार, सोनू मलिक,विजय तेवतिया, अंशुल तोमर, कमल सोनकर, अमित गुर्जर, विक्की राणा, दीपक, राजपूत आदि शामिल रहे।

# इमरान मसूद के समर्थन में काग्रेंस की राष्ट्रीय महासचिव प्रिंयका ने निकाला रोड शो

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने आज सपा-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान भारी जनसमूह ने उनका अभिवादन किया। आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी चिलकाना रोड स्थित गोल कोठी पहुंची, जहां वह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रोड शो में शामिल हुई। सुबह से ही गठबंधन कार्यकर्ताओं का जमावड़ा गोल कोठी पर लगा हुआ था और भारी संख्या में पुलिस व पीएसी बल तैनात था। जैसे ही प्रियंका गांधी गोल कोठी पहुंची, तो सेवादल कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नियमानुसार उनके सलामी दी। तदुपरांत वह गठबंधन उम्मीदवार इमरान मसूद के साथ विशेष वाहन में सवार होकर रोड शो के लिए



निकल पड़ी। जैसे-जैसे उनका काफिला आगे बढ़ता गया। वैसे-वैसे कार्यकर्ताओं एवं भीड़ का हुजूम बढ़ता चला गया। रोड शो गोल कोठी से आरम्भ होकर जैन बाग, वीरनगर, रायवाला चौक, पिलखन तला, रांघड़ों का पुल, बंजारों का पुल, रेंच का पुल होते हुए जैसे ही थाना कुतुबशेर चौक पर पहुंचा तो अम्बाला रोड पर दोनों तरफ कई किलोमीटर तक जाम लग गया। हालांकि उनका कार्यक्रम गुरूद्वारा में जाने का थ,ा लेकिन पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए वहीं रोक दिया। लगभग आधा घंटा की बहस के बाद आखिरकार प्रियंका गांधी को अपना रोड शो वहीं समाप्त करना पड़ा। उधर, प्रियंका गांधी को सिद्धपीठ मां शाकम्भरी देवी मंदिर में चल रहे नवरात्र मेले का हवाला देते हुए सिद्धपीठ जाने से भी रोक दिया गया। इसे लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में रोष दिखाई दिया। इस पर उन्होंने कहा कि यह शासन-प्रशसन की गुंडागर्दी है। रोड शो में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष विदित चौधरी, प्रदेश सचिव अशोक सैनी, जिलाध्यक्ष संदीप राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, लोकसभा कोऑर्डिनेटर कृष्णकांत शर्मा, लोकसभा कोऑर्डिनेटर डॉ संजीव शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता अनिल यादव, ओमकार, सपा विधायक शाहनवाज खान, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, पूर्व मंत्री शायान मसूद, वरिष्ठ नेता जावेद साबरी, देहात विधायक आशु मलिक, काजी शौकत हुसैन, सपा जिलाध्यक्ष चौधरी वाहिद हसन, सपा नेता टिंकू अरोड़ा, अब्दुल गफूर, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मनीष त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत निक्कू, कांग्रेस नेत्री श्रीमती सुखविंदर कौर, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा, इकराम खान, आरिफ मंसूरी, रवि कुमार, धर्मवीर जैन, अमरदीप जैन, सेवा दल जिलाध्यक्ष इमरान कुरेशी, अमित शर्मा, वीरसेन उपाध्याय आदि सहित भारी संख्या लोग शामिल रहे।

# जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं : केशव प्रसाद मौर्य

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस भगवान राम की विरोधी है। कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है।

उन्होंने जनता से अपील की कि, लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं। कहा कि यदि सपा के महासचिव अपने नेता को श्रीरामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये होते तो तो भगवान श्रीराम इनके सारे पाप और कलंक धो देते। उन्होंने कहा कि भगवान राम के मामले में जब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला कर दिया तो भूमिपूजन के समय के समय कांग्रेस और सपा के मुखिया चिल्लाने लगे कि देश में आग लग जाएगी। इनके दावे फेल हो गये और इसका देश में कोई फर्क नहीं पड़ा। इसके बाद राम मंदिर के उद्घाटन के समय भी इन सभी लोगों को बुलाया गया। लेकिन, बड़े ही दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि इनके पास 70 वर्षों के पाप और कलंक धोने का अच्छा मौका था। इन्होंने उसे भी ठुकरा दिया। कहा कि इन्होंने आस्था पर कुठाराघात करने का काम किया है। ये भगवान बालक राम के मंदिर में आजतक दर्शन को नहीं गये हैं और जब आज लाखों देशवासी पूरी श्रद्धा के साथ आज रामनवमी पर प्रभु के दर्शन को आये तो उन्हें सपा महासचिव राम गोपाल यादव ने ढोंगीं बताकर संपूर्ण सनातनियों को अपमानित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सपा के महासचिव राम गोपाल यादव अपनी पार्टी की लाईन ही बोल रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने राम भक्तों पर गोली चलवाई थी, अयोध्या की सड़कों को खून से लाल करने का काम किया था। इन्होंने राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाने का काम किया था। लेकिन 2014 से सनातनियों ने अपमान का बदला लेना सीख लिया है। अब भगवान बालक राम अपने भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हैं और सनातन को मानने वाली मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा करने का काम भी कर रही है। अबकी चुनावों में जनता फिर मोदी की के काम और नाम पर मोहर लगाने जा रही है।

## भाजपा सरकार में हर पेपर लीक हुआ

**मुरादाबाद।** बुधवार को तपती दोपहरी में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि यह भविष्य की पीढ़ी का चुनाव है। भाजपा 400 पार का नारा देकर संविधान बदलना चाहती है। अग्निवीर योजना से हरी वर्दी की नौकरी चार साल की कर दी। फिर भाजपा की सरकार बनी तो खाकी की नौकरी भी तीन साल रह जाएगी। बीजेपी पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में हर पेपर लीक हुआ है। इससे 60 लाख युवाओं का भविष्य अंधकार में डाला गया है। भाजपा व उसके सहयोगी दल चार सौ पार नहीं, चार सौ सीटें हारने जा रहे हैं। सपा मुखिया ने मुरादाबाद लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी रुचिवीरा के समर्थन में जनसभा में कहा कि भाजपा परिवार के खिलाफ है, तो संकल्प लें कि परिवार वालों को टिकट नहीं देगी और परिवार वालों से वोट नहीं मागेंगी। भाजपा 2014 में आई थी, 2024 में जाएगी। केंद्र के साथ उत्तर प्रदेश की सरकार भी जाएगी। उन्होंने नोटबंदी, दिल्ली के किसान आंदोलन, महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर भी सरकार पर हमला बोला।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से किया शशांक मणि का स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित होने के बाद लोकसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर सांसद प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी का कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह ढोल नगाड़ों तथा फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। मंगलवार को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद जब शशांक मणि त्रिपाठी बुधवार को गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचे तो वहां हजारों की संख्या में समर्थकों ने माटी का लाल करेगा कमाल का नारा लगाते हुए उन्हें कंधे पर उठा लिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शशांक मणि ने कहा कि आने वाले 45 दिन तक आप सभी कार्यकर्ता प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे पार्टी ने मुझे नहीं बल्कि आप सबको प्रत्याशी बनाया है मैं तो मुखौटा हूं उन्होंने कहा कि मोदी जी का नारा है 400 पार और देवरिया लोकसभा का नारा है 4 लाख पार । इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चौरी चौरा में भी स्वागत किया देवरिया जिले में प्रवेश करते ही शशांक मणि ने देवरिया की धरती को प्रणाम किया। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अगुवाई में हजारों कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रत्याशी शशांक मणि का स्वागत फूल मालाओं से किया जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि देवरिया को शीर्ष नेतृत्व ने योग्य प्रत्याशी दिया है हम सभी कार्यकर्ता इन्हें रिकॉर्ड मतों से जिताकर सदन में भेजेंगे उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल श्री प्रकाशमणि त्रिपाठी भी दो बार देवरिया के सांसद रहे हैं इनका स्वागत गौरी बाजार सिरजम बैतालपुर व औरा चौरी में किया गया इसके बाद भाजपा पार्टी कार्यालय पहुंच कर पंडित दीनदयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं को धन्यवाद प्रेषित किया सुभाष चौक पहुंचकर भी शशांक मणि ने नगर के कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया उन्होंने कहा कि प्रत्याशी मैं नहीं आप सब हैं। स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष कुशीनगर दुर्गेश राय एमएलसी डा रतनपाल सिंह सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया सज्जन मनी, राजेश मिश्रा, मकसूदन मिश्रा अजय शाही, कृष्णनाथ राय, महेंद्र यादव, विजय कुमार दुबे, निशि रंजन तिवारी, अजय उपाध्याय दिवाकर मणि, सत्य प्रकाश पांडे, रमेश वर्मा विजय पटेल, सुधीर मद्धेशिया, बृजेश मनी राहुल मणि, हेमंत मिश्रा, राजेश सिंह, आदित्य सिंह, दिनेश पांडे, सहित हजारों कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# मैस्कांट पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिक परीक्षा वितरण

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** मैस्कॉट पब्लिक स्कूल वार्षिक परीक्षा फल वितरण तथा बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीयऔर तृतीय आने बाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें सील्ड तथा प्रशस्ति पत्र दिया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में. नौशाद अंसारी (राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा रा. अंसारी एकता संगठन), दीपू त्रिपाठी (वरिष्ट नेता सपा), रामेंद्र त्रिपाठी (सदस्य जिला पंचायत), एड. गजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों में कार्यक्रम के शुभारंभ के पहले माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिसमें सबसे पहले छात्राओं ने सरस्वती बन्दना और स्वागत गीत गाकर कार्यक्रम को मुख्यधारा में ला दिया इसके बाद कक्षा P.G से 8th के छात्र / छात्राओं ने नाटक, भाषण एवं डांस का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें छात्रा जैनव फातिमा कक्षा 4th और आर्यन कोष्टा कक्षा 6th ने स्पीच दी। अतिथियों ने बच्चों के उनके रिजल्ट कार्ड और शील देकर उन्हें सम्मानित किया। जिसमे कक्षा P.G. से 8th में प्रथम स्थान पर अनस, अंजलि, अलफिया, अनमोल, हर्ष सिंह,देव सोनी, तृषा गुर्जर, ध्रुव कुमार, इशिका द्विवेदी, रेनू, दिलशान,अर्जन अंसारी, द्वितीय स्थान पर, अल्तमस, आयशा फातिमा, अनवी, शुभ गुप्ता,अर्सलान, दिव्यांशी गुर्जर, समर यादव, पलक प्रजापति, राघव, गोपालजी, अलि हसन, त्रतीय स्थान पर -प्रियल गौतम, अलीजा, देव, अरहान, आर्यन सिंह गौर, स्मृति, जैनव फातिमा, अभय कुशवाहा, दृश्या गुर्जर, आर्यन कोष्टा, अंजली कुशवाहा, सोहिल मंसूरी, वारिश आदि छात्र/ छात्राओं को समानित किया गया। अन्त में स्कूल प्रबंधक डा. ओसाफ अंसारी ने आये हुये सभी मेहमानों, अभिभावकों आभार प्रकट किया।

# जन्नतुल बक़ीअ का पुनर्निर्माण होगा, दुनिया की कोई ताकत इसे ज्यादा दिन तक रोक नहीं सकती: सैयद तक़वी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** 8 शव्वाल अंतरराष्ट्रीय शोक दिवस है। इस अवसर पर हर साल पूरे संसार में जगह जगह सऊदी हुकूमत के खिलाफ हजारों लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन में भाग लेकर आले सऊद शासन की नीतियों की निंदा की जाती रही है। मैं भी मलऊन के इस बेहूदा हरकत की निंदा करता हूं। जन्नतुल बक़ीअ कि तबाही अफ़सोसनाक है। बीती हुई सदी में 8 शव्वालुलमुकर्रम,1345 (April 21,) 1925 को आले सऊद ने बनी उमय्या व बनी अब्बास के क़दम से क़दम मिलाते हुए ख़ानदाने नबुव्वत व इसमत के लाल व गोहर की क़ब्रों को वीरान करके अपनी दुश्मनी का सबूत दिया जो सदियों से उसके सीनों में थी। आज आले मुहम्मद स.अ की क़ब्रों पर साया नहीं है जबकि उनके सदक़े में मिलने वाली नेमतों से ये यहूदी नुमा सऊदी अपने महलों में मज़े उड़ा रहे हैं। सऊदी हुकूमत का इस्लाम से दूर-दूर तक कोई ताल्लुक नहीं है यह बात साफ देखने में आती है सऊदी हुकूमत के द्वारा मॉल थिएटर इस तरीके की चीजों को खोलना इस बात की दलील है कि उनका इस्लाम से कोई दूर-दूर तक मतलब नहीं है। 1925 में इस्लामी कैलेंडर के शव्वाल महीने की 8 तारीख़ को मुसलमानों के दूसरे सबसे पवित्र शहर मदीने में पैग़म्बरे इस्लाम (स अ) की बेटी हज़रत फ़ातेमा ज़हरा(स अ) के पवित्र मज़ार समेत सहाबा और इस्लाम की कई विशिष्ट हस्तियों की क़ब्रों को ध्वस्त कर दिया गया था। सऊदी शासन और कट्टरपंथी वहाबी समुदाय द्वारा अंजाम दी गई इस्लाम विरोधी इस दुःखद घटना के बाद से दुनिया भर के मुसलमान विशेष रूप से शिया मुसलमान 8 शव्वाल को शोक दिवस के रूप में मनाते हैं और विरोध प्रदर्शनों का आयोजन करके आले सऊद शासन से हज़रत फ़ातेमा ज़हरा (स अ) के रौज़े के पुनर्निर्माण की मांग करते हैं। इसी सिलसिले में मौलाना यासूब अब्बास साहब की ओर से सऊदी अरब हुकूमत के विरोध में जनन्तुल बकी के कब्रिस्तान मदीने में रसूल-ए-इस्लाम की इकलौती बेटी जनाबे फातिमा और इमामों के रौजों को ध्वस्त किये जाने के विरोध में एक विशाल विरोध-प्रदर्शन शहीद स्मारक लखनऊ में किया गया मौलाना यासूब अब्बास हर साल अपने भाषण में कहते हैं कि इस्लाम धर्म किसी पर जबर्दस्ती अत्याचार नहीं करता, सऊदी अरब मुसलमानों पर जबर्दस्ती कर अपना दृष्टिकोण दूसरे मुसलमानों पर लादना चाहता है। मौलाना ने सऊदी अरब हुकूमत से मांग की थी कि या तो जन्नतुल बकीअ का निर्माण करायें या हमकों इजाजत दें, हम वहां जाकर पुनर्निमाण करें। आज एक बार फिर वही मांग दोहराई गई। यह विरोध प्रदर्शन जरूरी भी है। इससे पता चलता है कि क़ौम ज़िंदा है। मगर शायद सिर्फ एक दिन नहीं हर शहर में कुछ मख़्सूस जगह तलाश की जाये जहां हमेशा विरोध प्रकट करता हुआ बोर्ड लगा हो। और हर महीने की आठ तारीख को इस स्याह दिन को याद करके मजलिस का आयोजन किया जाये और प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री को ज्ञापन दिया जाये। लखनऊ के हर रौजों हर दरगाह पर जन्नतुल बकी की याद में होर्डिंग लगी होनी चाहिए जिससे कि पता चले हम सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि रोज जन्नतुल बकी की पुनर्निर्माण की मांग करते हैं हमारी यही मांग है कि सऊदी अरब में जारी बड़े पैमाने पर मानव एवं धार्मिक अधिकारों के हनन को तुरंत रोका जाए।

## मोहनलालगंज लोकसभा के सहप्रभारी बने कठिंगरा काकोरी के नवाब मोहम्मद अली



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अल्पसंख्यक अवध क्षेत्र ने जारी की अवध की 16 लोकसभा के लिए प्रभारी और सहप्रभारी की लिस्ट। इसी क्रम में मोहनलालगंज लोकसभा में मजहर अब्बास बनाए गए प्रभारी और कठिंगरा काकोरी के नवाब मोहम्मद अली सहप्रभारी बनाएं गए है। इन दोनो पर मुस्लिम क्षेत्र में बीजेपी के लिए अत्यधिक वोट गिराने की जिम्मेदारी रहेगी। लखनऊ की दोनो सीटें बीजेपी के पास है। लोकसभा सीट से बीजेपी के वरिष्ट नेता राजनाथ सिंह भारत सरकार में रक्षा मंत्री है और मोहनलालगंज सीट से कौशल किशोर भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री है। कौशल किशोर लगातर दो बार से सांसद है और तीसरी बार फिर से मैदान में है। नवाब मोहम्मद अली कठिंगरा ग्राम पंचायत के ज़मीनदार परिवार से आते है और आसपास के गावों में उनकी अच्छी पकड़ है। नवाब मोहम्मद अली मंत्री कौशल किशोर के करीबी माने जाते है । उनसे जब हमारी टीम ने बात की तो उन्होंने बताया की पार्टी ने जो उनको जिम्मेदारी दी है उसका वो अच्छे से निर्वाहन करेंगे और सांसद कौशल किशोर जी को अत्यधिक वोटो से विजय बनाने का काम करेंगे। मुस्लिम क्षेत्र में बीजेपी के हक़ में वोट गिरवाने का काम किया जाएगा। अबकीबार मोहनलालगंज में भारी मतों से जीत होगी ये तय है।

## क्राफ्ट कटिंग का डीएम में लिया जाएजा, कराई कटिंग



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह के निर्देशन में तहसील सदर परगना पहाड़ा के ग्राम ढिलावल में किसान विश्वनाथ के खेत गाटा संख्या 283/0.214 है0 में से 43.5 वर्ग मी में क्रॉप कटिंग की गई जिलाधिकारी द्वारा गेहूँ की कटाई कर क्रॉप कटिंग का शुभारंभ किया गया व महेंद्र सिंह आईएएस (प्रशिक्षु) एवं प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी आशीष भारद्वाज को क्रॉप कटिंग का प्रशिक्षण दिया गया एरिया में क्रॉप कटिंग के परिणाम स्वरूप 18.600 कि0ग्रा0 गेहूँ उत्पादित हुआ। इस मौके पर संबंधित अधिकारी व तहसील कर्मी मौजूद रहे।

### रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओं को जयंत चौधरी की भावुक अपील

# मेरी बात का वजन चाहते हो तो भाजपा को जिताओ

अवधनामा संवादददाता



- जयंत चौधरी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया
- सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह तैनात थी पुलिस

**लखनऊ।** भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर किसानों का सम्मान किया है। यदि मेरी बात का वजन चाहते हो तो भाजपा को जिताओ। ये बातें रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने कहीं। वे बुधवार को दोपहर बाद शामली में लाक पुलिस चौकी के पास से रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

चौधरी जयंत सिंह को हेलिकॉप्टर से दोपहर करीब एक बजे लाक पुलिस चौकी के निकट ब्रेन जॉन पब्लिक स्कूल में पहुंचना था। मगर मवाना में हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के कारण वह करीब पौने तीन बजे कार से लाक पुलिस चौकी के पास स्कूल में पहुंचे। वहीं, लाक पुलिस चौकी पहुंचने पर रालोद कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने लाक, बहावडी, हसनपुर आदि से रोड शो निकाला। वह रथ में सवार हुए। इस दौरान उन्होंने चौधरी चरण सिंह की तस्वीर हाथ में लेकर कार्यकर्ताओं से भावुक अपील की और कहा कि अगर मेरी बात का वजन रखना चाहते हो तो एक-एक वोट भाजपा के प्रत्याशियों को दे देना... जिससे कि मेरी बात का भी वजन रहे और जीत कर संसद में आपके मुद्दे उठा सके। जयंत चौधरी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया। इस के बाद चौधरी जयंत मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो गए। रोड शो में काफी संख्या में ट्रैक्टर और ट्रालियां शामिल रहीं। इस दौरान विधायक अशरफ अली, विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व विधायक राव वारिस, रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद अली, रालोद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन, एमएलसी मोहित बैनीवाल, क्षेत्रीय महासचिव डॉ. विक्रांत जावला, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, राजन जावला, विधायक राजपाल बालियान, अंशुमन आदि मौजूद रहे। रोड शो के दौरान मेरठ-शामली हाईवे पर भी करीब एक घंटे तक जा म लगा रहा। हालांकि, सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस तैनात थी। पुलिस ने किसी तरह जाम खुलवाया। रालोद के पदाधिकारियों का कहना है कि किसी कारणवश रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह मंगलवार को वीवीपीजी कॉलेज में सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा में नहीं पहुंच सके थे। जिस के कारण उन्होंने रोड शो किया और शामली और मुजफ्फरनगर के लोगों को साधाने की कोशिश की। रालोद के क्षेत्रीय महासचिव डॉ. विक्रांत जावला और युवा नेता राजन जावला ने चौधरी जयंत सिंह को स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा भेंट की। साथ ही जोरदार स्वागत भी किया गया।

# रोटरी क्लब नैनीताल एवं कुशीनगर ने किया इंटर डिस्ट्रिक्ट-क्लब मीटिंग



अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** दो अलग-अलग प्रांतों उत्तराखंड के रोटरी क्लब नैनीताल, डिस्ट्रिक्ट - 3110 एवं उत्तर प्रदेश के रोटरी क्लब कुशीनगर, डिस्ट्रिक्ट 3120 ने इंटर डिस्ट्रिक्ट-इंटर क्लब मीटिंग का आयोजन ब्रिटेनी कैफ़े, नैनीताल (उत्तराखंड) में किया। इस बैठक का उद्देश्य रोटरी सदस्यों के बीच आपसी मेलजोल एवं सामाजिक कार्यों में नए विचार, योजनाओं एवं उपलब्धि के विषय में चर्चा करना था। रोटरी क्लब नैनीताल के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार लाम्बा एवं रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने रोटरी फ्लैग का आदान- प्रदान किया। दोनों क्लबों ने अपने रोटरी द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब नैनीताल के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार लाम्बा, असिस्टेंट गवर्नर विक्रम स्याल, उपाध्यक्ष जोगिंदर शर्मा एवं रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन लाइन का खंभा टक्कर लगने से ट्रैक्टर पर गिरा, चालक सहित तीन घायल



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** ट्रैक्टर चालक ने 11 हजार विद्युत लाइन के खंभे में मारी टक्कर चालक सहित तीन व्यक्ति घायल। चालक गंभीर रूप से घायल होने पर लोहिया अस्पताल से परिजनों ने प्राइवेट अस्पताल में कराया भर्ती कराया गया। जनपद के थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव नीचे वाला चपरा जो कुछ हिस्सा गांव का जनपद शाहजहांपुर थाना मिर्जापुर में जुड़ा हुआ है चपरा निवासी चालक रविंद्र पुत्र ओमकार उम्र 27 वर्ष जो गेहूं की खदाई कर ट्रैक्टर ट्रॉली से अपने घर वापस आ रहा था खेत में लगे 11 हजार विद्युत लाइन में लापरवाही से टक्कर मार दी जिससे विद्युत पोल ट्रैक्टर पर आकर गिरा और चालक रविंद्र गंभीर रूप से झुलस गया। ट्रैक्टर पर सवार सूरज पुत्र सुनील उसको भी विद्युत के झटके लगे जिससे सवार भी घायत हो गया। रास्ते में खड़े नवल किशोर पुत्र दयाराम को विद्युत के झटके लगे। परिजनों ने आनन फानन में चालक रविंद्र को अपने निजी वाहन से जिला अस्पताल फर्रुखाबाद ले गए। परिजनों ने चालक रविंद्र की हालत गंभीर देख कर उसको प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**बदौसा अवधनामा संवाददाता।** गाजे बाजे के साथ रामभक्तों ने शोभा यात्रा निकाली। देवी भक्तों नें जवारा निकाल रामनवमी का पर्व धूम धाम के साथ मनाया। दोपहर बाद बदौसा कस्बा व ग्रामीण इलाके में रामनवमी का पर्व पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथा कस्बे में शोभा यात्रा निकाल कर मनाया गया। वहीं देवी भक्तों नें जवारा और सांगों का सानदार प्रदर्शन किया। देवी के उमांह और डीजे के धुन में गगन भेदी जय श्री राम के नारों के बीच सम्पन्न हुआ। शोभा यात्रा बांदा रोड़ भाई-भाई के ढाबा, स्टेशन रोड़, हड्हा रोड़, निजामीनगर से होते हुए रामजानकी मंदिर में संपन्न हुई। वहीं जवारा कस्बे में जगह जगह कर्तब दिखाते हुए देवालयों की आरतियां और जै लिए बालिकायें निकली और देर साम बगैन नदी में जवारों का विसर्जन किया गया।

## चैत्र नवमी के दिन श्रद्धालुओं ने की मातारानी की पूजा

**बिलगांव अवधनामा संवाददाता।** चैत्र नवरात्रि की नवमी के दिन श्रद्धालु भक्त मंदिरों में पहुंचकर विधि विधान के साथ जगत जननी मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चन किया। नवरात्रि के अंतिम दिन घरों से लेकर मंदिरों में कन्या भोज अनुष्ठान हवन पूजन जोरो के साथ चलता रहा। साथ ही अंतिम दिन माता के भक्तों द्वारा बोए गए जवारे गाजे-बाजे के साथ गांव की गलियारों में निकाले गए। जगह जगह भक्तों ने पूजा अर्चन किया। चैत्र नवरात्रि पूरे नौ दिनों तक श्रद्धा भक्ति के बीच मनाई गई। बुधवार को नवमी के दिन भोर पहर से श्रद्धालु भक्त मंदिरों में पहुंचकर मां सिद्धिदात्री की विधिवत तरीके से हवन पूजन किया अंतिम दिन जवारे गाजे-बाजे के साथ गांव की गलियारों निकाले गए जगह जगह श्रद्धालु भक्तों ने पूजा अर्चन किया।

# खंदक में युवक का शव देखकर गांव में मची हलचल, पुलिस को दी सूचना

अवधनामा संवाददाता



**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** गेहूं काटने जा रहे किसानो ने खंदक में युवक पड़ा देख क्षेत्र के किसानों में हलचल मच गई। किसानो ने थाना पुलिस को जानकारी दी। थाना क्षेत्र के गांव पंचम नगला के निकट सड़क हरसिंहपुर चौरा मार्ग के किनारे युवक मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। खेतों पर गेहूं की कटाई करने जा रहे किसानों ने देखा तो मौके पर कभी भीड़ उमड़ पड़ी। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा अमृतपुर थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी को दी गई। घटना की खबर सुनते ही थानाध्यक्ष अपने फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से जानकारी ली तो ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात युवक की बाइक खंदक में पड़ी हुई थी। पुलिस ने अज्ञात युवक की तलाशी ली। तो युवक के पास मोबाइल बरामद हुआ। जिससे युवक के परिजनों को जानकारी दी।

वहीं युवक का नाम आकाश पुत्र राम रतन निवासी गांव छिछोनापुर पट्टी थाना शमशाबाद से हुई। थाना अध्यक्ष ने पुलिस वाहन से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की ससुराल अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव गलारपुर मैकू पुत्र श्री कृष्ण के घर थी। मृतक के ससुराली जनों द्वारा जानकारी मिली कि बारात कर वापस घर जा रहे थे। मृतक की पत्नी रूबी का रो रो कर बुरा हाल है। थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद जो तथ्य सामने आएंगे और तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अयोध्या में रामनवमी का आयोजन रामभक्तों के लिए गौरव का दिन



**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को अमेठी में मंदिरों में पूजन अर्चन कर भारतवर्ष और विश्वभर के सभी सनातनियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन रामभक्तों के लिए गौरव का दिन है। कहा कि आज विश्वभर में राम भक्त देख पाए और अनुभूति कर पाए कि किस तरीके से सूर्यदेव ने रामलला के ललाट पर स्वयं तिलक किया। इस दृश्य को देखकर सभी रामभक्त विश्व भर में अभिभूत हुए हैं। भव्य राम मंदिर निर्मित हुआ तब भी विश्वभर में राम जी के नाम से यह एक गूंज उठी थी कि रामराज्य की स्थापना का संकेत है। आज सभी राम भक्तों के लिए यह गौरव का दिन है। जब रामलला ललाट पर स्वयं सूर्य देव से तिलक करवा रहे हैं।

# सोशल मीडिया ने चुनाव प्रचार सामग्री के बाजार को किया मंदा, 40 प्रतिशत पर सिमटा कारोबार

अवधनामा संवाददाता



- चालीस फीसदी ही रह गया कारोबार


**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा बढ़ा है। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार के लिए प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर पड़ा। प्रचार के लिए बाजार में झंडा, सीटी, बैनर और बिल्ला सहित अन्य प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घटी है। यदि चुनाव सामग्री के थोक कारोबारी की मानें तो इस बार अभी तक पूर्वांचल के आसपास के जिलों से मांग ही नहीं आ रही है। बस पांच वर्ष पहले की ही बात है। चुनाव कैसा भी हो, एक माह पूर्व से ही चुनाव प्रचार सामग्री के बाजार में उछाल आ जाता था। थोक कारोबारी झंडा, सिटी, बिल्ला, टोपी, टीशर्ट, महिलाओं के उपयोग के लिए पार्टी का चुनाव चिन्ह लगा बिंदी, चूड़ी सहित अन्य सामग्री का ऑर्डर दे देते थे। राजनीतिक दलों की ओर से भी पहले ही ऑर्डर मिला जाता था। प्रत्याशी अपनी फोटो के साथ पोस्टर छपवाने के लिए परेशान रहते थे। व्यापारी दिव्यांश गर्ग का कहना है कि यहीं पर पुश्तों से प्रचार सामग्री का व्यापार करने वाले अग्रवाल बंधु कहते है कि पहले उम्मीदवार प्रचार सामग्री पर बारह से पंद्रह लाख रुपये आराम से खर्च करता था, लेकिन अब इसका आधा भी खर्च नहीं कर रहा है। इस बार के चुनाव में प्रिंटिंग कारोबार पर मंदी छाई हुई है। इस लोकसभा चुनाव में डिजिटलीकृत प्रणाली ने चुनावी प्रचार पर अपना गहरा प्रभाव डाला है। इससे सियासी प्रचार के बदले चलन से प्रिंटिंग कारोबार चौपट हो गया है। चुनाव सामग्री का जीपीओ के पास व्यापार करने वाले रघुराज पाल का कहना है कि अब तक उन्हें एक भी आर्डर नहीं मिला है। जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में एक माह पहले से ही सामग्री का ऑर्डर मिल जाता था। यहीं पर चुनाव सामग्री बेचने वाले देव पूजा इंटरप्राइजेज के संचालक अनिल बताते है कि उनकी दुकान पच्चीस साल पुरानी है।

# सूर्य की किरणों ने किया श्रीरामलला का महामस्तकाभिषेक, हर्षित हुई अयोध्या

## अयोध्या में लगी क़रीब 150 एलईडी स्क्रीन पर भक्तों ने कार्यक्रम का देखा सजीव प्रसारण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली राम रामनवमी पर दिव्य-भव्य मंदिर में ऊपरी तल से भूतल तक दर्पण दर्पण घूमती टहलती दृश्यमान देवता दिवाकर की प्रतिनिधि किरणें आज मध्य दिवस में जैसे ही रामलला के ललाट पर सुशोभित हुईं, टकटकी लगाए हजारों हजार आंखें खुशी से छलछला उठीं। रोम रोम पुलकित हो उठा। मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं की अपरंपार भीड़ इस अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय पल को सहेजने में लगी थी। यही हाल बड़ी बड़ी एलईडी स्क्रीन और अपने घरों में टीवी के सामने बैठे लोगों का भी था। आज श्रीराम नवमी पर केवल जन्मभूमि मंदिर ही नहीं अपितु पूरी अयोध्या को बहुत ही सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया गया। ऐसा हो भी क्यों नहीं, आखिर पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद श्रीराम लला के अपने मूल स्थान पर विराजमान होने के बाद यह पहला जन्मोत्सव है। पहले तय हुआ था कि मंदिर की पूर्णता के





उपरांत सूर्य किरणों से महामस्तकाभिषेक की व्यवस्था की जाय, किंतु साधु-संतों का तर्क था कि जब श्रीराम लला विधि-विधान पूर्वक प्रतिष्ठित हो गये हैं तो सब कुछ विधिवत होना चाहिए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की हरी झंडी मिलने के बाद रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च संस्थान का वैज्ञानिक दल सूर्य तिलक को मूर्त रूप देने में जुट गया।

यह बहुत आसान नहीं था क्योंकि पृथ्वी की गति के हिसाब से सूरज की दिशा और कोण को समन्वित करके किरणों को उपकरणों के माध्यम से ऊपरी तल से राम लला के ललाट तक पहुंचाना था। अंततोगत्वा वैज्ञानिक सफल हुए और पूर्व निर्धारित समय पर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में सूर्य किरणें राम लला के ललाट तक पहुंची। इस दृश्य को देखकर श्रद्धालु बच्चों की तरह किलक उठे। बाल, वृद्ध, नारी सब एक ही भाव में थे। वैसे आज प्रातः मंगला आरती से ही अयोध्या में उत्सव का वातावरण था। मंगलवार से ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय समेत मंदिर व्यवस्था से जुड़े पदाधिकारी सारे काम की निगरानी कर रहे थे।

सूर्य की किरणों से दमके प्रभु रामलला

रामनवमी के अवसर पर राम लला को मंगल स्नान कराकर विशेष रूप से तैयार किए गए नये उत्सव वस्त्र धारण कराए गए। श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत खास इंतजाम किए गए थे। निर्धारित समय पर जन्म मुहूर्त में सूर्य किरणों से महामस्तकाभिषेक होते ही श्रद्धालु आह्लादित हो उठे। जयकारों के बीच आरती संपन्न हुई। बाहर आते लोगों को विशेष रूप से तैयार कराया गया धनिया की पंजीरी समेत अन्य प्रसाद बांटा गया। श्रीराम लला को भी छप्पन भोग लगाया गया। इन पकवानों को कारसेवकपुरम में ही शुद्धता के साथ तैयार कराया गया था। प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। बेहतरीन व्यवस्था के बीच सब कुछ कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ, क्योंकि मंदिर परिसर ही नहीं आज तो पूरा अयोध्या धाम भीड़ से भरा था। जगह जगह लगी एलईडी स्क्रीन पर भी बड़ी संख्या में लोगों ने सूर्य किरणों से महामस्तकाभिषेक समेत जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण देखा।

जन्मोत्सव के साथ ही जगह-जगह सोहर व बधाई गीत बजने शुरू हो गए

रामनवमी पर भगवान की भक्ति में लीन श्रद्धालु अपने आराध्य देव के जन्मोत्सव की प्रतीक्षा में पलक पावड़े बिछाए रहे। कनक भवन व श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित मंदिर सहित कई मठ मंदिरों में घंटा-घड़ियाल बजने लगा और जैसे ही भगवान का जन्म हुआ तो चारों तरफ केवल ÷भये प्रगट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी, हरषित महतारी, तनमुनहारी अद्भुत रूप बिचारी...÷ की ध्वनि से पूरी अयोध्या गुंजायमान हो उठी। जन्मोत्सव के साथ ही जगह-जगह सोहर व बधाई गीत बजने शुरू हो गए, श्रद्धालु भी ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते नजर आए। रामनवमी पर्व पर दूर-दराज से आए लाखों श्रद्धालुओं ने सबसे पहले पतित पावनी मां सरयू में स्नान किया और फिर अपने आराध्य देव भगवान राम के जन्मोत्सव की छटा देखने के लिए कनक भवन, श्रीराम जन्मभूमि परिसर सहित तमाम मठ-मंदिरों की चल पड़े।

पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंजताम किए गए। श्रद्धालुओं के अलावा साधु संत भी भगवान राम की भक्ति में लीन दिखे। अयोध्या के प्रमुख मठ-मंदिरों अशर्फी भवन, श्री राम बल्लभा कुंज, दशरथ महल और लक्ष्मण किला में भी धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया।

## भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में रामनवमी के पावन अवसर पर स्पार जियो इंन्फा प्रा. लि. एवं शिव नटराज सर्विसेस इंडिया प्रा लि. दिल्ली द्वारा चूड़ामणि, चौक अयोध्या में भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक तुषार गोयल ने बताया की मैनेजिंग डायरेक्टर सतीश राम कुमार गोयल के प्रेरणा से जगन्नाथ जी के प्रसाद का आयोजन किया गया उन्होंने बताया कि हमारी कंपनी अयोध्या में कई तरह के प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही है और हुनरमंदों को हुनर देने का कार्य करेगी। कवि दुर्गेश पांडेय ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं होती है जिससे वह केवल श्री रामलला के दर्शन और हनुमानगढ़ी के दर्शन ही करते हैं लेकिन हमारी कंपनी आए हुए श्रद्धालुओं के लिए मनोरंजन व उन्हें अन्य स्थानों का भी दर्शन कराएगी और उनके पौराणिक परिचय को भी बताएगी इस अवसर पर आये हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं हार्दिक अभिनन्दन किया गया।

## सांड से टकराई कार कई घायल

**अयोध्या।** थाना कोतवाली नगर के अंतर्गत लालबाग निवासी अमन तिवारी पुत्र अश्विनी कुमार तिवारी उर्फ लालू अपनी वाहन यूपी 42 ए पी 8881से किसी कार्य हेतु लखनऊ जा रहे थे कि रानी मऊ के पास सड़क पर अचानक सामने सांड आ गया और सांड से कार जा भिड़ी। इस हादसे में अश्विनी कुमार तिवारी मदनलाल अनामिका मौर्य तीनों लोग सवार थे तीनों लोगों काफी चोट आई और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई जिसकी प्राथमिक दर्ज कराई गई।

## चुनावी रैली को लेकर बसपा पदाधिकारियों की हुई बैठक

**गोसाईगंज- अयोध्या।** बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया सुश्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद की 26 अप्रैल को होने वाली शिव बाबा के मैदान में चुनावी रैली में गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता समर्थक शामिल होंगे रैली की सफलता के लिए बहुजन समाज पार्टी विकासखंड मया बाजार के कार्यकर्ताओं की एक बैठक बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर पुस्तकालय भीम नगर अंकारीपुर के सभागार में संपन्न हुआ बैठक की अध्यक्षता बहुजन समाज पार्टी अयोध्या मंडल के प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने किया संचालन गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम ने किया बैठक को संबोधित करते हुए विमल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर दमदारी के साथ चुनाव लड़ रही है बहुजन समाज पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में ऊभरेगी इसके लिए हमें युद्ध स्तर पर जनता के बीच में जाकर भारतीय जनता पार्टी एवं समाजवादी पार्टी के गलत नीतियों से जनता को सावधान करना होगा देश का छात्र नौजवान किसान बेरोजगार आज बहुजन समाज पार्टी को आशा भरी निगाहों से देख रहा है बैठक में बहुजन समाज पार्टी गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी राम भारत वर्मा रामसुभीत जितेंद्र पाल सुभाष मौर्य ग्राम प्रधान अमरकेश आजाद पूर्व ग्राम प्रधान विजयपाल रामप्रसाद बंशीधर अनिल कुमार मेवालाल गौतम शालिक राम मोतीलाल अनिल कुमार राम लखन झारखंड गौतम श्याम बहादुर चौधरी रंजीत कुमार पिंटू पप्पू कुमार राव पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय प्रकाश भारती मान बहादुर सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## डाक निरीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथों सीबीआई ने पकड़ा, गिरफ्तार

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** फरेन्दा में डाक निरीक्षक के पद पर कार्यरत आलोक चौधरी को मंगलवार को लखनऊ की सीबीआई टीम ने घूस लेते रंगे हाथों पकड़ कर गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरेंन्दा कस्बे में स्थित मिल गेट पर डाक विभाग में तैनात डाक निरीक्षक आलोक चौधरी द्वारा कर्मचारियों का तबादला कराने के नाम पर रिश्वत की मांग की गई थी जिसकी शिकायत लखनऊ की गई थी और इसी तरह के पूर्व में भी कई मामलों को लेकर लखनऊ से फरेंदा सीबीआई की टीम पहुंची। दों दिनों से सीबीआई की टीम द्वारा डेरा डाल कर जांच पड़ताल शुरू किया।सीबीआई की टीम जब फरेंदा में पहुंची तो हड़कंप मच गया।डाक निरीक्षक द्वारा एक कर्मचारी से बीस हजार रूपए रिश्वत लेते हुए सीबीआई की टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम के जांच पड़ताल के सवालों का जवाब डाक निरीक्षक द्वारा न दिए जाने और रुपए के साथ पकड़े जाने पर उन्हें अपने साथ सीबीआई की टीम लखनऊ रवाना हो गई। जिसके बाद फरेंदा में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## रैना ने मिस एंड मिसेज उत्तर प्रदेश अवार्ड में लहराया परचम




**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** हौसलों में यदि उड़ान हो तो कोई मंजिल दूर नही। इसका चरितार्थ कर दिया हैं रैना जयसवाल ने। रैना ने मिस एंड मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ एक्सीलेंस की विजेता बन कई लड़कियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हैं। रैना जयसवाल मूलरूप से मुजफ्फरपुर की रहने वाली हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद इन्होंने अपने सपने को पूरा करने में जुट गई। 2014 में मिस मुजफ्फरपुर का जब खिताब मिला तो हौसलें को मानों पंख लग गया। उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा और अपने हुनर से आगे बढ़ने की चाहत को मुकाम पर पहुंचाने में जुट गई। शादी के बाद जब प्रदेश के जनपद महराजगंज नया आशियाना बना तब भी व्यस्त रहते हुए उन्होंने चर्चित कार्यक्रम मिस एंड मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ एक्सीलेंस सीजन टू में उन्होंने फैशन आइकॉन का खिताब जीतकर लोगों को अचंभित कर दिया। यह वृहत कार्यक्रम आई फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था जिसका संचालन मसहूर टीवी अभिनेता अमन वर्मा ने किया था। रैना ने बताया कि महिला जागरूकता को इन कार्यक्रमों से काफी लाभ मिलता हैं। जिससे न सिर्फ महिलाएं अपने सपनों को पूरा कर सकती है बल्कि कई लड़कियों और महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनकर उनको नई राह दिखाती हैं। रैना की इस सफलता पर पिता कौशल कुमार और माता संगीता जयसवाल के साथ शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## सभासद ने शासन प्रशासन से फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों की मांग चीफ फायर ऑफिसर को सौंपा मांग पत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**गोशाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जायसवाल ने मुख्यमंत्री सहित मुख्य फायर अधिकारी अयोध्या को मांग पत्र भेजकर गोसाईगंज बिस0 मुख्यालय पर अग्निशमन केन्द्र की स्थापना एवं आगामी दिनो मे होने वाली आगजनी की घटना को रोकने के लिए गोसाईगंज कोतवाली मे फायर बिग्रेड की दो गाडिया खडी किये जाने की मांग की है।पत्र की छाया प्रति मंडलायुक्त व डीएम को भी भेजी गईं हैं!दिये गये पत्र मे श्रीमती जायसवाल नें दर्शाया है कि अबेडकरनगर सीमांत स्थित गोसाईगंज विस0 मुख्यालय पर बीते कई सालो से समाज सेवियो,प्रबुद्धजनो ने दर्जनो बार अग्निशमन केन्द्र स्थापना करने की मांग शासन प्रशासन से की,लेकिन उनकी यह मांग आज तक पूरी नही हो सकी।जब कि गोसाईगंज कस्बे मे



अग्निशमन केन्द्र न होने से आये दिन कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत शेरवा-घाट-महबूबगंज

अमसिन, लालपुर, टंडौली, बोधीपुर, अंकारीपुर सहित आसपास के दर्जनों गावो मे निवास करने वालो के घरो, दूकानो, खेत, खलिहानो मे आग लगने पर फायर बिग्रेड की गाडी पहुचने तक जहा हजारो/लाखो रूपये की संपत्ति पलक झपकते जलकर खाक हो जाती है,वही आग की बिभीषका पर काबू पाने के लिये लोगों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है।कभी-कभी तो स्थित यह होती है कि सब कुछ जलकर राख होने के उपरान्त घटना स्थल पर पहुंची दमकल की गाडी से उस पर सवार कर्मियों को आम नागरिकों की आक्रोश का सामना करना पड़ता है।एक दशक पूर्व गोसाईगंज वि0स0 सृजित होने पर लोगो को बिस0 मुख्यालय पर इस सुबिधा को मिलने की काफी आस भी जगी थी,लेकिन उनको निराशा ही हाथ लगी।जब कि समय-2 पर लोगो ने समाचार पत्रों के माध्यम से भी बिभाग का ध्यानाकर्षण कराया - लेकिन कोई राजनैतिक पकड न होने के कारण उनकी यह मांग आज तक पूरी नही हो सकी।श्री मती जायसवाल ने विस0 मुख्यालय पर अग्निशमन केन्द्र शीघ्रताशीघ्र स्थापित करने तथा आने वाले दिनों मे आग से होने वाले जनहानि को रोकने के लिए गोसाईगंज कोतवाली परिसर मे अबिलंब फायर ब्रिगेड की 2 वाहनों को खडी करने की मांग की है।जिससे कि आग लगने से होने वाली नुकसान से लोगो को बचाया जा सके।

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भाजपा ने लगाए सुविधा केन्द्र

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राम जन्मोत्सव पर अयोध्या आने वालें भक्तों की सुविधाओं के लिए भाजपा द्वारा प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केन्द्र लगाया गया है। सुविधा केन्द्र पर रामभक्तों के लिए शीतल जल, सूक्ष्म जल पान सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सुविधा केन्द्र के माध्यम से भक्तों की हर यथा सम्भव मदद की जा रही है। आने वाले भक्तों का रोली तिलक लगा कर स्वागत किया जा रहा है।

अयोध्या कैंट स्टेशन पर रीना द्विवेदी, उर्मिला सिंह, रूबी रावत, सोनाली गौड़, एकता भटनागर, पायल जायसवाल, उदया चौराहे पर अशोक द्विवेदी, तिलक राम मौर्य, रिकाबगंज बुद्धिपाल प्रजापति, अरुण सोनकर, रीडगंज में आशा गौड़, प्रतिमा शुक्ला, शशि रानी गुप्ता, दर्शन नगर में दिव्य प्रकाश तिवारी, अरविंद पांडे, वरुण चौधरी, चूड़ामणि चौराहा संजय गुप्ता, लक्ष्मण वर्मा, नाका मनोज जायसवाल, अभय सिंह, उसरू मनोज श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव ,निखिल श्रीवास्तव देवकाली अनीता सिंह, मनोज श्रीवास्तव, मंजू गुप्ता के नेतृत्व में सुविधा केन्द्र चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अयोध्या धाम व अयोध्या कैंट के सैकड़ों स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया।

इस दौरान अशोका द्विवेदी ने कहा कि रामलला के दर्शन को आने वाले सभी भक्त हमारे अतिथि हैं इनकी सुविधाओं का ध्यान सुविधा केन्द्र के माध्यम से रखा जा रहा है।आशा गौड़ ने कहा कि यहां आने वाला हर व्यक्ति सुखद अनुभव लेकर वापस लौटे यह हम सभी का प्रयास है। रीना द्विवेदी ने कहा कि सुविधा केन्द्र के माध्यम से हम सभी श्रद्धालुओं का बेहतर आतिथ्य भाव के साथ स्वागत कर रहें है।

## यूपीएससी की परीक्षा में दसवीं रैंक लाकर ऐश्वर्यम प्रजापति ने बढ़ाया जनपद का मान

*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत मैनहवा टोला मंझरिया निवासी कोमल प्रजापति के



घर यूपी पीएससी का परिणाम आते ही परिवार सहित

क्षेत्र के लोगों में खुशियों की लहर दौड़ गई। गांव की बेटी के यूपीएससी परीक्षा में दसवीं रैंक पाने की जानकारी होते ही लोग जगह-जगह एक दूसरे को मिठाई खिलाने व बधाई देने लगे। कोमल प्रजापति के घर आने वालों का तांता लग गया।कोमल प्रजापति के परिवार में शुरु से पढ़ाई को लेकर जागरूकता थी।

उनके पास तीन बेटियां हैं जिसमें ऐश्वर्यम सबसे बड़ी हैं। उनकी दूसरी बेटी भी इंजीनियर है।ऐश्वर्यम शुरू से काफी प्रतिभाशाली थी।वह इन्जिनियरिंग करने के बाद नौकरी करते हुए तैयारी करते हुए इस प्रतिष्ठित परीक्षा को पास की और अच्छा रैंक लाया। इनके पिता ने लखनऊ में प्राइवेट नौकरी करते हुए अपने बच्चों को पढ़ाया।ऐश्वर्यम की शिक्षा दीक्षा भी लखनऊ से ही हुई थी।

उनके इस सफलता पर पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह,ओम प्रकाश त्रिपाठी, रमेश सिंह,अक्षय लाल,राम अवध प्रजापति राजू जायसवाल, गुड्डू जायसवाल, प्रदीप पाण्डेय, मधुर सिंह सहित समस्त क्षेत्र वासियों ने बधाई देते हुए कहा कि वह कुशल आईएएस बनकर देश व समाज की सेवा करते हुए अपने क्षेत्र का नाम रौशन करेंगी।

## पेट्रोल पंप कर्मी वाहनों पर चस्पां करेंगे मतदाता जागरूकता स्टीकर

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने आज अपराह्न 12 बजे स्वास्तिक ट्रेडर्स पेट्रोल पंप पर आयोजित मतदाता जागरूकता स्टीकर अभियान का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के संयोजक पेट्रोल पंप के मालिक दीपक जैन ने मुख्य अतिथि जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ राकेश कुमार तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सुश्री श्वेता मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिला पूर्ति अधिकारी डॉ राकेश कुमार तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जनपद के सभी अधिकारी कर्मचारी और समाजसेवी मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करते हुए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, जिसका प्रभाव आगामी



20 मई को मतदान दिवस पर अवश्य दिखाई पड़ेगा।

इसके पश्चात जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने विभिन्न वाहनों पर प्रचार के लिए बनाए गए मतदाता जागरूकता स्टीकर का अनावरण करते हुए स्वयं एक दिव्यांग मतदाता के वाहन पर स्टीकर लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया तथा जनपद के लगभग 5 लाख रजिस्टर्ड वाहनों पर स्टीकर लगाने का सभी पेट्रोल पंप मालिकों से आवाहन किया।इसके बाद उपस्थित जन समूह को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई तथा प्रत्येक दशा में मतदान दिवस को पर्व के रूप में मनाने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम के संयोजक दीपक जैन द्वारा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट से आग्रह किया गया जिसमें सभी अधिकारियों ने एक स्लोगन के साथ अपने हस्ताक्षर किये। अन्त में समाज सेवी दीपक जैन ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया और जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की प्रशंसा की और मीडिया के प्रति भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सरदार भूपेंद्र सिंह, सुनील झुनझुनवाला, सरदार हरपाल सिंह, संजय जैन, आनन्द जैन, निहाल अग्रवाल, शुभ अग्रवाल सहित जनपद के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 7 वांछित गिरफ्तार, 36 के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस ने 07 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जबकि 36 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। थाना बदोसराय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त रामराज प्रजापति पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम दरिगापुर थाना बदोसराय को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 03 कि0ग्रा0 अवैध पोस्ता छिलका बरामद किया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा आज वांछित अभियुक्त आकाश यादव पुत्र स्व0 अजय यादव निवासी ग्राम कंचनपुर मटियारी थाना चिनहट जनपद लखनऊ को ढकौली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना मो0पुर खाला पुलिस टीम द्वारा आज वांछित अभियुक्त हरिकेश पुत्र रामनरेश निवासी तेलवाय थाना मो0पुर खाला को कुडीलवा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

## कहीं आपसी समझ का नतीजा तो नही नगर पालिका परिषद का नवाबगंज से बाराबंकी में परिवर्तन!

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** वर्तमान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष का एक फैसला भाजपा सपा की अंदरूनी मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। भले ही दोनों दलों की विचारधारा अलग हो, नेता एक दूसरे को बुरा भला कहते हों पर अगर यह कहा जाए कि फिलहाल इस पद पर न होते हुए भी निवर्तमान का ही एजेंडा भारी पड़ रहा हो तो गलत न होगा। यानी दोनों दलों या फिर अध्यक्ष में दूरी कहने भर की है वास्तव में हकीकत कुछ और ही है जो छिपे तौर पर आपसी सामंजस्य व सहयोग की कलई खोल रहा है।

बात हो रही है नगर पालिका परिषद नवाबगंज के अंतिम शब्द में बदलाव की। याद दिला दें कि पूर्व परिषद की पूर्व अध्यक्ष शशि श्रीवास्तव के पति व प्रतिनिधि रंजीत बहादुर ने अपने कार्यकाल में एलान किया कि वह नवाबगंज शब्द हटवाकर बाराबंकी का प्रयोग करवाएंगे, जिसका असर उनकी होर्डिंग्स में दिखा जहां नवाबगंज पर क्रॉस लगवा दिया गया, यह भी कहा कि वह बाराबंकी नगर निगम का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयासरत हैं। हालांकि उनकी यह मंशा अधूरी ही रह गई क्योंकि वह चुनाव हार गए और नया अध्यक्ष सपा के बैनर तले हुए। पूर्व अध्यक्ष भाजपा खेमे से रही यह सभी जानते हैं इस लिहाज से उनके इरादों पर धूल चढ़ जानी चाहिए थी पर ऐसा नही हुआ। वर्तमान अध्यक्ष शीला सिंह की उपस्थिति में बोर्ड की बैठक जो लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले हुई में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ जिसके अनुसार अब नगर पालिका परिषद बाराबंकी होगा न की नवाबगंज। गौर करने लायक बात यह है कि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के कुछ दिन बाद ही बोर्ड पर नाम भी बदल दिया गया।

अब जरा गौर करें कि नाम बदलने की मंशा भाजपा खेमे के अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जताई और उस मंशा को धरातल पर उतारने का काम सपा खेमे से अध्यक्ष के रहते हो गया। दोनों दलों के नेतृत्व से लेकर बूथ स्तर तक विचारधारा, उद्देश्य, सोंच और कथनी में भले ही जमीन आसमान का अंतर हो पर बाराबंकी में यह अंतर आपसी सामंजस्य व गलबहियां के रूप में जाना जाता है। वैसे भी पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि और वर्तमान अध्यक्ष के जेठ के रिश्तों के बारे में भला कौन नही जानता, वह चाहे व्यवसाय में साथ की ही बात क्यों न हो। नगर पालिका के बीते कुछ चुनाव किसे नही याद होंगे जब शतरंज की बिसात बिछा कर मतदाताओं को तितर बितर किया गया। खैर बात फिलहाल की है इसलिए यह कहना गलत न होगा कि भले ही परिषद अध्यक्ष सपा के खेमे से हो पर एजेंडा कहीं और से ही इस्तेमाल हो रहा। आमजन में इस बात की चर्चा भी जोरों पर है।

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन का कहना है कि इस फैसले से पूर्व अध्यक्ष से कोई लेना देना नही है। आखिर बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से फैसला हुआ है जिसमे सभी सदस्य भी शामिल हैं। इसलिए इसे गलत नही कहा जा सकता।**

**बोर्ड के ऐसे किसी प्रस्ताव की जानकारी से इंकार करते हुए सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज ने कहा कि परिषद अध्यक्ष को इस बदलाव का अधिकार है हालांकि नाम बदलने से ज्यादा शहर के विकास पर काम करना चाहिए।**

## इण्डिया गठबन्धन के घटक दलों ने दिखाई एकजुटता, प्रत्याशी जिताने की अपील

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** इण्डिया गठबन्धन देश में भाजपा की लगाई नफरत की आग को बुझाने का काम कर रहा है बाराबंकी संसदीय क्षेत्र का चुनाव तनुज जो मेरे अनुज है उनके लिये मेहनत से काम करने का चुनाव है ये चुनाव जनपद में स्व0 रामसेवक यादव, बाबू बेनी प्रसाद वर्मा, बाबू राम चन्दर बख्श सिंह की विरासत को आगे बढाने का चुनाव है।

उक्त बाते उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संसदीय क्षेत्र बाराबंकी के प्रदेश प्रभारी सैफ अली नकवी ने इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन मे इण्डिया गठबन्धन के घटक दलों की संयुक्त प्रेस वार्ता मे कही।

इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि यह चुनाव संसदीय क्षेत्र की जनता मजबूती के साथ लड़ रही है क्योंकि दस वर्षों की मोदी सरकार ने जनता को ठगने और छलने का काम किया है उनका जनता से किया हर वादा झूठा निकला है और आज उनका चुनावी घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है जिसमें नौजवान के रोजगार मंहगाई किसान के कर्जमाफी की कोई बात नहीं है।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद कहा कि जनपद बाराबंकी समाजवादियों का गढ़ है संसदीय क्षेत्र का एक-एक समाजवादी पार्टी का नेता सिपाही पूरी जिम्मेदारी से इण्डिया गठबन्धन प्रत्याशी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ है।

आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा विपक्ष को खत्म करने का प्रयास कर रही है लेकिन हम उसकी कभी किसी भी चाल से डरने वाले नहीं है।

शिव सेना उद्धव ठाकरे के गुट जिला प्रमुख मनोज विद्रोही ने कहा कि मोदी सरकार तानाशाही के राह पर चल रही है और जोड़ तोड़ करके जनता की चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम कर रही है।

## विशाल यज्ञ, पूजा अर्चना और भंडारे का आयोजन किया गया



अवधनामा संवाददाता

**बांसी।** राम नवमी के अवसर पर बुधवार को सियरापार साईं मंदिर परिसर में विशाल यज्ञ, पूजा अर्चना, भंडारे का आयोजन किया गया। तत्पश्चात शाम को शोभायात्रा निकाल गया। हवन में बड़ी संख्या में स्त्री, पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जगह-जगह भक्तों ने साईं बाबा की मूर्ति पर पुष्पमाला अर्पित कर जुलूस में शामिल साईं बाबा मंदिर समिति प्रमुखों का साफा बांधकर स्वागत व सम्मान भी किया। नगर में भी शिर्डी के साईं बाबा के अनेक भक्त मंडल ने वर्षो पूर्व नगर में समाजसेवी संजय तिवारी की देखरेख में साईं मंदिर का निर्माण किया। राम नवमी सहित सभी प्रमुख त्योहारों पर यहां पूजा और आरती होती हैं, जिसमे पूरा नगर भक्ति भाव से शामिल होता है। हवन के पश्चात सियरापार से साईं बाबा की विशाल शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। श्रद्धा से झूमते भक्तों का आजाद चौक तिराहे से होते हुए मंगल बाजार से डा आब्दी तिराहे से होते हुये रोडवेज पिट्रोल पंप तिराहे से सियरापार के लिये जुलूस वापस सियरापार साईं मन्दिर पहुंचा। रामनवमी के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार की शाम भगवान राम व राममन्दिर की शोभायात्रा नगर के सभी प्रमुख सड़को व मोहल्लो मे निकाला गया ।जिसमे विष्णू जायसवाल सोनू, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, सन्तोष गुप्ता, अंगद वर्मा, प्रमोद कुमार हिन्दू सहित काफी संख्या मे श्रद्धालु शामिल हुए।

## समाजवादी पार्टी को मुसलमानो से दूरी बनाना चुनाव में कहीं पड़ न जाये भारी

मिन्नतुल्लाह/दानिश मेंहदी



**अम्बेडकरनगर।** मुसलमानों को पार्टी कही जाने वाली समाजवादी पार्टी ने इस लोकसभा चुनाव में अभी तक पूरे पूर्वांचल में अफ़ज़ाल अंसारी के अलावा किसी और सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी नही दिया है यहाँ तक की मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में भी गैर मुस्लिम प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया है जिसकी चर्चा जनपद की चाय पान की दुकानों और चौराहों पर हो रही है इसके साथ ही अम्बेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र में भी मुस्लिम समाज खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है यहाँ पर टाण्डा विधानसभा में इससे पहले विधानसभा चुनाव में जहाँ समाजवादी पार्टी की तरफ से लोग मुस्लिम प्रत्याशी की आस लगाए हुए थे वही ऐन वक्त पर समाजवादी पार्टी ने राममूर्ति वर्मा को टिकट देकर टाण्डा विधानसभा से प्रत्याशी घोषित कर दिया और लोगो ने उनको जिताकर विधानसभा भेजा और अब लोकसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी ने पूर्व कैबनेट मंत्री कद्दावर नेता लाल जी वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है जो सर्व समाज को अपने साथ जोड़ने में लगे हुए है लेकिन उनकी पार्टी द्वारा मुस्लिम समाज की उपेक्षा किये जाने की चर्चा पूरे टाण्डा नगर क्षेत्र की चाय पान की दुकानों पर हो रही है। टाण्डा नगर क्षेत्र में चर्चा है की अभी कुछ दिन पहले ईद का त्यौहार गुजरा है और वहाँ पर समाजवादी पार्टी का कोई टेन्ट नही लगा था जबकि इससे पहले जबतक पूर्व विधायक अजीमुलहक पहलवान जिन्दा थे प्रत्येक वर्ष ईदगाह पर टेन्ट लगाकर पानी पीने का इंतेजाम करते थे लेकिन जहाँ इस वर्ष समाजवादी पार्टी द्वारा ईदगाह पर कोई इन्तेजाम नही किया गया था वही 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के जन्मदिन के मौके पर टाण्डा नगर के जुबेर चौराहे पर समाजवादी पार्टी द्वारा भव्य पण्डाल लगाकर खाने पीने का इन्तेजाम किया गया था जिसकी चर्चा नगर में जोर शोर से हो रही है। इसे में सवाल यह उठता है की क्या समाजवादी पार्टी द्वारा जान बूझ कर एक समुदाय से दूरी बनाई जा रही है ।क्योंकि समाजवादी पार्टी को ऐसा लगता है की मुस्लिम समाज भाजपा की डर से उसको छोड़ नही सकता और उसकी चाहे जितनी उपेक्षा की जाये वह समाजवादी पार्टी के ही साथ रहेगा ऐसी चर्चा पूरे टाण्डा नगर की चाय पान की दुकानों पर हो रही है।

## कौशल किशोर के करीबी मज़हर अब्बास बनाए गए मोहनलालगंज लोकसभा के प्रभारी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ महानगर में दो सीटें लोकसभा की है। दोनो सीटें बीजेपी के पास है और दोनो सीटों से भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री भी है। लखनऊ लोकसभा सीट से बीजेपी के वरिष्ट नेता राजनाथ सिंह केंद्र में रक्षा मंत्री है और मोहनलालगंज सीट से कौशल किशोर केंद्रीय राज्य मंत्री है इसीलिए ये दोनो सीटें खास है। मोहनलालगंज सीट से पिछले दो बार से लगातर कौशल किशोर सांसद हो रहे है।

मोहनलालगंज में कई क्षेत्र ऐसे है जहा मुस्लिम वोटर ज़्यादा है इसीलिए बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा से सांसद कौशल किशोर ने आपने करीबी मज़हर अब्बास को मोहनलालगंज लोकसभा सीट का प्रभारी बनवाया है। इसी लोकसभा से कठिंगरा काकोरी के नवाब मोहम्मद अली सहप्रभारी नियुक्त हुए है। पिछली बार भी मज़हर अब्बास प्रभारी रहें है। अल्पसंख्यक अवध क्षेत्र ने अवध की 16 लोकसभा सीटों के लिए आपने मोर्चे के पदाधिकारियों को प्रभारी बनाया है। इसी क्रम में मोहनलालगंज लोकसभा के लिए मज़हर अब्बास प्रभारी और नवाब मोहम्मद अली को सहप्रभारी नियुक्त किया है। मज़हर अब्बास एक अच्छे रणनीतिकार है और काकोरी में मुस्लिम वोटबैंक पर अच्छी पकड़ है। वही हमारी टीम से बातचीत में मजहर अब्बास ने बताया की मुस्लिम बीजेपी से जुड़ना चाहता है और वो इसपर काम करेंगे और कौशल किशोर जी को मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से अधिक से अधिक वोट दिलाना का काम करेंगे।

## डीएम ने नालियों की सफाई न होने पर एडीओ पंचायत से स्पष्टीकरण तलब

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉक्टर बीके सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में अभियान के तहत अभी तक किये गए कार्यो की समीक्षा की गई, समीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र में नालियो की सफाई कम पाई गई, कमालगंज, राजेपुर में नालियों की स्थिति खराब पाई गई, ए डी ओ पंचायत कमालगंज व मोहम्दाबाद से स्पष्टीकरण तलब किया गया,बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले के जो भी अधिकारी व कर्मचारी जिस जगह पर तैनात है वही पर निवास करे, ऐसा न करने पर अप्रैल माह का वेतन रोक दिया जाएगा , सी डी ओ को सभी कर्मचारी तैनाती स्थल पर निवास कर रहे है इसका प्रमाणपत्र देने के निर्देश दिये गये , यूनिसेफ ने बताया कि एन्टी लार्वा ट्रीटमेंट फर्रूखाबाद में कम हुआ है ई ओ नगर पालिका को कार्य मे तेजी लाने के निर्देश,बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दीनी जलसा शनिवार को, तैयारी को लेकर हुई बैठक

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बर्डपुर ब्लॉक के नोनहवां गाँव में बीस अप्रैल को आयोजित होने वाले दीनी जलसे के लिए बुधवार को इंतज़ामिया कमेटी की एक बैठक जामा मस्जिद नोनहवां में आयोजित की गई। नोनहवां मदरसे के मौलाना मोहम्मद इमरान बरकाती की सदारत में शनिवार बीस अप्रैल को होने वाले जलसे तहफ़्फ़ुज ए नामूस कांफ्रेंस में किछौछा शरीफ़ से पीर ए तरीक़त हज़रत मौलाना सैय्यद अजमल हुसैन साहब, मकराना राजस्थान से मुफ़्ती मोहम्मद शम्सुद्दीन साहब, मध्यप्रदेश से मुफ़्ती बख्तियार अली साहब और बराँव शरीफ़ से मौलाना इश्तियाक़ अहमद क़ादरी, मौलाना निज़ामुद्दीन, क़ारी मुजीबुल्लाह फ़ैज़ी, शायर ए इस्लाम ज़िया यज़दानी, सहित नामवर उलेमा ए कराम अपनी इस्लामी और इस्लाही तकरीरें पेश करेंगे। हुसैनी कमेटी नोनहवां के पदाधिकारियों के मुताबिक़ जलसे में आने वाले सामईन के लिए खाने का इंतेज़ाम रहेगा। जलसे में सिर्फ दीनी, तालीमी और समाजी तकरीरें ही पेश की जाएंगी। आयोजन समिति ने आसपास के लोगों से जलसे में शिरकत करने की अपील की है।

## कमरे के अंदर लटकता मिला किशोरी का शव

**बांसी अवधनामा संवाददाता।** खेसरहा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी कुर्थिया क्षेत्र के पूरनजोत गाँव में कमरे के अंदर किशोरी के शव को किशोरी की बड़ी बहन द्वारा खेत से वापस आने के बाद बुधवार सुबह लगभग पांच बजे देखा गया। परिजनों के अनुसार गाँव के हरिप्रसाद गुप्ता परिवार सहित बुधवार सुबह तीन बजे ही खेत में गेंहू की कटाई करने गए थे। हरिप्रसाद की 16 वर्षीय छोटी लड़की शीला घर के बरामदे में सोई थी। खेत से सुबह पांच बजे घर वापसी पर बड़ी लडकी ज्ञानमती ने कमरे के अंदर छत की कुंडी में बंधी साड़ी के सहारे बहन के शरीर को लटका देख घर वालों को सूचित किया । सुबह का समय था, घटना की जानकारी तनिक देर में पूरे गाँव में फैल गई। जिसने जहां सुना वहीं से देखने चला आया। मृतका चार बहन व एक भाई में सबसे छोटी थी। अचानक हुई इस घटना से हर कोई आवाक है। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी राकेश कुमार व प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। फारेंसिक टीम के साथ पहुंचे क्षेत्राधिकारी बांसी सतीश चन्द्र पाण्डेय ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। उक्त बावत प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि लडकी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी पंचनामा आदि आवश्यक विधिक कार्यवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

## पूरे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी



**भाटपाररानी अवधनामा संवाददाता।** भाटपाररानी में रामनवमी को लेकर भगवान राम की भव्य आरती के बाद पूरे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा में नगर के हजारों राम भक्त शामिल थे। जिससे पूरा नगर राममय हो गया। इस दौरान पूरा शहर जय श्री राम के नारों से गूंजने लगा। इस शोभायात्रा में रामायण से भगवान राम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हुए झांकियां निकाली गई। सांसद रविन्दर कुशवाहा के द्वारा भगवान राम की आरती की गई। उसके बाद शोभा यात्रा शहर के लिए निकली। इस दौरान सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि अयोध्या में भगराम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। यह एक विशेष रामनवमी है। यह हिंदुओं की आस्था का पुनर्जागरण का यह रामनवमी है। इसलिए यह नजारा आपको दिख रहा है। उक्त अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीशचन्द्र तिवारी, जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, सत्यप्रकाश सिंह, अजय दूबे वत्स, संतोष पटेल, रवि कुशवाहा सहित हजारो श्रद्धालु शामिल हुए।

## कृष्ण सुदामा और परीक्षित मोक्ष कथा का प्रसंग सुनाया

अवधनामा संवाददाता



**सतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा की अमृत वर्षा के सातवें दिन सुदामा चरित्र परिक्षित मोक्ष आदि कथाओं का किया गया वर्णन**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** कैथवलिया रेहरा में आयोजित सतचण्डी महायज्ञ एंव श्री मद भागवत कथा की अमृत वर्षा के सातवें दिन कथा व्यास स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री महराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते।

गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसी के साथ कथा का विराम हो गया। इसके उपरांत यज्ञ की पूर्णाहुति, हवन पूजन व सामूहिक भोज प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बिष्णु शरण शास्त्री, अश्वनी, पं शिवांश, पं अभिषेक शास्त्री, पं आदेश शास्त्री, पं विनीत, पं रमेश, शिवप्रसाद निषाद, अनीता, दिवाकर, तारे, सुनील, प्रदीप, देवा, गरूण, राजेश, प्रिंसी, रामबहाल, बलराम, सूरज, रमेश निषाद, सरदीप आदि उपस्थित रहे।

## डॉ अरविन्द शुक्ला बने यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** इंडियन यूथ कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ अरविन्द शुक्ला के कर्मठता, संघर्षों व संगठन को जिले में शसक्त बनाने के लिए अथक कार्य किये जाने पर इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव विनीत कम्बोज व राष्ट्रीय सचिव एजाज चौधरी ने इंडियन यूथ कांग्रेस का प्रदेश सचिव बनाया है। राष्ट्रीय सचिव ऐजाज चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया है कि डॉ अरविन्द शुक्ला की अगुवाई में यूथ कांग्रेस ने पहले भी बहुत ही अच्छा काम किया है और आगे भी नित नई ऊंचाई छुएगा। डॉ अरविन्द शुक्ला के साथ ही आशुतोष मिश्र को भी प्रदेश सचिव बनाया गया है। श्री शुक्ल को प्रदेश सचिव बनाये जाने पर इंडियन यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह व पूर्व अध्यक्ष कनिष्क पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप ठकुराई और आलोक मल्ल तथा जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं व आम जन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## गोलीकांड में पुलिस के हत्या चढ़ा एक और आरोपी



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** काकोरी के तेज किशन खेड़ा गांव में बीते दिनों में हुए गोलीकांड में पुलिस ने एक और 10 हजार के इनामियां हमलावर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी ज्ञानेंद्र कुमार लोधी उर्फ ज्ञानी के पास से वारदात की घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया एक 315 बोर का तमंचा एक जिंदा कारतूस सहित एक खोखा कारतूस का बरामद कर लिया गया है। काकोरी थाना प्रभारी नवाब अहमद ने बताया कि उनके भाई ज्ञानी ने पंचायत का चुनाव लडा था वहीं दूसरी तरफ अनंत राम यादव के भाई रामपाल यादव चुनाव मैदान में थे, तो वहीं रामपाल को पूर्व ब्लाक प्रमुख राम विलास रावत उनका सपोर्ट कर रहे थे, जिसकी वजह से रामपाल चुनाव जीत गए और ज्ञानी हार गया। इस वजह से तब से ये लोग राम विलास से चुनावी रंजिश हो गई। वहीं भाजपा नेता शुभम उर्फ मोनू के साथ मिलकर सभी लोगों ने साजिश रची और वारदात में शामिल होकर तेजकिशन खेड़ा गांव में तिलक समारोह में ताबड़तोड़ फायरिंग की।उसी मामले में फरार चल रहे हमलावर ज्ञानेंद्र कुमार लोधी उर्फ ज्ञानी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर डम्मर खेड़ा मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में पुलिस अभी अन्य हमलवारों में अखिलेश रावत तथा श्रीकृष्ण की पुलिस अभी तलाश कर रही है।

## 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट का संचालन के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जिस तरह स्वास्थ्य मंत्रालय के तरफ आम जनमानस के बेहतर स्वास्थ्य के लिए डायल 102 और डायल 108 नंबर जारी कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही हैं उसी तर्ज पर पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशु चिकित्सा पशुपालक के द्वार के उद्देश्य से डायल 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट का संचालन सरकार द्वारा किया गया। जिसका लाभ लेते हुए जलालपुर मछली गाँव जहानिया निवासी के इंदू सिंह ने बताया की मेरी गाय को काफी तेज बुखार था जिसके कारण बीमार हो गई थी।


मौसम को देखते हुए गाय को पशुचिकित्सालय ले जाना मुश्किल था। तभी मैंने सरकार द्वारा पशुओं के इलाज के लिए चलाई गई डायल 1962 पर फोन कर सूचना दिया तो सूचना के 10 मिनट बाद पहुंची डायल 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट की टीम मेरे घर पहुंच गई और मेरे गाय का इलाज किया वर्तमान समय स्वस्थ है।

वही बीते 25 मार्च को ग्राम जफरपुर अग्नि कांड में झुलसे में अनिल शर्मा के गाय आग में झुलस गई उसका भी उपचार करने के लिए मोबाइल बैटरी यूनिट की टीम घर पहुंच कर इलाज किया। इस मौके पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट की टीम में शामिल पशुधन प्रसार अधिकारी मुन्ना लाल सोनकर चिकित्सक डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई यह योजना लोगों को घर बैठे ही उपलब्ध हो रही है यह किसी भी मौसम में पशुओं के इलाज के लिए रामबाण साबित हो रहा है। पशुपालक सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक अपनी बीमार पशु की इलाज के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर डायल कर पशु चिकित्सा का लाभ अपने घर पर ले सकते हैं।

## छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

**उरई (जालौन)।** हरिश्चंद्र कान्वेंट स्कूल में पुरस्कार वितरण व वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामेंद्र सिंह सेंगर पूर्व जिला अध्यक्ष भा जा पा,व विशिष्ट अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा मौजूद रहे, मां सरस्वती देवी के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे रंगोली, स्पोर्ट डे, कक्षा आदि में अग्रणी रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कक्षा पीजी में बंसिका, कक्षा एल के जी में निधि, बी के जी में रिद्धिमा, रिद्धिमान, आदविक, कक्षा 1 में नित्य प्रताप सिंह, कक्षा 2 में निवेदिता सेंगर, कक्षा 3 में रुद्र सेंगर ,कक्षा 4 में सार्थक शिवहरे ,कक्षा 5 में हर्ष वर्मा, कक्षा 6 में हैदर हसन कक्षा 7 में अजय राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस समारोह में नगर के कुछ गणमान्य लोग भी उपस्थित हुऐ जिसमे भूपेंद्र सिंह लोना, वीर सिंह मास्टर राज सेंगर, सरबर मेंबर, ओम जी प्रधान, बलभद्र प्रधान, आदि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के डायरेक्टर अजय प्रताप सिंह, अखंड प्रताप सिंह ने सभी आगंतुको का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन प्रतीक याज्ञिक ने किया।

## हाथी बाबा मन्दिर में सुन्दरकाण्ड



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मन्दिर में महंत सीताराम दास के सानिध्य में तथा राजेन्द्र पाण्डे, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, संजय तलवार, कृष्ण कुमार तिवारी, ज्योतिषाचार्य आनंद दुबे, हिमाशु मित्तल, अंशू मित्तल, शिशिर गुप्ता की मौजुदगी में रामनवमी उत्सव मनाया गया। जोग लगन ग्रह बार तिथि सकल भये अनुकूल। चर अरू अचर हर्षजुत राम जनम सुखमूल* के उच्चरण के साथ ही श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। बाद में शाम को सीतापुर के भजन गायक हिमांशु मिश्रा टीम ने संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया।

## न्यायालय सूचना

न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सिद्धार्थ नगर अपील संख्या 756 आदेश दिनांक 1 अक्टूबर 2007, उक्त अपील अब्दुल माबूद द्वारा चकबंदी अधिकारी वाद संख्या 86+87 पारित आदेश दिनांक 04.04.1997. के विरुद्ध दफा 5 कानून के लाभ सहित इस आधार पर योजित है कि विपक्षियो ने दिनांक 10 जून 1996 का एक फ़र्ज़ी पारिवारिक समझौता गवाह तूफ़ेल व अब्दुल कलाम तैयार करवाया, जो हम वादी द्वारा नही लिखा गया है और नाही हम वादी ने उस पर अपने हस्ताक्षर बनाए हैं। आदेश चकबंदी अधिकारी दिनांक 4 अप्रैल 1997 निरस्त किया जाता है चक संख्या 44/66 ग्राम मैनहा व चक संख्या 62/21 ग्राम बंजाराहंवा अब्दुल माबूद पुत्र मोहम्मद जलील का नाम बदस्तूर दर्ज हो।

**न्यायालय**
**बंदोबस्त अधिकारी**
**चकबंदी, सिद्धार्थनगर**

## लोकतंत्र के महापर्व मे भारी संख्या में मतदाता अपने मतधिकार का प्रयोग करें : प्रो. परेश

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** चुनाव का पर्व, देश का गर्व, अभियान के तहत बाबा बरुआ दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय परुइया आश्रम, अंबेडकरनगर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के दूसरे दिन गायन, निबंध लेखन, रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्रतियोगियों को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है।

हमें इस महापर्व में अपनी भूमिका को पहचानना होगा, यह भूमिका होगी-मतदान की। हमें न केवल स्वयं मतदान करना है वरन् अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए औरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के कुल 30 टीम ने प्रतिभाग किया। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में अभिनव पटेल प्रथम, शिखा यादव द्वितीय, शिवानी तृतीय तथा शिक्षा द्विवेदी चतुर्थ स्थान पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में शिखा यादव, दिव्या पाण्डेय, श्रेया मिश्रा एवं प्रतिभा की टीम ने प्रथम स्थान, महिमा, अंजलि, चांदनी द्विवेदी तथा काजल की टीम ने द्वितीय स्थान, शिवानी , शिवांगी , गोल्डी तथा रोशनी की टीम ने तृतीय स्थान तथा निर्मला, पल्लवी यादव, रागिनी तथा शीतल की टीम ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में डाली मिश्रा प्रथम स्थान, पल्लवी यादव द्वितीय स्थान, शिवांगी तृतीय स्थान तथा अभिनव पटेल चतुर्थ स्थान पर रहे।

गायन प्रतियोगिता में डाली मिश्रा ने प्रथम स्थान, अंजलि वर्मा ने द्वितीय स्थान तथा शिवांगी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपप्राचार्य प्रो. पवन कुमार गुप्त ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी स्वस्थ प्रतिस्पर्धाएं विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. अराधिका, डॉ. अंजू कुमारी तेवतिया, डॉ. गुंजन सिंह, डॉ. सुधीर कुमार पाण्डेय, डॉ. राजित राम यादव, डॉ. प्रतिमा मौर्य, डॉ. अमरनाथ जायसवाल, डॉ. सत्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. वीरेंद्र कुमार, रितेश मोदनवाल, दीप्ति पटेल, साजिदा सिद्दीकी, ज्ञानेंद्र कुमार, आलोक यादव एवं डॉ. शंभू नाथ प्रजापति आदि प्राध्यापकों की महती भूमिका रही तथा अतुल चौधरी, आशीष शर्मा एवं अनिल केशरी का सक्रिय सहयोग रहा।

## रामनवमी पर्व पर नवसंवतसर समिति ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन जन्म दिवस चैत्र शुक्ल नवमी तिथि को नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति टांडा के तत्वावधान में प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप की भव्य झांकी श्री रामलीला मंच चौक से धूमधाम के साथ सुसज्जित रथ पर शोभा यात्रा के रूप में निकाली गई ।शोभा यात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सरदार त्रिलोक सिंह ,संतोष कुमार अग्रवाल , संजीव जायसवाल, महामंत्री दिनेश नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार साहू, दीपक केडिया आदि कर रहे थे। शोभायात्रा श्री गुरुद्वारा सिंह सभा के सम्मुख होते हुए श्री झारखंड महादेव मंदिर छज्जापुर पहुंची जहां पर जयपाल मौर्य, श्रवण कुमार अग्रवाल ,अरुण अग्रवाल आदि ने पुष्प वर्षा और आरती के साथ स्वागत किया। श्री नवदुर्गा मंदिर फत्तू पट्टी के पास रिंकू तथा मीरापुर में घिसियावन मौर्य, रमेश चंद्रगुप्त, मनोज कुमार ,वंदना गुप्ता, दिनेश मौर्य आदि ने शोभायात्रा का स्वागत किया। श्री नागेश्वर नाथ मंदिर चौक के सम्मुख पहुंचने पर कृष्ण कुमार सोनी, आनंद बिंदी शंकर गुप्ता, सतीश वर्मा, रघुनाथ प्रसाद मोदी आदि ने पूजन अर्चन के बाद प्रसाद वितरण किया। आगे विनय अग्रहरि, मनोज सहगल आदि ने पूजन और आरती किया। मीरानपुरा में सुनील सिंह, गोविन्द सिंह, प्रमोद सिंह, प्रतिभा सिंह, वैशाली सिंह ,आनंदी साहू अपर्णा, स्वाति, अनुष्का, अंशिका, सत्यम, दिव्यांशु आदि ने पुष्प वर्षा और आरती करके स्वागत किया। विवेक चंद्रा, राम अचल गौड़ आदि ने प्रसाद वितरण किया। सब्जी मंडी, कपड़ा मंडी, श्री मठिया माता मंदिर मंदिर होते हुए शोभायात्रा पुलिस बूथ चौक के सम्मुख पहुंची जहां पर पंडित राकेश मिश्रा ,अनिरुद्ध अग्रवाल बजरंगी लाल सोनी, सलिल अग्रवाल आदि द्वारा तैयार किए गए सुसज्जित हवन कुण्ड में भव्य हवन सम्पन्न हुआ। आरती संयोजक मनोज कुमार सोनी, राजेश कुमार सिंह, दिनेश कश्यप, अनिल सिंह आदि के नेतृत्व में भव्य आरती की गई धीरज श्रीवास्तव द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल ने नव संवत्सर स्वागत समारोह के आयोजनों में सहयोग के लिए नगर वासियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सुरक्षा बलों और सभी सहयोगियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## इजरायल-ईरान युद्ध

कहावत है कि पूरा विश्व ही एक कुटुम्ब जैसा है। यह दौर शांति, स्थिरता और सहयोग का है, लिहाजा युद्ध की गुंजाइश नगण्य है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध ने तमाम मान्यताओं को झुठला दिया है। बेशक विश्व-युद्ध न छिड़ा हो, लेकिन आसार हररोज वैसे ही बनते रहे हैं। जिस तरह दुनिया की ताकतें विभाजित रही हैं, उसके मद्देनजर यह विश्व-युद्ध का ही एक रूप है। यह युद्ध जारी है, लेकिन बीते 6 माह के दौरान इजरायल और हमास की हुकूमत वाली गाजा पट्टी में लगभग नरसंहार जारी रहा है। करीब 35,000 मासूम लोगों की हत्या कर दी गई। असंख्य घायलों के कुचले-मसले चेहरे बेहद पीड़ादायक हैं और हवाई हमलों ने जो विध्वंस किए हैं, न जाने उनका पुनर्निर्माण कब होगा? हालांकि सतही तौर पर युद्ध-विराम कराया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठकों में नरसंहार पर विराम लगाने के प्रस्ताव पारित किए गए हैं, लेकिन इजरायल अपनी बेलगाम आक्रामकता से बाज नहीं आता और संघर्ष-विराम पर वह अपनी मनमर्जी के फैसले लेता रहा है। चूंकि इजरायल-हमास युद्ध के दौरान ईरान, यमन, लेबनान, कतर आदि देश फलस्तीनियों के घोर समर्थक रहे थे, लिहाजा अब ऐसी नौबत आ गई है कि इजरायल और ईरान के दरमियान युद्ध जैसा तनाव उभर आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान कभी भी इजरायल पर हमला बोल सकता है। यह तनाव इतना बढ़ गया है कि एक ही दिन में अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को तुर्किये, चीन, सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों से बातचीत करनी पड़ी। यह समझाने की कोशिश की जा रही है कि मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, तो वह किसी के हित में नहीं होगा। अमरीका ने ईरान को सचेत किया है कि वह हमला न करे।

ईरान के साथ अमरीका का तनाव काफी पुराना है, जाहिर है कि ईरान अमरीका के परामर्श को भाव न दे। दरअसल सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया गया था। हालांकि इजरायल ने उन आरोपों को खारिज किया था। उस हमले में 'इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' के वरिष्ठ सदस्य मारे गए थे, लिहाजा ईरान पर दबाव रहा है कि वह अपने जांबाजों की मौत का बदला ले। यदि ईरान बदला लेता है, तो अरब दुनिया में एक नया युद्ध छिड़ जाएगा। यदि युद्ध का विस्तार होता है, तो भारत के 1.1 लाख करोड़ रुपए के कारोबार पर संकट छा सकता है। ईरान के साथ भारत का 20,800 करोड़ रुपए का कारोबार है। भारत चाय, कॉफी और चीनी ईरान को निर्यात करता है। ईरान से हमने पेट्रोलियम कोक, नट्स और एसाइक्लिक एल्कोहल समेत अन्य चीजों का करीब 5500 करोड़ रुपए का आयात किया। ईरान की चाबहार बंदरगाह और उससे लगे चाबहार स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन में भी भारत साझेदार है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में इजरायल के साथ भारत ने करीब 89,000 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। इसमें से करीब 70,000 करोड़ रुपए का निर्यात शामिल था। कारोबार के अलावा, इजरायली सरकार ने घोषणा की थी कि मजदूरों की कमी से निपटने और निर्माण उद्योग की सहायता के लिए 6000 से अधिक भारतीय श्रमिक अप्रैल-मई में इजरायल आएंगे। युद्ध के आसार बनने के कारण भारत सरकार को परामर्श जारी करना पड़ा है कि भारतीय ईरान और इजरायल की यात्रा न करें। ईरान में करीब 4000 भारतीय रहते हैं और इजरायल में 18,500 के करीब प्रवासी भारतीय बसे हुए हैं। असमंजस के इन हालात में भारत सरकार क्या करेगी? युद्ध की आशंका के कारण कच्चा तेल 85 डॉलर से महंगा होकर 90 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। नीदरलैंड ने तेहरान में अपना दूतावास बंद कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ से लंदन जाने वाली उड़ानों का रूट बदल दिया है। भारत ने भी ईरान हवाई क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों के रास्ते बदल दिए हैं। हालात युद्ध जैसे बन चुके हैं। हमास और हिजबुल्ला सरीखे निर्मम, खूंख्वार आतंकी संगठनों के पक्ष में ईरान की भूमिका को सराहा नहीं जा सकता। इजरायल और उसके पक्ष में अमरीका की जंगी तैयारियों की भी प्रशंसा नहीं की जा सकती। कारोबार और आपूर्तियां बाधित होंगी, तो यह नया युद्ध भी निंदनीय है।

## नौनिहालों की प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता ही देश का उज्जवल भविष्य


संजीव ठाकुर

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता हैद्य राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता हैद्य स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था। जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे। वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल हैद्य इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया हैद्य वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता हैद्य आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैंद्य यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


वर्तमान में राजनीति धन अर्जित करने का सबसे सरल और सुरक्षित साधन है। हमारे देश के ज्यादातर नेताओं का कोई राजनीतिक सिद्धांत नहीं है और सिद्धांत विहीन राजनेता ही अपनी सुविधा के अनुसार दल बदलते रहते हैं। यह भी कटु सत्य है कि आज बहुत सारे नेता जन सेवा के बहाने तरह-तरह के कारोबार में लिप्त हैं। ऐसा भी नहीं है कि उनके सारे व्यापार नियमानुकूल और साफ-सुथरे हैं। अवैध-धंधों और नियम-विरुद्ध काम करने के लिए कई नेता कुख्यात हैं। वे कानून की पकड़ से बचने के लिए हर समय सत्ता पक्ष में रहना चाहते हैं।

# दल बदल की बढ़ती प्रवृत्ति से घटती राजनीति की साख


राजेश माहेश्वरी

दल बदल भारतीय राजनीति का मानो एक रिवाज सा बन गया है। इस बार भी आम चुनावों के समय नेताओं का एक दल छोड़कर दूसरे दल में जाने का खेल जारी है। वैसे हर बार चुनावों के इस दौर में 'आयाराम-गयाराम' के खेल में कभी कोई एक पार्टी बाजी मारती है तो कभी कोई दूसरी पार्टी। चुनावों में आचार संहिता के चलते कई प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, लेकिन राजनीति में दल-बदल का दौर चुनावों के दौर में ही सबसे ज्यादा होता है। सत्ता का स्वाद ही ऐसा होता है कि कोई भी राजनीतिक दल इससे अछूता नहीं रहता। इसीलिए आजकल दल-बदलने का दौर खूब हो रहा है। यह बात दूसरी है कि ज्यादातर नेताओं में भाजपा का दामन थामने की होड़ मची है।

दल-बदल की प्रवृत्ति राजनीतिक चकाचैंध के वर्तमान माहौल में पिछले तीन दशक से काफी तेजी से बढ़ती आई है। दल बदलुओं को अपना मंच देकर राजनीतिक दल आम आदमी के मन में निराशा पैदा करते हैं। ईमानदार, अच्छी सोच वाले दूरदर्शी नेता लुप्त होते जा रहे हैं। सभी सेलिब्रिटी आखिर सत्ता की तरफ ही क्यों भागते हैं? पूर्व न्यायाधीश हों, पूर्व अधिकारी अथवा अभिनेता और खिलाड़ी वे राजनीति में आएं इससे कोई इनकार नहीं करेगा। अगर भाजपा की विचारधारा विजेंदर या उन जैसे लोगों को अच्छी लगती है तो सवाल यह भी है कि पिछले पांच साल तक वे कांग्रेस में क्यों रहे?

ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या ऐसा करके राजनीतिक दल और उनके नेता हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल मंत्र और चुनाव-व्यवस्था और संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड़ नहीं करते? राजनीतिक दलों और नेताओं को लगता है कि कोई फर्क ही नहीं पड़ता। इसमें वे कुछ गलत, अनैतिक देखते ही नहीं एक दिन पहले भाजपा पर निशाना साधने वाले मुक्केबाज विजेंदर ने कांग्रेस से नाता तोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। महज चौबीस घंटे में विजेंदर का दिल क्यों बदल गया, इसका जवाब तो उनको ही देना चाहिए था, लेकिन घर वापसी और अपने दल में दम घुटने का बहाना ही नेताओं के पास रहने लगा है।

ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं है जो गत वर्ष के अंत में हुए विधानसभा चुनावों में एक पार्टी के चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार थे तो अब दूसरी पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर मैदान में उतरते दिख रहे हैं। ऐसे नेता फिर किसी नई पार्टी में नहीं जाएंगे इसकी क्या गारंटी है? अच्छे लोग राजनीति में यदि सिर्फ पद पाने के लिए ही आए तो उसे क्या माना जाए? ऐसी जानी-मानी हस्तियां भी हैं जो आज यहां और कल वहां के उदाहरण पेश कर चुकी हैं। ऐसी सेलिब्रिटी को पार्टी में शामिल होते ही टिकट से पुरस्कृत कर दिया जाता है। राजनीतिक दलों को इस बात पर विचार तो करना ही चाहिए कि आखिर कौन, किस इरादे से पार्टी में आ रहा है। आखिर इसे क्यों उचित माना जाता



है? यह उचित इसलिए नहीं है कि दल विशिष्ट राजनीतिक विचारधारा के आधार पर बनते हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां पर सरकारें चुनावों के माध्यम से चुनी जाती हैं। सत्ता हासिल करने के लिए नेता दल बदलने में देर नहीं लगाते हैं। बिना सिद्धांत के दूसरी पार्टी में ऐसे जम जाते हैं, जैसे वे शुरू से इसी पार्टी में हों। नेताओं का लक्ष्य सिर्फ सत्ता प्राप्ति है। उनके लिए न तो कोई लोकमत का महत्व है, न ही जनतंत्र का।

उनके न कोई मूल्य हैं और न ही सिद्धांत। वे सत्ता की चाह में साम, दाम, दंड, भेद सब अपनाते हैं। नेताओं को चुनाव के लिए टिकट का न मिलना दलबदल का प्रमुख कारण है। जब किसी दल के किसी सदस्य को या उसके साथी को पार्टी टिकट नहीं मिलता है, तो वह उस दल को छोड़ देता है। नेता अपने स्वार्थ के लिए दल बदलते है। उन्हें सत्ता की ताकत और पैसों की चमक ऐसा करने के लिए प्रेरित करती है। जिनको सच में समाज या देश की सेवा करनी होती है, वे दलबदल पर ध्यान नहीं देते। इस हमाम में सब नंगे हैं। साम, दाम, दंड, भेद से सत्ता हथियाने की इच्छा से कोई दल अछूता नहीं है। वर्तमान में राजनीति धन अर्जित करने का सबसे सरल और सुरक्षित साधन है। हमारे देश के ज्यादातर नेताओं का कोई राजनीतिक सिद्धांत नहीं है और सिद्धांत विहीन राजनेता ही अपनी सुविधा के अनुसार दल बदलते रहते हैं। यह भी कटु सत्य है कि आज बहुत सारे नेता जन सेवा के बहाने तरह-तरह के कारोबार में लिप्त हैं। ऐसा भी नहीं है कि उनके सारे व्यापार नियमानुकूल और साफ-सुथरे हैं। अवैध-धंधों और नियम-विरुद्ध काम करने के लिए कई नेता कुख्यात हैं। वे कानून की पकड़ से बचने के लिए हर समय सत्ता पक्ष में रहना चाहते हैं।

इसलिए जो दल सत्ता में आए, उसके साथ हो जाते हैं। देश में लगातार दल बदल की घटनाओं के साथ नेताओं के व्यक्तिगत हित की चर्चा भी व्यापक तौर पर होती हैं असर विभिन्न स्तर के चुनाव में वोटिंग परसेंटेज में गिरावट के तौर देखा जा सकता है। निस्संदेह,यह घटनाक्रम भारतीय राजनीति में नैतिक मूल्यों के पराभव का चित्र भी उकेरता है। जो बताता है कि सत्ता में आने की बेचैनी जनप्रतिनिधियों को किसी भी हद तक ले जा सकती है। फार्म हाउसों और गेस्ट हाउसों में घेर कर ले जाये जाते विधायक इस दयनीय स्थिति को ही उजागर करते हैं। जो राजनीतिक पंडितों के लिये अध्ययन का विषय होना चाहिए कि विपक्ष में बैठने में विधायकों में बेचैनी क्यों होती है और वे स्वार्थों के लिये जनता के विश्वास से छल क्यों करते हैं। नेताओं के बीच दलबदल जितना सहज और सरल हो गया है, वोटर के लिए नेता उतना ही अविश्वसनीय होता जा रहा है. यद्यपि आजादी के बाद से ही नेताओं की छवि पर सवाल खडे होते रहे हैं. जन सेवा का भाव ही नेताओं के एजेंडे से गायब होता जा रहा है। किसी भी स्तर का चुनाव जीतने के बाद नेताओं के रहन-सहन में जो बदलाव लाता है,वह वोटर की निगाह से बच नहीं पाता. देश में लगातार दल बदल की घटनाओं के साथ नेताओं के व्यक्तिगत हित की चर्चा भी व्यापक तौर पर होती है. असर विभिन्न स्तर के चुनाव में वोटिंग परसेंटेज में गिरावट के तौर देखा जा सकता है। ऐसे ढेरों उदाहरण मौजूद हैं कि नामी-गिरामी लोगों ने राजनीति में प्रवेश किया, टिकट भी मिला और चुनाव जीते भी। उसके बाद जनता से जुड़ ही नहीं पाए और अगले चुनाव में इनका टिकट कट गया। देश में लंबे समय से चुनाव सुधारों पर चर्चा चल रही है लेकिन चर्चा इस पर भी होनी चाहिए कि टिकट किसे और क्यों दिया जाए? पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर चंद घंटों पहले पार्टी में शामिल होने वाले को टिकट देना कहां तक उचित है। दलों को विचार करना ही होगा कि राजनीति के मायने चुनाव जीतना भर ही है या फिर वे विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को मौका देकर राजनीति को स्वस्थ रखना चाहते हैं। वर्तमान में दलबदल कानून का प्रभाव न के बराबर है। इस कानून को हर बार टंगड़ी मार दी जाती है और शोर भी नहीं होता। इस कानून की खामियां भी कई बार सामने आती हैं, जिसे दूर किया जाना भी बहुत जरूरी है। यह कानून थोक दलबदल को मान्यता देता हैं, अयोग्यता का फैसला स्पीकर लेता है, जो काफी विवादास्पद है। दल बदल कानून में पुनः संशोधन होना चाहिए।

# भारत की बेमिसाल विरासत से दुनिया स्तंभित

विश्व विरासत दिवस सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को लाने में ही मदद नहीं करता बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी है। यह पर्यटन को प्रोत्साहन देने का सशक्त माध्यम है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। राजस्थान भारत का एक राज्य है जो विश्व विरासत का समृद्ध केन्द्र है, यह पर्यटन के लिए सबसे समृद्ध राज्य माना जाता है।


ललित गर्ग

मानव सभ्यता के इतिहास और विरासत को एक साथ सम्मान देने के लिए हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों को प्रोत्साहित करने, सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। दुनिया भर के लोग त्योहारों, परंपराओं और स्मारकों के माध्यम से अपनी संस्कृति और विरासत का जश्न मनाते हैं। इस दिवस को मनाते हुए यूनेस्को असाधारण मूल्य के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विकास के साथ जुड़े एक समृद्ध इतिहास को बढ़ावा देता है। पहला विश्व धरोहर दिवस ट्यूनीशिया में मनाया गया था। विश्व धरोहर दिवस की शुरुआत 1982 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स (आईसीओएमओएस) ने की थी। इसके बाद 1983 में इसे 'यूनेस्को' की मंजूरी मिली। 1983 के बाद से हर साल अलग-अलग थीम के साथ विश्व धरोहर दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। 2024 की आधिकारिक थीम ÷हमारे वैश्विक विरासत की रक्षा करना÷ है। यूनेस्को किसी स्मारक या स्थल को धरोहर घोषित करता है तो उसके बाद उस जगह का नाम विश्व में काफी मशहूर हो जाता है। जिससे वहां विदेशी पर्यटकों का आवागमन भी काफी बढ़ जाता है, जिसका लाभ सीधा देश की अर्थव्यवस्था एवं वहां के पर्यटन व्यवसाय को मिलता है। विश्व धरोहर घोषित होने के बाद उस जगह का खास ध्यान रखा जाता है और उसकी सुरक्षा भी बढ़ा दी जाती है। यदि ये स्मारक ऐसे देश में है, जिसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, तो यूनेस्को ही स्मारक की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाता है।

अंतरराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद और विश्व संरक्षण संघ ये दो संगठन है, जो इस बात का आकलन करते हैं कि स्थल विश्व धरोहर बनने लायक है या नहीं। साल में एक बार इस विषय के लिए समिति की बैठक होती है और फिर उन जगहों का चयन करती है, उसके बाद दोनों संगठन इसकी सिफारिश विश्व धरोहर समिति से करते हैं। फिर ये फैसला लिया जाता है कि उस जगह को विश्व धरोहर बनाना है या नहीं। विश्व विरासत दिवस की इसलिए अपने आप में एक वैश्विक महत्ता है, क्योंकि इसके जरिए दुनिया में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में सहूलियत मिल रही है। विश्व की विरासतें मानव को सतत रूप से प्रेरित करती हैं। सिर्फ किसी समाज की विरासत उसी समाज को प्रेरित नहीं करती बल्कि विश्व के दूसरे समाजों को भी विरासत अच्छी तरह से प्रेरित करती है। विरासत दिवस के चलते पर्यावरण और जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। विरासतें विभिन्न समुदायों के बीच रिश्तों को आत्मीय और सम्मानजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और मानवीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए महत्वपूर्ण आधार होती हैं। यही वजह है कि विश्व विरासत को दुनियाभर के

विश्व विरासत दिवस



मानव समाज के लिए महत्वपूर्ण माना गया है।

विश्व विरासत दिवस सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को लाने में ही मदद नहीं करता बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी है। यह पर्यटन को प्रोत्साहन देने का सशक्त माध्यम है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। राजस्थान भारत का एक राज्य है जो विश्व विरासत का समृद्ध केन्द्र है, यह पर्यटन के लिए सबसे समृद्ध राज्य माना जाता है। राजस्थान की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। यूं तो भारत के सभी राज्यों में समृद्ध विरासत देखने को मिलती है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। प्राकृतिक सुंदरता और महान इतिहास से संपन्न राजस्थान में पर्यटन उद्योग समृद्धिशाली है। राजस्थान देशीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों, दोनों के लिए एक सर्वाधिक आकर्षक पर्यटन स्थल है। भारत की सैर करने वाला हर तीसरा विदेशी सैलानी राजस्थान देखने ज़रूर आता है। जयपुर के महल, उदयपुर की झीलें और जोधपुर, बीकानेर तथा जैसलमेर के भव्य दुर्ग भारतीय और विदेशी सैलानियों के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक हैं। इन प्रसिद्ध विरासत स्थलों को देखने के लिए यहाँ हज़ारों पर्यटक आते हैं। जयपुर का हवामहल, जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर के धोरे काफी प्रसिद्ध हैं। जोधपुर का मेहरानगढ़ दुर्ग, सवाई माधोपुर का रणथम्भोर दुर्ग एवं चित्तौड़गढ़ दुर्ग काफी प्रसिद्ध है। यहाँ शेखावटी की कई पुरानी हवेलियाँ भी हैं जो वर्तमान में हैरीटेज होटलें बन चुकी हैं।

पर्यटन ने यहाँ आतिथ्य क्षेत्र में भी रोज़गार को बढ़ावा दिया है। यहाँ की मुख्य मिठाई 'घेवर' है। राजस्थान असंख्य पर्यटन अनुभवों, व्यंजनों और मोहक स्थलों का प्रांत है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। यह राजस्थान पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण समृद्ध विरासत का खजाना है। इस राजस्थान की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। देश-दुनिया में हमारे पूर्वजों ने विभिन्न शिल्प-कलाओं में जो शानदार कृतियां (स्मारक, ग्रंथ, मंदिर, किले, महल या मकबरे आदि के रूप में) उकेरीं, वो आज हम सभी के सामने महान सांस्कृतिक धरोहरों के रूप में मौजूद हैं। ये हमारे गौरवशाली अतीत की याद दिलाते हैं, साथ ही आर्थिक लाभ का जरिया भी बनते हैं।

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से केवल स्मारक एवं स्थल हीं नहीं, प्रभु श्रीराम जैसे महानायकों का जीवन भी दुनिया के लिये प्रेरणास्रोत रहा है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

# आत्मपॅम्फ्लेट- भारत की अपनी फॉरेस्ट गंप जो मराठी में बनी

फिल्म शुरुआत में ही यह घोषणा कर देती है कि यह एक प्रेम कहानी है जोकि एक सफेद झूठ है। दरअसल फिल्म की पटकथा हल्की-फुल्की और सहज है लेकिन यह हमारे समय का एक काला हास्य है जो जाति, धर्म और अन्य गंभीर सामाजिक मसलों को हास्य के माध्यम से बहुत ही संतुलित तरीके से पेश करती है और ऐसा करते समय वो बिलकुल निर्भीक और निडर है। फिल्म की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह दो अलग विषयों प्रेम और सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को बहुत ही खूबसूरती से एक साथ लेकर चलती है, ऐसा करते समय संतुलन और प्रवाह पूरी तरह से बना रहता है और किसी भी चीज को अनावश्यक रूप से खींचा नहीं जाता है।


जावेद अनीस

साल 2022 रिलीज हुयी आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा हॉलीवुड की कल्ट कलासिक फिल्म फॉरेस्ट गंप (1994) की आधिकारिक रिमेक थी, लेकिन इसमें रिमेक के दावे के अलावा फॉरेस्ट गंप जैसा कुछ भी नही था। यह एक डरी हुयी फिल्म थी जो गैर-विवादास्पद फिल्म बनने के दबाव में एक साधारण फिल्म बन कर रह गयी थी। वहीं 2023 में रिलीज हुयी मराठी फिल्म 'आत्मपॅम्फ्लेट' एक मौलिक फिल्म है जो बिना किसी महानता का दावा किये हमें लाल सिंह चड्ढा के डिजास्टर को भूल जाने का मौका देती है और अनजाने में ही सही खुद को फॉरेस्ट गंप के वास्तविक भारतीय संस्करण के रूप में पेश करती है। यह एक बहुत ही प्यार से बनायी गयी फिल्म है जो हमें प्यार, दोस्ती और मासूमियत का जश्न मनाने का मौका देती है। पिछले दिनों मराठी भाषा की इस ब्लैक कॉमेडी को अंग्रेजी उपशीर्षक के साथ ओटीटी प्लेटफार्म जी-5 पर रिलीज़ किया गया है।

**फिल्म की कहानी :** हमारे यहाँ बहुत कम ऐसी फिल्में है जो सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर बात करते समय उपदेशात्मक नहीं होती जबकि ऐसी फिल्मों की संख्या तो बहुत ही कम है जो ऐसे मसलों को व्यंग्यपूर्ण तरीके से डील करती हैं, आत्मपैम्फ़लेट उन्हीं चुनिन्दा फिल्मों में से एक है जो बच्चों के नजरिए से भारतीय समाज पर एक मजेदार टिप्पणी करती है। आत्मपॉम्प्लेट हाल के दिनों में सामाजिक-राजनीतिक विषय पर आई सबसे प्रभावशाली व्यंग्यात्मक फिल्मों में से एक है।

फिल्म का मुख्य किरदार महाराष्ट्र में दलित समुदाय एक किशोर लड़का आशीष बेडे है जिसे अपनी सहपाठी सृष्टि से प्यार हो जाता है जो ब्राह्मण समुदाय से है। इसमें उसके दोस्त जो अलग-अलग जाति और समुदायों (मुस्लिम, मराठा, ब्राह्मण और कुनबी) से हैं आशीष की मदद करते हैं। यह 80- 90 के दशक और उसके बाद के वर्षो का वो दौर है जब भारत अपने राष्ट्रीय चरित्र में बदलाव के दौर से गुजर रहा था। नतीजतन यह फिल्म आशीष की एकतरफा प्रेम कहानी के साथ-साथ उस समय भारत में हो रहे बदलाओं और प्रमुख घटनाओं को भी बहुत बारीकी से दर्शाती है। फिल्म की कहानी काफी हद तक आशीष के बचपन और किशोरावस्था की प्रमुख घटनाओं पर आधारित है। फिल्म आशीष की जिंदगी के अहम पड़ावों को देश के इतिहास के महत्वपूर्ण मोड़ों के साथ लेते हुये आगे बढ़ती है जिसमें इंदिरा गांधी की हत्या, मंडल आयोग की रिपोर्ट की घोषणा और बाबरी मस्जिद विध्वंस जैसी महत्वपूर्ण घटनायें शामिल हैं। इस सामान्य किशोर प्रेमकथा में दिलचस्प मोड़ तब आना शुरू होता है जब हमें फिल्म के प्रमुख पात्रों के सामाजिक पृष्ठभूमि के बारे में पता चलना शुरू



होता है। फिल्म शुरुआत में ही यह घोषणा कर देती है कि यह एक प्रेम कहानी है जोकि एक सफेद झूठ है। दरअसल फिल्म की पटकथा हल्की-फुल्की और सहज है लेकिन यह हमारे समय का एक काला हास्य है जो जाति, धर्म और अन्य गंभीर सामाजिक मसलों को हास्य के माध्यम से बहुत ही संतुलित तरीके से पेश करती है और ऐसा करते समय वो बिलकुल निर्भीक और निडर है। फिल्म की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह दो अलग विषयों प्रेम और सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को बहुत ही खूबसूरती से एक साथ लेकर चलती है, ऐसा करते समय संतुलन और प्रवाह पूरी तरह से बना रहता है और किसी भी चीज को अनावश्यक रूप से खींचा नहीं जाता है। फिल्म का मूल नैरेटिव विविधता में एकता है जो पूरे समय विभिन्न जातियों और धर्मो से ताल्लुक रखने वाले दोस्तों के माध्यम से नेपथ्य में चलता रहता है।

दूसरी बड़ी खूबी इसकी सार्वभौमिकता है, यह फिल्म जिस तरह के भेदभाव और इंसानी विभाजन के मसलों को दर्शाती है वो दुनिया भर में अलग-अलग रूपों में मौजूद हैं। हालाकिं इसकी कहानी महाराष्ट्र के एक छोटे से शहर पे आधारित है लेकिन वो जिन व्यापक इंसानी मूल्यों की वकालत करती है उसके सरोकार वैश्विक हैं ऐसा करते समय वो कहीं भी उपदेशात्मक नहीं होती है। फिल्म की तीसरी खास बात इसमें बच्चों के नजरिये से कहानी को बताया गया है, बच्चों के दुनिया को देखने का नजरिया बड़ों से बिल्कुल अलग होता है, फिल्म बखूबी इस बात को उजागर करती है कि कैसे समाज द्वारा बच्चों को अपने दकियानूसी और प्रतिगामी विचारों के सांचे में ढ़ालने की कोशिश की जाती है, जो बच्चों के मन में विभाजन के बीज बोने का काम करता है इसलिए जब बच्चे धीरे-धीरे अपने धर्म और जाति की मान्याताओं को समझना शुरू कर देते हैं, तो अक्सर उनका अपने सबसे अच्छे दोस्तों के साथ एक अनकहा सा विभाजन हो जाता है,। फिल्म में बच्चों के किरदारों को बहुत प्रभावशाली तरीके से पेश किया गया है जिसमें उनकी मासूमियत और विवेक के बीच की संतुलन बखूबी नजर आती है। यह फिल्म बताती है कि तमाम राजनीतिक-सामाजिक विभाजनों के बावजूद बच्चे प्यार, दोस्ती और बंधुतत्व को बड़ों से बेहतर समझते हैं और तमाम रुकावटों के बीच इसके लिए कोई-ना-कोई मासूम रस्ता निकाल ही लेते हैं।

फिल्म भारत के जाति पदानुक्रम को बिलकुल अलग अंदाज में पेश करती है। फिल्म का मूल पात्र एक दलित है। फिल्म दर्शकों को उसे जातिगत बंधनों और दलित शरीर से बाहर देखने का मौका देती है क्योंकि परदे पर उसे एक दलित नायक की तरह नहीं बल्कि एक सामान्य नायक की तरह पेश किया गया है। इसी प्रकार से फिल्म में जाति-आधारित भेदभाव को हास्य के नजरिये से दिखाया गया है। यह एक जोखिम भरा काम था लेकिन इसमें विषय की गंभीरता को बरकरार रखा गया है। यह एक विलक्षण शैली की फिल्म है। पूरी फिल्म में वॉयसओवर लगातार चलता रहता है। इसके शुरुआती 25 मिनट में कोई संवाद ही नहीं है बल्कि सिर्फ वॉयसओवर द्वारा कुछ दृश्यों के साथ फिल्म आगे बढ़ती है। कुल मिलकर करीब 95 मिनट की यह फिल्म हाल के दिनों में सबसे अधिक प्रासंगिक फिल्मों में से एक है। यह हमें हमारे ही बनाये गये हम बनाम वे के दायरे से बाहर ले जाती है और हमारे सामने भारत के उस सपने को पेश करती है जिसकी हमें आज सबसे ज्यादा जरूरत है। 'आत्मापैम्फलेट' का निर्माण ज़ी स्टूडियोज, आनंद एल राय और भूषण कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। फिल्म को नेशनल अवार्ड विजेता परेश मोकाशी द्वारा लिखा गया है जिन्हें अपनी हालिया मराठी 'वालवी' (2023) के लिए बहुत सराहना मिली है। फिल्म का निर्देशन आशीष बेंडे द्वारा किया गया है जो निर्देशिक के रूप में उनकी पहली फिल्म है। यहां ख़ास बात यह है कि फिल्म के केन्द्रीय पात्र का नाम भी आशीष बेंडे ही है।

# बाबूगीरी कर रहे सरकारी टीचरों की होगी स्कूल वापसी



- सभी जिलों के बीएसए को कड़ी फटकार
- शिक्षकों की कमी से परिषदीय स्कूल जूझ रहे हैं

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों में बाबूगिरी कर रहे शिक्षकों की स्कूल वापसी होगी। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) से ऐसे शिक्षकों का ब्योरा मांगा गया है।

बीते 28 मार्च को भी पत्र जारी कर सभी जिलों से ऐसे शिक्षकों के बारे में जानकारी मांगी गई थी, लेकिन किसी भी जिले ने जानकारी नहीं दी। ऐसे में अब दोबारा पत्र जारी कर सभी जिलों के बीएसए को कड़ी फटकार लगाई गई है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से प्रोफार्मा जारी कर ऐसे शिक्षकों की जानकारी मांगी गई है जो कार्यालयों में संबद्ध हैं। शिक्षक का नाम, किस स्कूल में उसकी मूल तैनाती है, कार्यालय का नाम जहां पर वह तैनात है और कितने समय से वह वहां काम कर रहा है इसकी संपूर्ण जानकारी मांगी गई है। अभी करीब तीन हजार से अधिक शिक्षक खंड विकास अधिकारी (बीईओ), बीएसए, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) और राज्य परियोजना कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत हैं। शिक्षकों की कमी से परिषदीय स्कूल जूझ रहे हैं।

प्रदेश भर में 1.34 लाख परिषदीय स्कूलों में 4.52 लाख शिक्षक हैं और 1.48 लाख शिक्षामित्र हैं। फिलहाल, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था के साथ-साथ मूलभूत संसाधन बढ़ाए गए हैं। ऐसे में कुल 1.92 करोड़ विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिले इसके लिए यह कदम उठाए जा रहे हैं। सभी जिलों से ब्योरा मिलने के बाद शिक्षकों को कार्यालयों से कार्यमुक्त कराकर इन्हें मूल तैनाती वाले विद्यालय वापस भेजा जाएगा।

# प्रदेश में दोनो ही दलों को जनता शून्य पर आउट करने वाली

अवधनामा संवादाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च से ज्यादा कुछ नहीं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में। दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की



जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने देगी, क्योंकि उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर यकीन है। ये बातें प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहीं। भाजपा अध्यक्ष ने साफ किया कि जो दल मिलकर एक साझा मैनिफेस्टो तक नहीं बना सके, वो मिलकर देश चलाने की बात करते हैं। उनके मैनिफेस्टो में सिर्फ वादे ही वादे हैं, इन वादों को पूरा करने का कोई मास्टर प्लान नहीं।

# कुल 237.83 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अवधनामा संवादाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 16 अप्रैल, 2024 तक कुल 15739.29 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2766.41 लाख रुपये नकद धनराशि, 3834.91 लाख रुपये कीमत की शराब, 5822.66 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1159.26 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 16 अप्रैल, 2024 को कुल 237.83 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 76.13 लाख रुपये नकद धनराशि, 83.56 लाख रुपये कीमत की 29571.84 लीटर शराब एवं 78.13 लाख रुपये कीमत की 60400 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।

16 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद बुलन्दशहर की बुलन्दशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 5.86 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2197 लीटर शराब तथा 17.08 लाख की नकदी जब्त की गई। इसी प्रकार जनपद बुलन्दशहर की सिकन्दराबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 3.48 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 889 लीटर शराब तथा 13.55 लाख की नकदी जब्त की गई। जनपद अमेठी की गौरीगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 100 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। जनपद बरेली की बिथरी चैनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 29 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 290 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

# आईआईएमसी एलुमनी मीट कनेक्शन्स लखनऊ में संपन्न




**लखनऊ।** आईआईएमसी एलुम्नाई एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश चैप्टर ने सालाना जलसा कनेक्शन्स लखनऊ का आयोजन किया। कार्यक्रम में भारतीय जनसंचार संस्थान से पढ़ाई के बाद पूरे यूपी में अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा दे रहे लोगों ने अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में इमका कनेक्शन्स 2024 की स्मारिका का विमोचन किया गया। समारोह में भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के शिव कुमार त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। चैप्टर के अध्यक्ष मणेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष यूपी चैप्टर को दिल्ली में आयोजित ग्लोबल मीट में कनेक्टिंग चैप्टर ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला है। समारोह को एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रसाद सान्याल, उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा, आजीवन सदस्य प्रभाष झा, सायरा नईम, कमलेश राठौर, तरुण निशांत, पंचानन मिश्रा, प्रियंका सिंह, अर्चना सिंह, राशि लाल, रीतेश वर्मा समेत अन्य लोगों से संबोधित किया।

# सीएमएस छात्र आदित्य श्रीवास्तव ऑल इण्डिया टॉपर

## सीएमएस के स्वर्णिम इतिहास में जुड़ा एक और कीर्तिमान, सात छात्रों का हुआ आई.ए.एस. में चयन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने इस वर्ष एक बार फिर अपनी मेधा व प्रतिभा से विद्यालय के स्वर्णिम इतिहास में एक और कीर्तिमान जोड़ दिया है। जहाँ एक ओर सी.एम.एस. के मेधावी छात्र आदित्य श्रीवास्तव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) की अत्यन्त प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इण्डिया प्रथम रैंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर सी.एम.एस. छात्र कुणाल रस्तोगी, मृणाल कुमार, शिवांश अस्थाना, जान्हवी दुबे, सम्यक चौधरी एवं अभ्युदय प्रताप ने भी शानदार सफलता आई.ए.एस. अधिकारी बनने का सपना साकार किया है। इसके अलावा, सी.एम.एस. छात्र प्रखर सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित नेशनल लेबर सर्विस परीक्षा में ऑल इण्डिया 10वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है।



इस प्रकार, सी.एम.एस. के कुल 8 छात्रों ने इस वर्ष अत्यन्त उच्च सफलता अर्जित कर सी.एम.एस. का नाम रोशन किया है। इसी संदर्भ में आज यहाँ सी.एम.एस. कानपुर रोड परिसर में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में आई.ए.एस. में चयनित सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों एवं उनके माता-पिता व परिजनों के साथ ही सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन व सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर पत्रकारों से विस्तृत चर्चा की।

प्रेस कान्फ्रेन्स में सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. से चयनित छात्रों का विवरण देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव ने प्रथम रैंक अर्जित कर पूरे देश में टॉप किया है जबकि कुणाल रस्तोगी ने 15वीं रैंक, मृणाल कुमार ने 197वीं रैंक, शिवांश

- सीएमएस के ही प्रखर सिंह ने नेशनल लेबर सर्विस परीक्षा में ऑल इण्डिया 10वीं रैंक अर्जित की

अस्थाना ने 260वीं रैंक, जान्हवी दुबे ने 324वीं रैंक, सम्यक चौधरी ने 704वीं रैंक एवं अभ्युदय प्रताप ने 874वीं रैंक अर्जित की है। डा. गाँधी ने आगे कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों में अद्भुद क्षमता का विकास करता है। पिछले 12 वर्षों में 77 सी.एम.एस. छात्रों ने आई.ए.एस. में सफलता पाई है। उन्होंने सफल छात्रों से कहा कि आप सब अपने कार्य क्षेत्र में पूरी दुनिया में रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और चिकित्सा पर ध्यान देना। प्रेस कान्फ्रेन्स में ऑल इण्डिया टॉपर आदित्य श्रीवास्तव के पिताजी श्री अजय श्रीवास्तव आदित्य ने कहा कि आदित्य की इस सफलता के लिए मैं सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी, प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभारी हूँ।

# तेज धूप... गर्मी ने किया परेशान, हवा ने गिराया आंशिक तापमान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आगरा में धूप, गर्मी और बादलों के संयोजन ने बुधवार को तापमान में आंशिक राहत दी। इससे पहले मंगलवार को अधिकतम तापमान में 0.7 और न्यूनतम तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, गुरुवार को भी गर्मी के तेवर में कमी आने की संभावना नहीं है। 17 और 18 अप्रैल को पूरे दिन दौरान तेज हवाएं चलेंगी। जबकि 19 अप्रैल को बौछारें पड़ने का अनुमान मौसम विभाग व्यक्त कर रहा है।

मंगलवार को सुबह से ही आसमान में सूरज निकल आया था। दोपहर होते-होते सूरज की किरणें तन झुलसाने लगीं। बीच-बीच में बादल आते रहे लेकिन इससे गर्मी से विशेष राहत नहीं मिल सकी। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में गर्म हवाएं भी चलीं। बुधवार को शहर का मौसम यथावत रहेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार शुक्रवार को हवा के साथ बारिश की बौछारें पड़ सकती हैं।

# उपभोक्ता परिषद की लडाई लाई रंग

अवधनामा संवाददाता

- अब प्रदेश में लगने वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर नहीं लगा पाएंगे चीन निर्मित कॉम्पोनेंट

**लखनऊ।** प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों मे लगभग 3 करोड 30 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का ऑर्डर जहां देश के बडे निजी घरानो को दिया गया है वही इन निजी घरानों द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में लगने वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर के कंपोनेंट को बिजली कंपनियों में कुछ अभियंताओं की मिली भगत से भारत सरकार की गाइडलाइन के विपरीत गारंटीड टेक्निकल पार्टिकुलर्स (जी0टी0पी )चाइनीज अनुमोदित करा लिया यानी की जो जीटीपी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में पोलरिस व इंटली स्मार्ट ने अनुमोदित कराया उसमें 21 प्रमुख कंपोनेंट में 13 से 7 कंपोनेंट चीन निर्मित व अन्य देशों से संबंधित थे जब उपभोक्ता परिषद ने इसका बडा खुलासा किया और नियामक आयोग में विरोध प्रस्ताव दाखिल किया तो बिजली कंपनियों के होश उड गए उपभोक्ता परिषद ने विगत में खुलासा करते हुए कहा था कि भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत 60 से 70 प्रतिसत कॉम्पोनेंट स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर भारतीय मेक के होने चाहिए और यदि कोई भी मीटर निर्माता कंपनी बॉर्डर एरिया के देशों से कोई भी कंपोनेंट खरीदेगा तो उसे उस पर भारत सरकार की पूर्व अनुमति लेना जरूरी है यानी कि चीन निर्मित कोई भी कॉम्पोनेंट बिना भारत सरकार की पूर्व अनुमति के नहीं खरीदा जा सकता है फिर क्या था मध्यांचल विद्युत वितरण निगम जहां से मामला सबसे पहले उठा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने उपभोक्ता परिषद द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर पावर कारपोरेशन को एक प्रस्ताव भेज कर दिशा निर्देश मांगा अंततः उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार की तरफ से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए की विद्युत मंत्रालय व भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेश ही माने जाएंगे और उपभोक्ता परिषद की बात को आगे बढते हुए कहा की उसी के अनुसार जो आर0एफ0पी यानी भारत सरकार अनुरोध प्रस्ताव में व्यवस्था है उसी आधार पर जी0टी0पी अनुमोदित की जाए यानी कि अब उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर चीन निर्मित कंपोनेंट नहीं लगा पाएंगे अब यह कहना उचित होगा की उत्तर प्रदेश के स्मार्ट प्रीपेड मित्रों के अंदर चाइनीज कॉम्पोनेंट नहीं लगेंगे।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने जब इस मामले पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक कमर्शियल जो इस काम को देख रहे हैं उनसे बात की तो उनके द्वारा बताया गया कि सभी मीटर निर्माता कंपनियों को जीटीपी संशोधन करने के लिए कह दिया गया है जल्द ही उनके द्वारा चाइनीस कंपोनेंट को हटाकर नई जीटीपी दी जाएगी इसके बाद उसका अनुमोदन किया जाएगा।

# दही जलेबी लेने गया था पति, लौटा तो फंदे पर लटकी मिली पत्नी



**हरदोई।** हरदोई जिले में बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के अंटवा गांव में महिला का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। पति की सूचना पर मृतका का भाई मौके पर पहुंचा और गंभीर आरोप लगाए। ग्राम अंटवा निवासी अवनीश कुमार खेती करते हैं। 10 साल पहले उनकी शादी आट निवासी सुरेंद्र की पुत्री सोनी (35) से हुई थी। बुधवार सुबह अवनीश कन्या भोज के लिए दही जलेबी लेने गया था। वापस आने पर सोनी को आवाज दी तो कोई जवाब नहीं मिला।

कमरे का दरवाजा बंद मिलने पर उसने खिड़की से झांककर देखा तो पत्नी का शव रस्सी के फंदे से लटक रहा था। घटना की जानकारी अवनीश ने पत्नी के भाई प्रेमपाल को दी। प्रेमपाल का कहना है कि बुधवार की सुबह 10 बजे सोनी से बात हुई थी और तब सब कुछ ठीक था। दोपहर 12 बजे अवनीश ने घटना की जानकारी दी। प्रेमपाल का कहना है कि अवनीश शराब पीने के आदी है और नशे में सोनी के साथ मारपीट करता था। हालांकि अवनीश ने इस बात से इन्कार किया है। मृतका के परिवार में दो पुत्रियां और एक पुत्र है।

# टीएमयू वोकाबैडिक्ट्स में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन का जलवा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट-सीटीएलडी की ओर से यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में वोकाबैडिक्ट्स-4.0 में आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अनन्य अग्रवाल, अंशिका यादव, लबीना फारूकी की टीम-सनशाइन विजेता रही। श्री प्रेम प्रकाश मेमोरियल कॉलेज के आकांक्षा कुमार, मिधत घदीर, सृष्टि जैसवाल की टीम फेलकॉन्स द्वितीय, जबकि कुंथनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के कोनिका, वसुंधरा यादव, नैना पांडे की टीम वेंगार्डस तीसरे स्थान पर रही। इससे पहले वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह,




- आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन की टीम-सनशाइन रही अव्वल

सीटीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया, पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉक अनुराग वर्मा, डॉ. विनोद जैन, डॉ. रत्नेश जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। वीसी प्रो. वीके जैन ने अंग्रेजी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के विभिन्न कॉलेजों के कुल 924 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, यह बड़ी बात है। उन्होंने उम्मीद जताई, अगले वोकाबैडिक्ट्स में 3000 से भी ज्यादा छात्र इसमें अपनी प्रतिभागिता दर्ज करेंगे। प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स के लिए स्ट्रांग वोकेबुलरी जरूरी है। ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। संचालन स्टुडेंट्स तूलिका और रिद्धिमा ने किया।

# पूर्व विधायक की भतीजी ने यूपीएससी में हासिल की 418 वीं रैंक



**मुजफ्फरनगर।** पूर्व विधायक नवाजिश आलम की भतीजी एवं पूर्व सांसद अमीर आलम खां की रिश्ते की पौत्री अलीफा खान ने यूपीएससी 2023 परीक्षा में 418वी रैंक प्राप्त की है। अलीफा दिल्ली में परिवार सहित रहकर कई वर्ष से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थीं।

मूलरूप से गांव गढ़ीपुख्ता निवासी अलीफा खान पुत्री मुनीर आलम ने यूपीएससी 2023 परीक्षा में 418वीं रैंक प्राप्त की है। यूपीएससी में सफलता मिलने पर अलीफा खान को बधाई देने का तांता लग गया। बुढाना से पूर्व विधायक नवाजिश आलम ने भी इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर अलीफा को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया, अलीफा खान उनकी बुआ के बेटे मुनीर आलम की बेटी है। बताया कि काफी दिनों पहले मुनीर आलम बेटी अलीफा की पढ़ाई के सिलसिले में परिवार सहित दिल्ली चले गए थे। अलीफा ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकाम की पढ़ाई की। उसके उपरांत अलीफा ने यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी थी। बताया, अलीफा ने बिना रिजल्ट का इंतजार किये अगले वर्ष की परीक्षा की तैयारी भी शुरू कर दी थी। अलीफा की सफलता पर परिवार गदगद है।

# 12 हजार से अधिक छात्रों ने शिक्षात्मक बाल फिल्मों से ली प्रेरणा

## अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का तीसरा दिन, 501 शिक्षात्मक बाल फिल्में निःशुल्क प्रदर्शित की जा रही

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे 13वें अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफएफ-2024) के तीसरे दिन आज लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों से पधारे 12,000 से अधिक छात्रों ने 91 देशों शिक्षात्मक बाल फिल्मों का आनन्द उठाया और चरित्र निर्माण की शिक्षा ग्रहण की। इससे पहले, मुख्य अतिथि श्री आफताब आलम, एसोसिएट वाइस प्रेसीडेन्ट एण्ड रीजनल कन्टेन्ट डायरेक्टर, रेडियो मिर्ची ने दीप प्रज्वलित कर तीसरे दिन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रख्यात अभिनेता अंजान श्रीवास्तव, दर्शील सफारी, अली हाजी एवं संदीप यादव ने अपनी उपस्थिति से बाल फिल्मोत्सव की गरिमा में चार चांद लगा दिये और बाल फिल्मों का आनंद उठाने पधारे हजारों छात्रों व किशोरों का खूब उत्साहवर्धन किया। विदित हो कि





इस अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव में 91 देशों की 501 शिक्षात्मक बाल फिल्में निःशुल्क प्रदर्शित की जा रही हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री आफताब आलम ने अपने संबोधन में कहा कि यहाँ मौजूद हर एक छात्र अपने आपमें हीरो है। किसी भी क्षेत्र में हीरो बनने के लिए फिल्मों में काम करने की जरूरत नहीं है अपितु स्वयं के जीवन में अच्छा इंसान बनने की जरूरत है और यहाँ दिखाई जा रही फिल्में युवा पीढ़ी को यही सिखाती है। बाल फिल्मोत्सव में बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पधारे प्रख्यात अभिनेता श्री अंजान श्रीवास्तव ने कहा कि सी.एम.एस. में पढ़ने वाले बच्चे बड़े ही भाग्यशाली हैं क्योंकि उन्हें बचपन से ही अच्छे जीवन मूल्यों व चारित्रिक गुणों की शिक्षा दी जा रही है। मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्मों के माध्यम से सी.एम.एस. सभी बच्चों को अच्छी-अच्छी बातें सिखा रहा है। इसी प्रकार, अभिनेता दर्शील सफारी, अली हाजी व संदीप यादव ने भी छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

बाल फिल्मोत्सव के तीसरे दिन आज हजारों बच्चों ने आज ए ड्राप ऑफ वाटर, एन्जल्स नेवर बैक ऑन अर्थ, ओवर द ब्रिज, व्हेन यू विश अपान ए स्टार, ए वण्डरफुल ड्रीम, इनसाइड द बॉक्स, द नाइट बिफोर क्रिसमस, स्काईलेस स्टार, अंगुलिमाल, एजूकेशन इट्स माई राइट, अर्थ इज होम, घर किसका है, रेस्टोरेन्ट इन द टाउन, मैजिक बाक्स, द गर्ल बिहाइन्ड द मिरर आदि अनेकों मनोरंजन से भरपूर उत्कृष्ट फिल्मों का आनन्द उठाया। फिल्म देखने के बाद अधिकांश छात्रों की प्रतिक्रिया थी कि विद्यालय में नैतिक शिक्षा के पीरियड को तो हम हंसी में उड़ा देते हैं लेकिन इस प्रकार मनोरंजन के माध्यम से छात्रों को जीवन मूल्यों का ज्ञान देने का यह तरीका अत्यन्त प्रशंसनीय है। अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के अन्तर्गत आज कई विद्यालयों के छात्रों ने शिक्षात्मक बाल फिल्मों का आनंद उठाया, जिनमें लामार्टिनियर ब्वाएज, राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी, सिटी इण्टरनेशनल स्कूल, राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय, इमिनेन्स पब्लिक स्कूल, राजकीय ममता विद्यालय, कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय आदि प्रमुख हैं। सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में फिल्म जगत की प्रख्यात हस्तियों ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक स्वर से कहा कि शिक्षात्मक फिल्में बालकों के कोमल मस्तिष्क पर सकारात्मक व गहरा प्रभाव डालेंगी और उनमें महान बनने के विचार पैदा करेंगी।

# एसएमजीआई जेनरो क्रिकेट टूर्नामेंट बीसीए ने जीता

■ शुभारंभ: ग्रुप के अध्यक्ष डॉ.विवेक यादव ने पहली बॉल खेलकर किया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** एसएमजीआई के जेनरों 2024 स्पोर्ट्स वीक में चल रही प्रतियोगिताओं में इटावा स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्रुप के अध्यक्ष डॉ.विवेक यादव ने पहली बॉल खेलकर किया। पहले मैच में बी फार्मा चतुर्थ वर्ष में बी फार्मा तृतीय वर्ष को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें मैन ऑफ द मैच चतुर्थ वर्ष के मोहम्मद आकिब को मिला दूसरे मैच में डी फार्मा ने क्कद्गस्र को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें डी फार्मा के हिमांशु यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला तीसरे मैच में बीसीए ने बी फार्मा द्वितीय वर्ष को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और बीसीए के मोहसिन को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला चौथे महीने में बीबीए ने नर्सिंग को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और बीबीए के संजोग को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इसके बाद पहला सेमीफाइनल बी फार्मा चतुर्थ वर्ष का बीसीए के साथ हुआ जिसमें बीसीए ने बी फार्मा चतुर्थ वर्ष को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें बीसीए के प्रशांत को मैन ऑफ द मैच मिला दूसरा सेमीफाइनल बीबीए तथा डी फार्मा के बीच खेला गया जिसमें बीबीए ने डी फार्मा को हराकर फाइनल में जगह बनाई और मैन ऑफ द मैच बीबीए के प्रियांशु को मिला फाइनल मैच बीबीए तथा बीसीए के बीच खेला गया जिसमें बीबीए ने पहले बैटिंग करते हुए 45 रन बनाए और बचीसीए ने आसानी से अपना टारगेट पूरा कर लिया फाइनल मैच में बीसीए के मयंक को मैन ऑफ द मैच मिला मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भी मयंक को भी मिला जिन्होंने अपनी धारदार गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया अध्यक्ष डॉक्टर विवेक यादव एवं डॉक्टर उमाशंकर शर्मा ने विजेता टीम बीसीए तथा उपविजेता टीम बीबीए के सभी खिलाड़ियों को प्रतिक चेन्नह प्रदान किया इसके बाद एक ट्रॉफी उपविजेता टीम तथा एक ट्रॉफी विजेता टीम को डॉ विवेक यादव तथा डॉ उमाशंकर शर्मा द्वारा प्रदान की गई इस प्रतियोगिता में एस एम जी आई का समस्त स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे अध्यक्ष डॉक्टर विवेक यादव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## स्वर्णकार समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 25 को अलीगढ़ में

**मथुरा।** अखिल भारतीय स्वर्णकार जन जागृति एसोसिएशन की प्रांतीय इकाई उत्तर प्रदेश के द्वारा जनपद अलीगढ़ में 25 जून मंगलवार को स्वजातीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान व समाजसेवियों का सम्मान व समाज के वृद्धजन लोगों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारीयां प्रदेश कमेटी द्वारा शुरू कर दी गई है। परिचय सम्मेलन के माध्यम से जो भी जोड़े बनेंगे उनकी शादी 8 दिसंबर को आगरा में होने वाले सामूहिक विवाह के माध्यम से कराई जाएंगी। श्री वर्मा ने समाज के गणमान्य लोगों से अलीगढ़ में 25 जून को होने वाले परिचय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया है। .

# विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण किया जाएगा जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो सके

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विकास खंड सैफई के न्याय पंचायत रिसोर्स सेंटर किया पर संकुल शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई जिसमें कुईया के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया तथा अकादमिक चर्चा की। बैठक में स्टेट रिसोर्स पर्सन राम जनम सिंह उपस्थित रहे। राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित एजेंडे पर बैठक में विद्यालय के शिक्षकों ने शैक्षिक गतिविधि के साथ बैठक का प्रारंभ किया। शिक्षकों द्वारा शिक्षण और नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि माह अप्रैल में शंकुल के विद्यालयों बौराइन कुइया तथा भदेई में विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण किया जाएगा जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें। राम जनम सिंह द्वारा शंकुल के अध्यापकों में से एक अध्यापक को उसकी शैक्षणिक कुशलता और नवाचारों के लिए बेस्ट टीचर ऑफ द मंथ चुने जाने को लेकर एक प्रस्ताव दिया गया जिसे सर्वसम्मति से मानते हुए। संकुल शिक्षकों ने अनुज कुमार सहायक अध्यापक नगला गडरियान को माह का श्रेष्ठ अध्यापक चुना तथा प्रसन्नता जाहिर की। एस आर जी राम जनम सिंह ने कहा कि सब के सम्मिलित प्रयास से विद्यालय निपुण बनेंगे तथा अकादमिक रूप से स्वयं को श्रेष्ठ साबित कर पाएंगे। हम सब को मिल कर प्रयास करते हुए जनपद को श्रेष्ठ स्थान दिलाना है। सभी अध्यापकों ने विद्यालयों को निपुण बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंजू भदौरिया, अनुपम कौशल, दिलीप कुमार, निधि उपस्थित रही।

# बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर डीएम, एसएसपी ने बैठक की

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने वृंदावन के पर्यटक सुविधा केंद्र सभागार में श्री बांके बिहारी जी मंदिर में श्रद्धालुओं हेतु सुदृढ़ व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली। बैठक में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन प्रदान करने हेतु छाया, पेयजल, स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात आदि व्यवस्थाओं पर सुझावों का आदान-प्रदान हुआ। दर्शनार्थियों से प्रसाद एवं माला को प्रवेश के समय एक स्थान पर लिए जाने तथा मंदिर से बाहर निकलने पर एक स्थान पर वापस दिए जाने की व्यवस्था पर चर्चा की गई। समस्त मंदिर प्रांगण में ए.सी. की व्यवस्था हेतु आवश्यक व्यवस्था करने पर चर्चा हुई। उचित स्थान पर ए.सी. प्लांट लगाने हेतु आवश्यक व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार की अनुमतियों तथा मानकों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओ की सुविधा हेतु श्री बांके बिहारी जी मंदिर के आस पास आवागमन मार्गो एवं श्रद्धालुओ के होल्डिंग एरिया पर शेड / छाया , पंखे तथा पानी की व्यवस्था करने हेतु नगर निगम और मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जगह जगह पर मंदिर में प्रवेश व निकास द्वारों तथा विभिन्न मार्गो के संबंध में दिशा सूचक चिन्ह लगाए। लोगो से अपील करे कि सभी अपने जूता चप्पल जूता घरों या अपने घरों / होटलों में उतार कर आए। लाइन लगाकर श्री बांके बिहारी जी मंदिर के अंदर दर्शन करने की व्यवस्था , ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीकरण व्यवस्था, लाइव स्ट्रीकिंग आदि के संबंध में सुझावों पर मंथन किया गया। बैठक में एसपी ट्रैफिक, एसपी सिटी, सी.ओ. सदर , सीएमओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अपर नगर आयुक्त, ए.आर.टी.ओ प्रवर्तन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## देवी की हुई लट्ठों से पूजा

**मथुरा।** रामनवमी को नरी सेमरी देवी की पूजा की अनोखी परंपरा हैं। यहां देवी की यदुवंशी समाज मंदिर में लाठियां बरसा कर पूजा करता चला आ रहा है। बुधवार को भी देवी की लट्ठ पूजा की रस्म निभाई गई। पूजा में हजारों भक्त शामिल हुए थे। मंदिर पर सुरक्षा के चौकस इंतजाम किए गए थे।हाईवे के किनारे अकबरपुर-छाता के मध्य नरी-सेमरी देवी मंदिर पर रामनवमी पर यदुवंशी समाज देवी मां की अनोखे ही ढंग से पूजा अर्चना कर मां को प्रसन्न करता चला आ रहा है। सेमरी गांव के आसपास के गांव नरी, रहेड़ा, अलवाई समेत अन्य गांवों के यदुवंशी समाज के हजारों लोग देवी की लट्ठ पूजा करने आए। लाठी, भाला, फरसा लहराते हुए ढोल नगाड़े की धुन पर नाचते-गाते मंदिर परिसर में पहुंचे। मंदिर परिसर पर पहुंचते ही परंपरा की रस्म अदायगी को लाठी बरसाना शुरू कर दिया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को धार देते हुए 41-लोकसभा इटावा केंद्रीय कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सदर इटावा व भर्थना विधानसभा में होने वाले बूथ सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि यह चुनाव विश्व में देश का मान सम्मान बढ़ाने वालों व देश विरोधियों का साथ देने वालों के बीच है। बीते चुनावों में आम जनमानस की ज़रूरतों को पूरा किया गया जबकि आगामी कार्यकाल महत्वकांक्षाओं के साथ महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाला रहेगा। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि कल जनपद की सदर विधानसभा व भर्थना विधानसभा में बूथ सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दोनों विधानसभाओं से बूथ अध्यक्ष (इटावा-420 व भर्थना-470) व शक्ति केंद्र संयोजक (इटावा-72 भर्थना-84) को आमंत्रित किया गया है। सदर इटावा विधानसभा सम्मेलन केंद्रीय चुनाव कार्यालय हर्षवर्धन पैलेस में सुबह 11 बजे सम्पन्न होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव व भर्थना विधानसभा का बूथ सम्मेलन चंद्रशिला रिसोर्ट में दोपहर एक बजे सम्पन्न होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहेंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशहवाह, विक्रम अग्रवाल, जिला मंत्री ममता कुशवाहा, जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत रजत चौधरी, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, लोकसभा/जिला मीडिया रोहित शाक्य, विरला शाक्य, विवेक चौधरी, उदयवीर दोहरे सहित मण्डल अध्यक्ष, मोर्चाओ के अध्यक्ष व जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अकबरपुर स्थित राजेश्वरी माता मंदिर पर लगा मेला

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** छाता के गांव अकबरपुर स्थित बृज ब्रजेश्वरी पदम मुखी माता मंदिर पर अष्टमी को विशाल मेले का आयोजन किया गया। इसके साथ ही भजन मंडलियों के मध्य छंद प्रतियोगिता हुई। जिसमें भक्तजनों ने छंदों द्वारा मईया की महिमा का गुणगान किया। मेला में अकबरपुर, चौमुहां, तरौली, नौगांव, सिहाना, कौंकेरा, नरी, अहूरी आदि गांव के ग्रामीण मेला व छंद प्रतियोगिता देखने पहुंचे। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने अपनी कुलदेवी के सामने बच्चों का मुंडन भी कराया। छोटे छोटे बच्चों ने झूले व खिलौनों का आनंद लिया। मंदिर प्रांगण में हो रही छंद प्रतियोगिता मेला दर्शकों में आकर्षण का केंद्र बन रही थी। जिसमें मेरी भवर नाव चकराई है, तू आदिशक्ति महारानी है, तीनों लोक में जानी है, तूने तीनों ही देव जने आदि छंद गाए। प्रतियोगिता में चौमुहां से तीन व अकबरपुर से दो मंडलियों ने भाग लिया। जिसमें पांचों मंडली छंद प्रतियोगिता में बराबर रही। प्रधान प्रतिनिधि भरत सिसोदिया ने सभी मंडलियों को 2100 रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। पुजारी पं. हुकुमचंद ने बताया प्रतिवर्ष चौत्र माह की अष्टमी को यहां मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें मईया के गुणगान के छंद भी गाए जाते हैं। लाखन सिंह, हेमंत पंडित, भानु प्रताप सिंह, विष्णु हिंदुस्तानी, जितेंद्र गुप्ता, अमित सिंह, लोकेश सिसोदिया, वीरेंद्र सिंह, देवी सिंह, गिर्राज भगत, कुक्कड़ भगत, पोपलिया आदि उपस्थित रहे।

# नंदगांव में प्राचीन कुंडो पर भूमाफियाओं का कब्जा

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** योगीराज में सक्रिय भूमाफिया बेखौफ प्राचीन एवं ऐतिहासिक कुंडो पर कब्जे कर अपने मसूबो को पूरा करने में लगे हैं शासन प्रशासन स्तर पर अवैध कब्जे के सम्बन्ध में जिम्मेदार लोगों की ओर से शिकायती पत्र देकर भूमाफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई लेकिन प्रशासन की उदासीनता अवैध कब्जेधारियों के हौसले बुलंद किए हुए हैं।

जिला मथुरा की तहसील छाता के अंतर्गत नंदगांव के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक कुंडो में कई कुंड भूमाफियाओं द्वारा किए गए अवैध कब्जे से अपना अस्तित्व खो चुके हैं और जो बचे हैं उनको बचाया जा सकेगा, यह कह पाना मुश्किल है।

उक्त गांव में भूमाफियाओं का खौफ इस कदर हावी है कि आम आदमी अवैध कब्जों पर कुछ भी बोलने से कतराता हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर नंदगांव निवासी एक युवक ने बताया भूमाफिया द्वारा कुंडो पर अवैध कब्जा कर छाछ कुंड एवं बेल कुंड समतल करा कुंड का अस्तित्व समाप्त कर दिया है। काजल कुंड का काफी हिस्सा समतल करा दिया गया जिस पर वर्तमान में खेती हो रही है। यही नहीं पावन सरोवर में शिव मंदिर पर भी कब्जा है जिस पर ताला लगा रहता है। बताया गया है कि रघुनाथ नाम के व्यक्ति ने कुंडो पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर शिकायती पत्र देकर प्रशासन से कार्यवाही की मांग की थी लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई। बताया गया कि शिकायत कर्ता रघुनाथ अब जीवित नहीं है।

नगर पंचायत, नंदगांव के चेयरमैन प्रतिनिधि भीम चौधरी द्वारा कुंडो पर मिली जानकारी में मात्र तीन से चार कुंड ही नंदगांव में बचे हैं। भीम चौधरी ने बताया कि शास्त्रों में 56 कुंडो का वर्णन है। भूमाफियाओं के चंगुल से बचे कुंडो में कुछ एक पर आज भी लोग स्नान करते है। बताया गया है कि कुंडो पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे कर खरीद-फरोख्त कर दिया गया है जिन पर लोगों ने मकान बना लिए है। कुंडो में गंदगी इस कदर है कि वहां का पानी विषैला हो चुका है यहां श्रद्धालु स्नान करने अपनी मनोकामना, बिमारी का इलाज आदि के लिए आया करते थे। यह भी बताया गया है कि शासन स्तर से कुंडो के रख-रखाओं और सौंदर्यकरण के लिए मिलने बाली धनराशि नजर नही आती है।

प्राचीन एवं ऐतिहासिक कुंडो पर अवैध कब्जे को लेकर नगर पंचायत में कार्यरत कर्मचारी का हाथ है, ऐसी चर्चाएं हैं। वहीं समाज सेवी बलराम सोनी निवासी बरसाना कहते हैं कि कुंडो का जल्द सीमांकन किया जाए। कुंडो पर अवैध कब्जों के सम्बन्ध में कोई शिकायती पत्र दिया गया है वह मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है तो आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सतीक मंसूरी के प्रतिष्ठान पर विशाल मां भगवती शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष सतीक मंसूरी के प्रतिष्ठान पचराहा पर विशाल मां भगवती शोभा यात्रा का भव्य स्वागत व्यापार मंडल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन एडवोकेट जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान महिला जिला अध्यक्ष मीना सिंह राजपूत महिला जिला महामंत्री पूर्वी सक्सेना जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा डॉक्टर संतोष राठौर जिला उपाध्यक्ष सतीक मंसूरी जिला प्रवक्ता इकरार अहमद युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाह युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास शाक्य सर्राफा एसोसिएशन मंत्री श्याम जी अवनीश राजपूत सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने फूल बरसा कर आइसक्रीम एवं पानी की बोतल बाटकर शोभा यात्रा का स्वागत किया और भव्य आरती की।

### माँ शीतला देवी मन्दिर इकदिल पर भंडारे का आयोजन किया गया



**इटावा, इकदिल, अवधनामा ब्यूरो।** कस्बा के मोहल्ला कायस्थान में स्थित माँ शीतला देवी मन्दिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूजा अर्चना के साथ हवन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया। मन्दिर पर राम नवमी के उपलक्ष्य में सुबह से ही महिलाओं की कतार लगना शुरू हो गयी थी। सर्व प्रथम कन्या भोज कराया गया उसके उपरांत सभी को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रवक्ता राम अवतार तिवारी, अखिलेश तिवारी, सुधीर तिवारी, डॉ.सुशील सम्राट, अभिनंदन, अगम, सुयश, सुरुचिका आदि उपस्थित रहे।

# अन्नदाता सम्मेलन में हेमा मालिनी ने गिनाईं उपलब्धियां

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महावन क्षेत्र के गांव पचावर में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा अन्नदाता सम्मेलन आयोजित किया गया। अन्नदाता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची हेमा मालिनी ने अन्नदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसान हित में कार्य किया है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराते हुए कहा कि भाजपा सरकार की तुलना में किसी सरकार ने किसानों के लिए अच्छा कार्य नहीं किया। सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी ने बीजेपी सरकार की अनेक उपलब्धियां गिनाते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उपस्थित जनों से 26 अप्रैल को उनके पक्ष में भाजपा को वोट देने की अपील की। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मेरुकांत पांडे ने योगी और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि भाजपा किसान हित और राष्ट्र हित में कार्य कर रही है और कहा कि किसान सम्मान निधि, सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गरीबों को मुफ्त राशन केवल भाजपा सरकार दे रही है। बीजेपी जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, आरएलडी के वरिष्ठ नेता कुंवर नरेंद्र सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष चरण सिंह जादौन, पूर्व विधायक नवाब सिंह, क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश, आरएलडी के जिला अध्यक्ष राजपाल भरंगर, विधान सभा प्रभारी ललित चतुर्वेदी,कुंज बिहारी चतुर्वेदी, गोविंद राम शर्मा, भूरी सिंह, आरएलडी नेता रामवीर सिंह, सुरेंद्र प्रधान, मनोज ठाकुर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक पचावर के प्रधान मुकेश भरंगर ने सभी अतिथियों का माला और पटुका पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर गोपेष्वर नाथ चतुर्वेदी, जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, मूलचन्द गर्ग, शैलेश सर्राफ, प्रदीप सर्राफ, विजय सर्राफ करोड़ी, अजय मास्टर, सुभाशचन्द सिक्का, राजकुमार अग्रवाल, पं. शशांक पाठक, शैलू हकीम, संजय बिजली, अंकुर गर्ग, अनूप टेंट, गौरव, मोहित अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे।

# प्रशासन ने मतदाता जागरूकता के लिए लगाई ताकत

**मथुरा।** देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं जिसका चुनावी बिगुल बज चुका है जिसमें प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। मथुरा जनपद में द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मथुरा जनपद में जिलाधिकारी/ निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल अधिकारी मनीष मीना के मार्गदर्शन में मतदाता जगरूकता अभियान बहुत तीव्र गति से चल रहा है। इसमें समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है और उनको मतदान के प्रति जागरूक करने की कोशिश करी जा रही है, जिससे सभी मतदाता 26 अप्रैल को अपने अपने बूथ पर पहुँच कर मतदान अवश्य करें। इसी संदर्भ में जिला मास्टर ट्रेनर एवं स्वीप मीडिया समन्वयक मनीष दयाल ने कहा कि समाज की संरचना प्रत्येक वर्ग से मिलकर ुई है और समाज में प्रत्येक वर्ग का अपना योगदन है चाहे वो उंचले पायदान पर हो या निचले पायदान पर। हम समाज के हर मतदाता तक पहुंचने की और उसे जगरूक करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी प्रयास में हमने समाज के मेहनतकश मोची वर्ग से जुड़ने की कोशिश करी है और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया है उन्होंने हमको आशवस्त किया।

# यूपीएससी में उत्तीर्ण हुए बच्चों को एआइपीएमएम ने दी शुभकामनाएं

अवधनामा संवाददाता

■ पसमांदा समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की जरूरत

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने UPCS CSE में कामयाब होने वाले देश के सभी बच्चों को मुबारकबाद देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस ने कहा पसमांदा मुस्लिम बच्चें शिक्षा और प्रशिक्षण में अच्छा प्रदर्शन कर रहे इसके लिए उन सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए यह भी कहा सामाज को धार्मिकता के अंधविश्वास को छोड़कर सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षिक तौर पर मजबूत करने की जरूरत है तथा समाज विकास की दौड़ में शामिल होकर विकसित समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की आवश्यकता है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा पसमांदा समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की जरूरत है। पसमांदा मुस्लिम समाज के बच्चों का UPCS CSE में लगातार वृद्धि दर से आगे बढ़ना समाज के बच्चो की मेहनत और लगन को दर्शाता है। पसमांदा मुस्लिम समाज के बच्चों को हर फील्ड में प्रयास जारी रखना है। इंशा अल्लाह कामयाबी मिलेगी।

# अब अन्नदाता के खेतों पर लगी है भाजपा की बुरी नजर: सुरेश सिंह

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान अब अपने चरम पर पहुंच रहा है। राजनीतिक दलों ने पूरा जोर लगा दिया है। बसपा प्रत्याशी ने बुधवार को छाता क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क किया। आईआरएस अधिकारी रहे बसपा प्रत्याशी सुरेष सिंह ने गांव गिडोह में कहा कि भाजपा सरकार की बुरी नजर अब किसानों के खेतों पर लगी है। वह अधिकारी जरूर रहे हैं लेकिन किसान के बेटे हैं। उनका परिवार आज भी खेती बाड़ी करता है। वह किसान का दर्द समझते हैं। भाजपा सरकार ने देश के तमाम सरकारी उपक्रम बेच डाले हैं। सरकार कह रही है कि हमने बेचा नहीं मौद्रीकरण किया है। अब आपके खेतों का मौद्रीकरण करेंगे यानी आपके खेतों को बेच कर मुद्रा कमा लेना चाहते हैं। केन्द्र सरकार ने कोरोना काल में तीन कृषि कानून लाकर किसानों को उनके ही खेतों से वंचित करने का कुटिल षड्यंत्र रचा था। लम्बे आंदोलन के बाद ये कानून तो वापस हो गये लेकिन भाजपा के मंसूबे नहीं बदले हैं। ये सरकार अगर फिर से सत्ता में आई तो फिर काले कानून वापस ला सकती है। आज भी इस सरकार की बुरी नीयत किसानों के खेतों पर लगी है। यह ऐसी पार्टी है जो संविधान बदलने तक का दम्भ भर रही है। इन्हें न किसान से लगाव है न देश के संविधान से। किसान आंदोलन स्थगित होने से पहले किसानों के साथ हुए समझौते पर सरकार टिकी नहीं रह सकी। किसानों के साथ धोखा हुआ है। आज भी आंदोलनकारी किसान जेलों में बंद हैं। आज भी किसान दिल्ली बार्डर पर बैठे हैं। उनकी राह में भाजपा सरकार ने कीलें बिछा रखी हैं। किसानों की राह में कील बिनाछे वाली पार्टी समझलें कि उनके ताबूत में आखिरी कील भी किसान ही ठोकेंगे। किसानों के साथ धोखेबाजी कर भाजपा ने अच्छा नहीं किया है। भाजपा सरकार ने किसानों को बदनाम करने का हर प्रयास किया है। महंगाई ने किसान की कमर तोड कर रख दी है।

## हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, धूप में तप पर बैठे रहे पक्षकार

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश शर्मा फलाहारी ने बताया कि प्रयागराज हाईकोर्ट में बहुत लंबी बहस चली, जिसमें हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष अधिवक्ताओं के मध्य में बहस हुई। मंगलवार को सूट नंबर एक पर हिंदू पक्षकार के अधिवकताओं की तरफ से बहस हुई और सूट नंबर एक में 7 रूल 11 पर अपना जवाब दिया गया। हिंदूवादी दिनेश शर्मा ने बताया कि पिछली डेट पर न्यायालय में मुस्लिम पक्ष की तरफ से बहस पूरी हो चुकी थी। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि सेवन रूल इलेवन के तहत यह मुकदमा चलने योग्य नहीं है, लेकिन हिंदू पक्ष कहना है कि यहां पर अतिक्रमण की भूमि है और इस जमीन पर पहले भी केस चल चुके हैं, इसलिए यह मुकदमा चलने योग्य है।

# राम जन्मोत्सव पर शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** श्री रामलीला सभा मथुरा के तत्वाधान में चित्रकूट से श्री राम जी के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी । सुबह 12 बजे भगवान श्री राम के विग्रह का दिव्य पंचामृत अभिषेक अनिल स्वामी के निर्देशन में विधि विधान से सम्पन्न हुआ । सभापति जयंती प्रसाद अग्रवाल, जुगल किशोर अग्रवाल, प्रधानमंत्री मूलचंद गर्ग, आय व्यय निरीक्षक अजय मास्टर, विनोद सर्राफ, संजय बिजली, सुरेन्द्र खोना, पं.अमित भारद्वाज,दिनेश सादाबाद ,डॉ डी डी गर्ग,विवेक सूतीया आदि ने सहभागिता की। सायं को 4:30 बजे से चित्रकूट से विभिन्न कलात्मक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा चित्रकूट से प्रारम्भ होकर मसानी, कच्ची सड़क, लाल दरवाजा, गुड़हाई बाजार, चौक बाजार, कसेरठ बाजार, स्वामी घाट, विश्राम घाट होली गेट, कोतवाली रोड होती हुयी भरतपुर गेट पर अग्रवाल अतिथि भवन पर सम्पन्न हुयी। शोभायात्रा में सबसे पहले बैनर, घोड़ा, ऊँट, ताषे, गणेश जी झांकी, अखाड़ा मां केला देवी, झांकी केला देवी, प्रिन्स बैण्ड, झांकी रामलला, प्रकाश बैण्ड एवं श्री राम जी का रथ शामिल था। इस अवसर पर गोपेष्वर नाथ चतुर्वेदी, जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, मूलचन्द गर्ग, शैलेश सर्राफ, प्रदीप सर्राफ, विजय सर्राफ करोड़ी, अजय मास्टर, सुभाशचन्द सिक्का, राजकुमार अग्रवाल, पं. शशांक पाठक, शैलू हकीम, संजय बिजली, अजय कान्त गर्ग, विनोद अग्रवाल, हिमांशु सूतिया, राजनारायण गौड, राजीव शर्मा, चिन्ताहरण चतुर्वेदी, सुरेन्द्र खोना, मनीश गर्ग, सर्वेश शर्मा, अनूप टेंट, गौरव, मोहित अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे।

# पैरा तीरंदाज शीतल ने खेलो इंडिया राष्ट्रीय मीट में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता



गोल्ड विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

एशियाई पैरा खेलों की गोल्ड विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है।

शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, 'इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

एकता को स्वर्ण पदक जीतने के लिए 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिली जबकि शीतल को 40 हजार रुपये मिले। टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब जूनियर रिकर्व तथा कंपाउंड वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 87 तीरंदाजों ने भाग लिया।

## केकेआर को लगा दोहरा झटका, कप्तान श्रेयस अय्यर पर बीसीसीआई ने लगाया इतने लाख का जुर्माना

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 17 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टाटा आईपीएल 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। चूंकि न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत ये उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। कोलकाता नाइट राइडर्स को दोहरा झटका लगा है। पहले तो केकेआर टीम को मंगलवार को रॉयल्स के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। इसके बाद मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण कप्तान श्रेयस अय्यर पर बीसीसीआई ने 12 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। आईपीएल आयोजक ने एक बयान में लिखा कि, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 17 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टाटा आईपीएल 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।

# न्यूजीलैंड के हेनरी निकोलस का बड़ा बयान, पाकिस्तान में क्रिकेटर्स की सुरक्षा पर कही ये बात



हेनरी निकोलस ने टाइम्स ऑफ इंडिया को इंटरव्यू दिया था। इस दौरान पाकिस्तान में क्रिकेटर्स सुरक्षित हैं या नहीं? ये सावल खासकर पूछा गया था इसके जवाब में हेनरी ने कहा कि जब भी वो पाकिस्तान दौरे पर गए हैं। तब वहां उन्हें खास सुरक्षा मिली है। वो पाकिस्तान में बेहद सुरक्षित महसूस करते हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम इन दिनों पाकिस्तान दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। पहला मुकाबला गुरुवार यानी 18 अप्रैल को रावलपिंडी में खेला जाएगा। वहीं अब न्यूजीलैंड के हेनरी निकोलस ने पाकिस्तान में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है।

दरअसल, 2009 में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में बड़ी मुश्किल से क्रिकेट के वापसी हुई है। 2021 में न्यूजीलैंड का दौरा तय हुआ था, लेकिन कीवी टीम बगैर कोई मैच खेले तुरंत देश वापस लौट आई थी। इसकी बड़ी वजह पाकिस्तान में सुरक्षा मामला था।

वहीं उसके बाद न्यूजीलैंड ने 2 बार पाकिस्तान का दौरा किया और दोनों बार सीरीज सफल रहीं। पिछले 17 महीनों में ये न्यूजीलैंड का तीसरा पाकिस्तानी दौरा है। इन दोनों पर न्यूजीलैंड के स्टार क्रिकेटर हेनरी निकलोस भी मौजूद रहे थे। उन्होंने सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। लेकिन इस बार वो पाकिस्तान दौरे के लिए टीम में शामिल नहीं हैं।

वहीं हेनरी निकोलस ने टाइम्स ऑफ इंडिया को इंटरव्यू दिया था। इस दौरान पाकिस्तान में क्रिकेटर्स सुरक्षित हैं या नहीं? ये सावल खासकर पूछा गया था इसके जवाब में हेनरी ने कहा कि जब भी वो पाकिस्तान दौरे पर गए हैं। तब वहां उन्हें खास सुरक्षा मिली है। वो पाकिस्तान में बेहद सुरक्षित महसूस करते हैं।

साथ ही हेनरी ने कहा कि, ऐसा लगता है कि पिछले कुछ समय से हम पाकिस्तान में कुछ ज्यादा ही रहे हैं। खिलाड़ियों के नजरिए से देखा जाए तो हम वहां बेहद सुरक्षित महसूस करते हैं। पाकिस्तान दौरे पर गए, तो वहां हमारा बेहद शानदार अंदाज में ध्यान रखा गया। जब भी मैं वहां गया हूं तब मैंने बेहद सुरक्षित महसूस किया है। वहां सुरक्षा व्यवस्था भी बेस्ट लेवल ही रही है।

# ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के लिए बेहतर पासिंग और तालमेल की जरूरत : रूपिंदर





रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में आस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में आस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी।

रुपिंदर सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी जिसमें नये वैरिएशन और खिलाड़ियों को आजमाया गया था।

आस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के तरीके के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि नये तरह की पासिंग से निपटा जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया, आस्ट्रेलिया से निपटने के लिए उच्च स्तर के तालमेल की जरूरत है जिसमें डिफेंडर से डिफेंडर तक गेंद ट्रांसफर, मिडफील्ड में डिफेंडरों के तेज पास, ऊपर के पास इस तरह की शैली से निपटने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

## सुनील नारायण को संन्यास वापस लेने के लिए मना रहे रॉवमैन पॉवेल

रोवमैन पावेल ने कहा है कि फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण को इस साल के टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने की कोशिशें की जा रही हैं लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के इस स्टार खिलाड़ी ने अब तक उन सभी लोगों को 'ब्लॉक' (फोन नंबर ब्लॉक करना) कर दिया है जिन्होंने उनके बात करने की कोशिश की है। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा है कि फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण को इस साल के टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने की कोशिशें की जा रही हैं लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के इस स्टार खिलाड़ी ने अब तक उन सभी लोगों को 'ब्लॉक' (फोन नंबर ब्लॉक करना) कर दिया है जिन्होंने उनके बात करने की कोशिश की है। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# अब से हर अयास सत्र अहम, ओलंपिक के 100 दिनों की उलटी गिनती पर हरमनप्रीत ने कहा




हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए 100 दिन बचे हैं और ऐसे में हर दिन, हर अभ्यास और प्रशिक्षण सत्र का इस्तेमाल इसकी तैयारियों को बेहतर करने के लिए किया जायेगा। तोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता भारत मौजूदा विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए 100 दिन बचे हैं और ऐसे में हर दिन, हर अभ्यास और प्रशिक्षण सत्र का इस्तेमाल इसकी तैयारियों को बेहतर करने के लिए किया जायेगा। तोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता भारत मौजूदा विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर है।


हरमनप्रीत ने कहा कि वे पेरिस में अपने तोक्यो परिणाम में सुधार करना चाहते हैं। इस स्टार ड्रैग-फ्लिकर की टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आई, जहां मेजबान टीम ने उन्हें 0-5 से हराया था। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, ''हम अभी ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे से लौटे हैं। एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है।

भारतीय कप्तान ने कहा, स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता लगातार बढ़ रही है। टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने ओलंपिक की उलटी गिनती के मद्देनजर हमारे लिए साप्ताहिक कार्यक्रम तैयार किये हैं। भारत ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। भारत के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि पेरिस खेलों से पहले टीम को अपनी खामियों को दुरुस्त करना होगा।

उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से हमें उन चीजों के बारे में पता चला जिनमें हमें सुधार करने की जरूरत है। हम शिविर में लौटने पर इस पर काम करेंगे। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते हर मुद्दे को सुलझा लें। उन्होंने कहा, 'हम बचे हुए 100 दिनों में से हर दिन में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने की हमारी हसरत पूरी हो।

पेरिस ओलंपिक में भारत को पूल बी में गत चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ रखा गया है। भारत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश के लिए शीर्ष चार में जगह बनाने की उम्मीद करेगा।

# प्रेग्नेंसी में भी काम कर रही हैं दीपिका पादुकोण, अजय देवगन के साथ शूटिंग की, सिंघम अगेन के सेट से तस्वीर हुई वायरल



दीपिका पादुकोण मां बनने वाली हैं लेकिन इस दौरान भी वह अपने द्वारा कमिट किए गये सभी कामों को पूरा कर रही हैं। अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी ग्लोबल स्टार दीपिका पादुकोण अपने फैन्स का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। हाल ही में दीपिका और रणवीर सिंह ने अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। जहां ज्यादातर एक्ट्रेस प्रेग्नेंसी के दौरान काम से दूर रहती हैं, वहीं दीपिका इन दिनों अपने वर्क कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं। अपनी प्रेग्नेंसी फेज वेकेशन यानी बेबीमून से लौटते ही उन्होंने रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन के लिए काम करना शुरू कर दिया है और इसकी एक झलक भी सामने आ गई है।

सामने आई तस्वीर में दीपिका पादुकोण पुलिस की वर्दी में नजर आ रही हैं। खाकी वर्दी और काला चश्मा पहने वह बिल्कुल सिंघम गर्ल लग रही हैं। सेट पर उनके साथ फिल्म के डायरेक्टर रोहित शेट्टी भी नजर आ रहे हैं। प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट के बाद एक्ट्रेस की ये पहली तस्वीर है जिसमें उनका बेबी बंप नजर आ रहा है। हालाँकि, चूंकि अभिनेत्री सितंबर में बच्चे की उम्मीद कर रही है, इसलिए उसका बेबी बंप अभी इतना बड़ा नहीं हुआ है कि वह व्यापक रूप से दिखाई दे सके।

खबरों की मानें तो रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन के नए आइटम नंबर के लिए कोरियोग्राफर गणेश आचार्य को हायर किया है। सभी मुख्य कलाकार, करीना कपूर खान, अजय देवगन, रणवीर सिंह और टाइगर श्रॉफ आचार्य की धुन पर नाचते नजर आएंगे। हालाँकि, कथित तौर पर अपनी गर्भावस्था के कारण, दीपिका इस हाई-ऑक्टेन आइटम सॉन्ग की शूटिंग नहीं करेंगी।

आपको बता दें, दीपिका पादुकोण पिछले साल दो सुपरहिट फिल्मों में नजर आईं। इसमें शाहरुख खान की जवान और पठान शामिल थीं। अब एक्ट्रेस कई और प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगी। एक्ट्रेस मल्टीस्टारर फिल्म सिंघम अगेन की भी शूटिंग कर रही हैं, जिसमें उनका एक्शन अवतार देखने को मिलेगा. इस फिल्म में दीपिका पादुकोण के साथ अजय देवगन, रणवीर सिंह, करीना कपूर, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ भी नजर आएंगे। इसके अलावा, उनकी अगली रिलीज़ प्रभास और अमिताभ बच्चन स्टारर कल्कि 2898 एडी होगी।

## जिमी शेरगिल की रानीति बालाकोट एंड बियॉन्ड का ट्रेलर जारी, भारत की आधुनिक युद्ध की ऐतिहासिक कहानी को प्रदर्शित करेगी



रानीति बालाकोट एंड बियॉन्डः जिमी शेरगिल की नई सीरीज भारत की आधुनिक युद्ध की ऐतिहासिक कहानी को प्रदर्शित करेगी। जिमी शेरगिल दो मिनट के ट्रेलर की शुरुआत पुलवामा हमले की झलक से होती है। एनएसए प्रमुख की भूमिका निभाने वाले आशीष कहते हैं, ये एक नया रण है या इसे जीतने के लिए एक नई रणनीति की जरूरत है।

आगामी वेब शो आधुनिक युद्ध को डिकोड करता है जो केवल भौतिक सीमाओं पर नहीं लड़ा जाता है बल्कि सोशल मीडिया, डिजिटल रणनीति और गुप्त राजनीतिक चालों के क्षेत्र से परे है जो भू-राजनीति को नया आकार देने की शक्ति रखता है। वेब श्रृंखला उन वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है जिन्होंने 2019 में देश को हिलाकर रख दिया था। शो में कुछ हवाई दृश्य, शानदार प्रदर्शन और एक शक्तिशाली कथा है जो युद्ध के मैदान के अंदर और बाहर हर पहलू को चतुराई से पकड़ती है।

आगामी वेब श्रृंखला के बारे में बात करते हुए, जिमी ने कहा यह मेरे द्वारा अतीत में की गई किसी भी भूमिका से भिन्न है। कम से कम यह कहना चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन भारत की पहली वॉर-रूम केंद्रित वेब-श्रृंखला का हिस्सा बनना बेहद संतोषजनक भी है। वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित जिसने देश को हिलाकर रख दिया।

एनएसए प्रमुख के रूप में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, आशीष ने कहा, एनएसए प्रमुख की भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन रक्षा बलों के कुछ सदस्यों के साथ बैठकों ने मुझे अपने चरित्र की बारीकियों को समझने में मदद की। तैयारी कार्य और कार्यशालाएं मुझे वापस ले गई मेरे एनएसडी के दिनों में। संतोष सिंह द्वारा निर्देशित, श्रृंखला का निर्माण स्फीयर ओरिजिन्स मल्टीविजन प्राइवेट लिमिटेड के सुंजॉय वाधवा और कॉमल सुंजय डब्ल्यू द्वारा किया गया है। इसमें प्रसन्ना भी हैं। शो का प्रीमियर 25 अप्रैल को JioCinema पर होगा।

# अमिताभ बच्चन एक भावनात्मक प्रोमो के साथ मेजबान के रूप में वापस लौटे, फैंस बोले दिल भर आया




कौन बनेगा करोड़पति सबसे ज्यादा चर्चित शो है। कई रियलिटी शो लोकप्रिय रहे हैं लेकिन कौन बनेगा करोड़पति का एक अलग प्रशंसक आधार है। लोग क्विज़ गेम शो देखना पसंद करते हैं क्योंकि यह बहुत सारा ज्ञान और मनोरंजन देता है। यह शो अपने होस्ट की वजह से भी लोकप्रिय है। मेजबान के रूप में अमिताभ बच्चन शानदार रहे हैं और मेजबान के रूप में किसी और की कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। वह बिल्कुल अद्भुत रहे हैं और हर साल लोग शो के रूप में उनकी वापसी का इंतजार करते हैं। होस्ट की वजह से केबीसी की टीआरपी हमेशा अच्छी रही है। वह गेम शो में पूछे जाने वाले सवालों के बारे में बहुत सारी जानकारी साझा करते हैं।

उन्होंने बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के बारे में कई अंदरूनी बातें भी साझा कीं। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, ऐश्वर्या राय बच्चन, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन, श्वेता बच्चन और अन्य के बारे में भी खुलकर बात की। बिग बी को शो के होस्ट के रूप में आते देखना हमेशा सुखद होता है। कौन बनेगा करोड़पति 15 के आखिरी एपिसोड में बिग बी ने शो को अलविदा कहा तो फैंस भावुक हो गए।

उन्होंने पिछले सीज़न में घोषणा की थी कि कौन बनेगा करोड़पति के होस्ट के रूप में यह उनका आखिरी सीज़न हो सकता है। प्रशंसकों के लिए यह सबसे हृदयविदारक क्षण था। वे यह जानकर हैरान रह गए कि यह बिग बी की आखिरी फिल्म हो सकती है। हालाँकि, यह सच नहीं था। बिग बी अपने फैंस का दिल नहीं तोड़ पाए और वह कौन बनेगा करोड़पति के होस्ट के रूप में वापस आ गए हैं।

हां, कौन बनेगा करोड़पति 16 का प्रोमो जारी हो गया है और हम अमिताभ बच्चन को मेजबान के रूप में लौटते हुए देख रहे हैं। शो के प्रोमो ने प्रशंसकों को भावुक कर दिया है क्योंकि इसमें पिछले सीज़न से अमिताभ बच्चन का विदाई संदेश है। प्रोमो से यह भी पता चला कि शो का रजिस्ट्रेशन 26 अप्रैल से शुरू होगा।

प्रशंसकों ने पोस्ट पर टिप्पणी की और अपना उत्साह व्यक्त किया। एक यूजर ने लिखा, "@ sonytvofficial@amitbhbachchan आखिरकार इस सीजन के रजिस्ट्रेशन के लिए इंतजार खत्म हुआ...दिल भर आया...सोनीटीवी बहुत इंतजार कर रहा है! एक अन्य यूजर ने लिखा, याय! मिस्टर एबी केबीसी में वापस आ गए हैं.. प्रशंसक बिग बी को होस्ट के रूप में वापस पाकर बेहद खुश हैं और उन्हें फिर से देखना एक सुखद अनुभव होगा। कौन बनेगा करोड़पति 15 की बात करें तो शो के दो विजेता थे। जसकरण सिंह और जसनील कुमार ने शो में पुरस्कार राशि के रूप में 1 करोड़ रुपये जीते।

# अरहान खान ने अपने शो में मां मलायका अरोड़ा से पूछा, आप शादी कब कर रही हैं?




मलाइका अरोड़ा बेटे अरहान के टॉक शो डंब बिरयानी में नए मेहमानों में से एक हैं। चैनल के ऑफिशियल पेज पर अरहान ने वीडियो का टीजर पोस्ट किया। वीडियो में मलाइका अरोड़ा अपने बेटे से पूछती हैं, तुमने अपनी वर्जिनिटी कब खोई? वाह, वह जवाब देता है। इसके बाद अरहान अपनी मां से पूछते हैं, क्या आप एक सामाजिक पर्वतारोही हैं? क्लिप में मलाइका जवाब देती हैं, मैं नहीं हूं। मलायका जोर देकर कहती हैं, बस मुझे ईमानदारी से जवाब दो। बस मुझे एक ईमानदार जवाब दो। टीज़र के अंत में अरहान, मलायका से पूछते हैं, मुझे अपना हाथ दिखाओ मां। आप शादी कब कर रही हैं यह मेरा अगला सवाल है?

वीडियो को कैप्शन के साथ साझा किया गया था, सच्चाई और मसाले के खेल में माताओं को पकड़ें-जहां मलायका अरोड़ा और सरजिता रैयानी और लड़कों के बारे में कुछ जंगली कहानियों को उजागर करती हैं। यहां आप वीडियो देखें सकते हैं।

अरहान, मलायका के पूर्व पति और अभिनेता-निर्माता अरबाज खान के बेटे हैं। मलायका और अरबाज की शादी को 19 साल हो गए थे और 2017 में उनका तलाक हो गया। वे बेटे अरहान के सह-अभिभावक हैं। अरबाज खान ने पिछले साल दिसंबर में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की थी।

मलायका अरोड़ा को छैया-छैया, मुन्नी बदनाम हुई, अनारकली डिस्को चली और हैलो हैलो जैसे कई लोकप्रिय ट्रैक पर उनके डांस आइटम के लिए जाना जाता है। उन्हें रियलिटी टीवी सीरीज मूविंग इन विद मलायका में भी देखा गया था।

पूर्व मॉडल मलायका और एक ड्ढ्ढ भी थीं। मलायका पिछले कुछ वर्षों में कुछ डांस शो को जज भी किया है, जिनमें इंडियाज बेस्ट डांसर, नच बलिए, झलक दिखला जा और जरा नचके दिखा शामिल हैं। उन्होंने इंडियाज गॉट टैलेंट और सुपरमॉडल ऑफ द ईयर जैसे शो को भी जज किया। इसके अलावा, मलायका अरोड़ा एक योग स्टूडियो, एक परिधान ब्रांड और एक फूड-डिलीवरी प्लेटफॉर्म भी चलाती हैं।

# लोकतंत्र में हर एक वोट का महत्वः प्रो. मौर्य

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** लोकतंत्र में हर एक वोट की कीमत होती है , अपने वोट से जनता अपनी सरकार बनाती है और योग्य प्रतिनिधि का चुनाव करती है।

2024 के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है , मतदाता जागरूकता के तहत कुलभास्कर आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज प्रयागराज में एक शपथ समारोह का आयोजन हुआ , जिसमें कॉलेज के सभी शिक्षकों ने महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. गीतांजलि मौर्य के नेतृत्व में अधिक मतदान करने और कराने की शपथ ली। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो गीतांजलि मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव एक त्योहार की तरह होता है , जैसे हम हर त्योहार मनाते हैं वैसे ही चुनाव के प्रति सजक रहकर वोटिंग करके अपने परम अधिकार का प्रयोग करके अपनी सरकार बनानी चाहिए।

प्राचार्य ने कहा कि एक मत से हमारा समाज विकसित हो सकता है, हमे सहूलियत मिल सकती है, देश का नाम दुनिया में हो सकता है, सबको अपने मत की कीमत पहचानी होगी और आगामी अपने मतदान के दिन सबको पहले मतदान फिर जलपान करना चाहिए। देश की बात है इसलिए गर्मी में भी आलस्य नही करना चाहिए।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान के लिए शपथ समारोह के तत्पश्चात तत्पश्चात मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया के साथ महाविद्यालय के शिक्षक प्रोफेसर राम लखन पाल, प्रोफेसर वी एन पाण्डेय, प्रोफेसर सी एस चौबे, प्रोफेसर कमलेश सिंह , विकास सिंह, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह ,कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉक्टर एस पी यादव, डॉ मनोज कुमार सिंह, महाविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं 252 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रिया सरोज पर आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में मुकदमा

**जौनपुर।** मड़ियाहूं पुलिस ने कोतवाली में देर शाम लोकसभा से मछली शहर से सपा उम्मीदवार प्रिया सरोज के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया है ।उन पर बिना अनुमति मड़ियाहूं गांधी तिराहे पर नुक्कड़ सभा करने व ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करने का आरोप है। उड़न दस्ता टीम ने बिना अनुमति नुक्कड़ सभा करने व ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी। जिस पर मड़ियाहूं पुलिस ने प्रिया सरोज व उनके समर्थकों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि सपा प्रत्याशी प्रिया सरोज पर बिना अनुमति के जगह-जगह नुक्कड़ सभा करने व ध्वनि विस्तारक यंत्र के का प्रयोग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एआई एवं मशीन लर्निंग नई दवा को विकसित करने में महत्वपूर्ण

**कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री पर हुआ व्याख्यान और प्रशिक्षण**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर डिजाइन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के छठवें दिन एआई एवं मशीन लर्निंग आधारित दवा के खोज पर पर व्याख्यान और प्रशिक्षण हुआ। फार्मेसी विभाग, आईआईटी, बीएचयू के डॉ रजनीश कुमार ने एआई एवं मशीन लर्निंग पर आधारित दवाओं के खोज पर पर व्याख्यान और प्रशिक्षण दिया। डॉ रजनीश ने बताया की एआई एवं मशीन लर्निंग मदद से पहले से उपलब्ध डाटा का प्रयोग करके नई दवाओं को कम लागत पर विकसित किया जा सकता है। डॉ कुमार ने कंप्यूटर एडेड ड्रग डिस्कवरी के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने ट्यूटोरियल के माध्यम से मॉलिक्युलर रिकॉग्निटशन के बारे में बताया। डॉ रजनीश ने बताया की नई विकसित दवा का क्लेनिकल ट्रायल करने से पहले एआई की मदद से दवा के ट्रायल में सफल होने की संभावना का पता लगाया जा सकता है। इससे दवा को विकसित करने के खर्च को कम किया जा सकता है। डॉ कुमार ने सार्स कोविड के प्रोटीन पर भी बाइंडिंग एवं डॉकिंग को समझाया। डॉ. कुमार ने वीना और जीनीना सॉफ्टवेयर की मदद से प्रतिभागियों को डॉकिंग करना सिखाया। उन्होंने गूगल क्लाउड कम्प्यूटिंग के कोलेब की मदद से भी डॉकिंग करना सिखाया। दूसरे सत्र में रसायन विभाग, रज्जू भइया संस्थान के डॉ. अजीत सिंह ने नये अणुओं का तैयार करने व विकसित करने में कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री के प्रयोग की भूमिका की चर्चा किया। डॉ सिंह ने कार्बनिक सुपर बेस से सीओ-2 को अवशेषित करने में प्रयोग के बारे में बताया साथ ही साथ उत्प्रेरक विकसित करने में कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री की चर्चा की। डॉ सिंह ने बताया कि विभिन्न प्रयोग को प्रयोगशाला में करने से पहले हम कंप्यूटर के माध्यम से विभिन्न तरीकों से उनके बारे में अध्ययन कर सटीक परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत डॉ मिथिलेश यादव ने किया। सत्र संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला संयोजक डॉ. नितेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ आलोक दास व सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में पत्रकार घायल

**जौनपुर(खेतासराय)** एक दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार राममूर्ति यादव मंगलवार की देर शाम जंगली जानवर के चपेट में आने से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे लोगों ने उन्हें निजीय अस्पताल में भर्ती कराया। जरूरी उपचार के बाद उन्हें चिकित्सिको ने डिस्चार्ज कर दिया। यादव मंगलवार को जरूरी काम निपटाने के बाद सीमावर्ती जनपद स्तिथ अपने पैतृक गांव के लिए बाइक से निकले। दीदारगंज रेलवे क्रॉसिंग से दो सौ मीटर दूर शाहापुर के पास अचानक जंगली जानवर के क्रॉस करने की वजह से वह बाइक समेत सड़क पर गिर गए। उन्हें पैर और हाथ मे गहरी चोट आई है। इस दौरान उनकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। हालत ख़तरे से बाहर होने पर डॉक्टरों ने उपचार के बाद छुट्टी कर दी।

# हाथी- घोड़े के साथ निकाली गई श्री राम दरबार की शोभायात्रा

**श्रद्धालुओं ने घरों के छतों के ऊपर से जगह-जगह की फूलों की वर्षा**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से संयुक्त रूप से रामनवमी पर बुधवार की शाम को हाथी घोड़े व बैंड बाजे के साथ भगवान श्री राम दरबार की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। शोभा यात्रा नई बाजार बहोरीकपुर में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से निकाल कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए स्टेशन रोड शिव मंदिर जाकर समाप्त हो गई।

राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी, चेयरमैन कपिल मुनि, विशंभर दुबे,आलोक कुमार गुप्ता पिंटू, मनोज महाराज, कृष्ण गोपाल जायसवाल व जगदंबा जायसवाल ने भगवान श्री राम दरबार की आरती पूजन कर शोभा यात्रा को रवाना किया। इस दौरान शोभा यात्रा में शामिल भगवान श्री राम के रूप में आस्तिक, हनुमान शाश्वत मौर्य, लक्ष्मण ओम, भरत शाश्वत, शत्रुघ्न त्रिशू व दशरथ धीरेंद्र सभी के आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभा यात्रा जिधर से गुजरी उसे देखने के लिए लोगों का हुजूम उमर पड़ा। महिलाएं अपने घरों के छतों के ऊपर से शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद लिया। भगवान श्री राम के उद्घोष से समूचा नगर राममय में गुंजमान हो उठा। श्रद्धालु रथ के आगे पीतांबर वस्त्र धारण कर संकीर्तन करते हुए नाचते गाते चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी।शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने स्लोगन से लिखा हाथों में शक्ति लेकर सभी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।इस अवसर पर चेयरमैन कपिल मुनि गुप्त, अर्चना शुक्ला,प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू,पूर्व चेयरमैन शिव गोविंद साहू, सौरभ पांडे, राजीव गुप्ता राजू,सौरभ जायसवाल, जगदम्बा जायसवाल, अमित दुबे घनश्याम केसरी, उमाशंकर,अध्यक्ष वर्दी ग्रुप सुशील पाण्डेय, राजीव केसरी, सभासद रंजना दुबे, गणेश सभासद, डॉ शेखानंद पांडे, दीपक शर्मा, राजेश माली, कमलेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण से गायब 33 कर्मचारियों पर विधिक कार्यवाही

**जौनपुर।** जनपद में पीठासीन अधिकारी /प्रथम मतदान अधिकारी के प्रथम प्रशिक्षण में दूसरे दिन तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज में प्रथम एवं द्वितीय पाली में कुल 2200 कार्मिको का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 27 कक्षों में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। प्रथम पाली में कुल 13 व द्वितीय पाली में 20 कार्मिक अनुपस्थित रहे, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के 18 कार्मिक, बैंकिंग सेवा से 02 कार्मिक, जिला विद्यालय निरीक्षक के 09 कार्मिक, चकबंदी विभाग, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उच्च शिक्षा एवम कृषि विभाग के एक-एक कर्मचारी अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिको के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई।

# बदमाशों ने युवक को मारी गोली, मौत

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र रीठी गांव में बदमाशों ने गोली मारकर एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलते ही एसपी समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। मारा गया युवक पूर्व सांसद धनन्जय सिंह का करीबी बताया जा रहा है। सिकरारा थाना क्षेत्र के रीठी गांव के निवासी अनीश खां आज शाम करीब साढ़े सात बजे घर से थोड़ी दूरी पर मोबाईल से किसी से बात कर रहा था इसी बीच पहले से घात लगाये बैठे गांव के ही चार लोगों ने उसे पहले गोली मारी उसके बाद चाकूओं से प्रहार किया। अनीश की चीखपुकार सूनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो हमलावर भाग गये। पुलिस की मदद से घायल अनीश को जिला अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। पूर्व सांसद धनंजय सिंह के प्रबल समर्थक की हत्या की खबर मिलते ही पूरे जिले में सनसनी फैल गयी है। सूचना मिलते ही धनंजय सिंह के समर्थक अस्पताल पहुंच गये। आशोक सिंह ने बताया कि मृतक अनीश पूर्व सांसद का गनर नही प्रबल समर्थक रहा है वह हर चुनाव में उनकी बढ़ चढ़कर मदद करता था। मृतक की पत्नी रेशमा बानों ने बताया कि मेरे पति पहले धनंजय सिंह के साथ रहते थे लेकिन कुछ दिनों से उनका साथ छोड़ दिया था। हत्या की खबर मिलते ही एसपी डा0 अजयपाल शर्मा भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया उसके हत्यारो की गिरफ्तारी के लिए ठीमें गठित करके रवाना कर दिया।

# समाजवादी पार्टी के बूथ प्रभारी सेक्टर प्रभारी की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** स्थानीय कस्बा बह्म बाबा मंदिर परिसर प्रगाढ़ में बुधवार को समाजवादी पार्टी के बूथ प्रभारी सेक्टर प्रभारी समेत पार्टी पदाधिकारियो कार्यताओं ने लालगंज विधान सभाध्यक्ष राजनरायण यादव की अध्यक्षता में सम्म्पन हुआ। जिसमे लोक सभा चुनाव की तैयारीयो पर चर्चा किया गया पार्टी कार्यकताओं ने बड़ चढ़ कर भाग लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए लालगंज विधायक बेचई सरोज ने कहा कि पार्टी के बूथ एवम सेक्टर प्रभारी एक जुट होकर पार्टी लोक सभा लालगंज प्रत्याशी दरोगा प्रसाद सरोज के लिए गांव में घर घर जाकर वोट मांगने का काम करे उन्होंने कहा पूर्व में मां राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव जी सरकार में काम बोल रहा था मौजूदा केंद्र एवम प्रदेश की सरकार ने साड बोल रहा है प्रदेश के युवा नवजवान को सिर्फ धोखा देने

छलने का काम प्रदेश की मौजूदा सरकार कर रही है सोनू राय ने कहा कि मौजूदा भाजपा प्रत्याशी विगत ,5वर्ष सांसद रहीं क्षेत्र में एक भी विकाश कार्य का शीला पट नही है पार्टी कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर विकाश कार्यो पर चर्चा करे रामसेवक यादव एडोकेड दिनेश यादव फौजी राजनाथ यादव ने बैठक को संबोधित किया इस अवसर पर हरेंद्र यादव दया यादव गुड्डु यादव विनोद राय आलोक तिवारी पप्पू यादव हनीफ अहमद विनोद सिंह संजय मोदनवाल सलाउद्दीन समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की संचारी रोग पर प्रभावी नियंत्रण को संबंध में बैठक

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का प्रथम चरण दिनांक 01 अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2024 तक चलाया जा रहा है । जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों को अपने-अपने कार्यो को शत् प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। सहयोगी संस्थाओं यूनिसेफ व डब्ल्यू0एच0ओ0 द्वारा दिए गए फीडबैक पर विस्तृत चर्चा करते हुए समस्त विभागों को कार्यो में सुधार हेतु कहा गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 इंद्र नारायण तिवारी ने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि दस्तक अभियान दिनांक 10 अप्रैल 2024 से चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जनपद में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की टीमों द्वारा घरों का भ्रमण कर बुखार के मरीज, कुपोषित बच्चों, खांसी, जुकाम के लक्षण वाले व्यक्तियों, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें समुचित इलाज व प्रबंधन हेतु संदर्भित कर रही है। साथ ही मच्छरों से बचाव हेतु शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन कार्य योजना के अनुसार एंटी लार्वा दवा के छिड़काव व फॉगिंग का कार्य भी नियमित रूप से किया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि इस बार दस्तक अभियान में आशाओं द्वारा घर के समस्त व्यक्तियों की आभा आईडी का भी सृजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के अंतर्गत अभी तक आशाओं द्वारा घरों का भ्रमण किया गया है, जिसमें खांसी, जुकाम, बुखार के एवं क्षय रोग के लक्षण वाले मरीज चिन्हित कर समुचित ईलाज व प्रबंधन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि नालियों की साफ सफाई, झाड़ियां की सफाई व हैंड पंपों की मरम्मत भी करायें एवं कहा कि जो हैंडपंप खराब है, उस पर लाल पेंट से मार्क भी कराएं ।उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सचिवों के साथ मीटिंग कर झाड़ियां की सफाई सुनिश्चित कराएं एवं निर्देशित किया कि बाजार में व पंचायत घरों में पानी के लिए घड़ा भी रखे है एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जहां पर घड़े रखे जा रहे हैं, वहां अपनी टीम द्वारा निरीक्षण कराएं। जिलाधिकारी ने नगर विकास से संबंधित सभी अधिशासी अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि बाजार में पानी का घड़ा रखवाएं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आईएन तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे तथा अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# यूपीएससी परीक्षा में आकांक्षा और हार्दिक को मिली सफलता

अवधनामा संवाददाता



**ललगंज,आजमगढ़।** आजमगढ़ के बूढ़नपुर निवासी आकांक्षा सिंह को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफ्लता मिली है। आकांक्षा सिंह ने 44वीं रैंक हासिल कर पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। आकांक्षा सिंह वर्तमान मे झारखंड के रांची विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात हैं। आकांक्षा के पिता चंद्र कुमार सिंह बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थे। सेवानिवृत होने के बाद वह परिवार के साथ वाराणसी में रहते हैं। आकांक्षा की प्राथमिक शिक्षा जमशेदपुर से हुई।इसके बाद उन्होंने डीयू से ग्रेजुएशन किया। जेएनयू से भूगोल में मास्टर डिग्री हासिल करने के साथ ही एमफिल की। उन्होंने अपने सफ्लता का श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों और भाई को दिया। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज परीक्षा पास कर आईएएस अधिकारी बने हार्दिक चंदेल ने जनपद का नाम रोशन कर दिखाया। इंजीनियर पिता और गृहणी माता के सपनों को पंख लगाने वाले सपूत की इस उपलब्धि पर जहां गांव में जश्न मनाया जा रहा है। वही मऊ जिले के पकड़ी गांव स्थित ननिहाल में भी मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। निजामाबाद के गंधवई गांव के रहने वाले हार्दिक चंदेल को 304 रैंक मिली है। इससे पहले 2022 की परीक्षा में भी उन्हें सफ्लता मिली थी तब उन्हें 764 रैंक मिली थी।वर्तमान में वह दिल्ली के दरियाबाद में सब डिवीजन में मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात हैं।गंधवई गांव निवासी अरुण कुमार सिंह गुड़गांव की एक कंपनी में इलेक्ट्रिक इंजीनियर है।वह परिवार के साथ गाजीयाबाद में रहते हैं।उनके बेटे हार्दिक ने गाजियाबाद से शुरुआती शिक्षा ग्रहण की इसके बाद कुरुक्षेत्र से बीटेक किया। फ्रि सिविल सेवा की तैयारी में जुट गए। 2023 सिविल सेवा की परीक्षा में उन्हें दूसरी बार सफ्लता मिली है। हार्दिक की बहन अनन्या आईआईटी इंजीनियर है। हार्दिक चंदेल ने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों और मित्रों को दिया।

## भव्य शोभायात्रा निकालकर मनाई गई रामनवमी

**नरैनी।** गगन भेदी नारे लगाते हुए श्रीराम भक्तों ने गाजे बाजे और डीजे के साथ कस्बा में भव्य शोभा यात्रा निकाली। देवी देवताओं और महापुरुषों की झाकिया आकर्षण का केंद्र रहीं। रामनवमी पर कस्बा सहित क्षेत्रीय गांवो के हजारों लोगों ने शोभा यात्रा में हिस्सा लिया।नगर के रामलीला मैदान से प्राचीन व प्रसिद्ध बिहारी जू मंदिर होते हुए शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। अतर्रा मार्ग होते हुए कालिंजर करतल और बाँदा मार्गो में शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। डीजे की धुन पर युवकों ने खूब डांस किया राम भक्तों ने जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाए। देवी देवताओं, माँ भारती और अमर शहीदों, महापुरुषों की झांकिया निकाली गई।

# छतरपुर ग्राम में लगी भीषण आग कई किसानों के जली खड़ी फसल गेहूं'

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बरदह थाना क्षेत्र के छतरपुर ग्राम में गेहू के खेत में लगी भीषण आग से कई किसानों के गेहू की खड़ी फसल जल कर राख हो गई ग्राम वासियों ने कई घंटे मेहनत करके आज पर काबू पा लिया फायर ब्रिगेड को सूचना करने पर बताएं कि फायर ब्रिगेड मौके पर भेज रहे हैं लेकिन फायर ब्रिगेड मौके पर आग बुझ जाने के कई घंटे बाद भी नहीं आया ग्राम वासियों ने ट्यूबवेल चालू कर इंजन चालू कर बाटी और भीगी बोरी के सहारे आज पर बड़ी मशक्कत से काबू पा लिया और सभी के जुबान पर यही था कि आज बहुत बड़ी अनहोनी हो जाती पूरा गांव जलकर राख हो जाता आग और पछुआ हवा इतनी तेज थी काबू पाने में कई घंटे लग गए कि गांव की तरफबढ़ रही थी किसी के खेत में भूसा बना रही भूसे मशीन से चिंगारी निकली और आज के रूप में परिवर्तित हो गई भूसा के टाली में भी आग लग गई ट्रैक्टर वाला अपना मशीन और ताली लेकर रफू चक्कर हो गया मौके पर बरदह थाना पुलिस पहुंचकर जाच पड़ताल की और जिनका जिनका किसानों का नुकसान हुआ है कितना नुकसान हुआ है वह सब नोट किया और कहा कि नेपाल साहब को सुचित करेंगे वह मौके पर आकर जांच करेंगे और रिपोर्ट बनाकर नुकसान की भरपाई के लिए विभाग को प्रेषित करेंगे नुकसान होने में किसानों का नाम शहाबुद्दीन पुत्र इदरीश खान लगभग दो बीघा खड़ी फसल गेहू की विजय सरोज पुत्र स्वरूप सरोज लगभग एक बीघा गेहूं का बेलाल पुत्र बैतुल्लाह ग्राम छतरपुर के सभी किसान लगभग एक बीघा ग्राम वासियों ने बड़ी मेहनत करके किसी तरह आग पर काबू पा लिया और अंत तक फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंचा।

# प्रधानाध्यापक की दोबारा तैनाती की भनक पर भड़के ग्रामीण

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** एमडीएम गड़बड़ी के आरोप मे निलंबित किए गए प्रधानाध्यापक को बहाल करके कैथी में तैनात करने की भनक मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश पनप उठा है। ग्रामीणों के आक्रोश को मद्देनजर रखकर ग्राम प्रधान ने डीएम सहित बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन भेजकर प्रधानाध्यापक को पुनः तैनात न किए जाने की मांग की है। प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी खंड विकास अधिकारी शांतुन कुमार सिनसिनवार ने गत एक मार्च को कैथी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया था। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने रजिस्टर में 303 बच्चों को एमडीएम खाना दर्शाया था जबकि महज 191 बच्चे ही मौजूद थे। इसकी रिपोर्ट उन्होंने जिलाधिकारी को भेजी थी। जिलाधिकारी के आदेश पर बेसिक शिक्षाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को 5 मार्च को निलंबित करके भमौरा जूनियर हाई स्कूल में सम्बद्ध किया था। अब प्रधानाध्यापक को बहाल कर पुनः तैनाती की तैयारी है। इसकी भनक लगते ही ग्रामीण भड़क गए हैं। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए ग्राम प्रधान अरिमर्दन सिंह ने जिलाधिकारी एवं बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन भेजकर प्रधानाध्यापक की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाते हुए पुनः गांव में तैनात न करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अनुराग, छोटे खान, महेंद्र सिंह, राजेश सिंह, बच्ची लाल, पहलवान सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, राजकरण गुप्ता आदि डेढ़ दर्जन ग्रामीण शामिल हैं।

## अज्ञात कारणों के चलते लगी आग, मसीहा साबित हुये पीटीएल कर्मी

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा।** अज्ञात कारणों के चलते रागौल रेलवे स्टेशन के निकट खेत कटने के बाद कटी नरई में भीषण आग लग गयी।जिससे रेलवे स्टेशन के निकट कई बीघा की नरई जलकर खाक हो गयी।मौके पर मौजूद रेलवे का निर्माण कार्य कर रहे पीटीएल कंपनी के कर्मियों ने आग बुझाई। जिससे बगल के खेतों की पकी खडी सैकड़ो बीघा की फसल बच गयी। पीटीएल मैनेजमेंट कमेटी के कर्मी किसानों के लिये मसीहा साबित हुये। कई बीघा खड़ी फसल को पीटीएल कर्मियों ने जलने से बचा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि आग इतनी जल्दी न बुझती तो मौदहा से अरतरा तक कई बीघा की फसल जलकर खाक हो सकती थी।

# रामनवमी का पर्व पर खाद्य सामग्री व कॉपी-किताबों का हुआ वितरण

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** गौरीशंकर घाट पर नई राह फाउंडेशन ने कन्या पूजन का आयोजन किया। संस्था के सदस्यों द्वारा गौरीशंकर घाट पर फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई जा रहे मुफ्त शिक्षा प्राप्त करने वाली बालिकाओं का कन्या पूजन किया गया व उन्हें खाद्य सामग्री प्रदान कर नवरात्र का समापन किया तथा रामनवमी का पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के सहयोग से पढ़ने वाले बच्चों को खाद्य सामग्री व कॉपी-किताब व अन्य पाठ्य सामग्री सहित कई उपहार दिये गये। उनको रामनवमी के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस तरह से कन्या पूजन का कार्यक्रम फाउंडेशन द्वारा पिछले 5 वर्षो से किया जा रहा है, जो कि इस वर्ष भी सफ्लतापूर्वक संपन्न कराया गया। आजमगढ़ में गौरी शंकर घाट पर हुए कार्यक्रम को सुधा पांडे द्वारा संचालित एवं संपन्न कन्याओं का पूजन कर कराया गया वहीं दूसरी तरफ फाउंडेशन की संचालक साक्षी पाण्डेय द्वारा फाउंडेशन की दिल्ली इकाई पर इसी प्रकार कन्या पूजन कर रामनवमी का पर्व मनाया गया। फाउंडेशन द्वारा आजमगढ़ से लेकर दिल्ली तक शिक्षा से वंचित बच्चों का एडमिशन भी करवाया जा रहा है ताकि उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। फाउंडेशन द्वारा अब तक इस वर्ष 6 बच्चों का सफ्लतापूर्वक ऐडमिशन कराया गया है जो निरंतर विद्यालय भी जा रहे हैं, एवं उनकी शिक्षा संबंधी जरूरतों का भी ख्याल सुदीक्षा नई राह फाउंडेशन द्वारा रखा जा रहा है। आजमगढ़ गौरी शंकर घाट के कार्यक्रम को सफ्ल एवं संपन्न कराने में शेशन एवं शिव ने अहम भूमिका निभाई। वही दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को सफ्ल एवं संपन्न कराने में फाउंडेशन की संचालक के साथ सहयोगी निशांत ने अहम भूमिका निभाई।

# ग्रामीण क्षेत्रों में राम नवमी की रही धूम



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शहर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चौत राम नवमी को हवन पूजन धूम रही। जगह जगह लोगो ने मां दुर्गा की प्रतिमूर्ति कन्याओं का पूजन कर उन्हे मिष्ठान और पकवान का भोज कराया। माहुल नगर के भाजपा नेता सुजीत जायसवाल आंसू ने अपने घर पर इस वर्ष भी कन्याभोज का आयोजन किया गया।सर्व प्रथम परिवार समेत उन्होंने कन्याओं के पाव पखारे, तत्पश्चात उन्हे वस्त्र चुनरी आदि देकर उनका पूजन किया। उसके बाद उनका पूजन अर्चन करने के बाद कन्यायो को भोजन कराया गया। इसी तरह पूरामया पांडेय गांव में सभासद पूजा पांडेय, भर चकिया में संतोष पाण्डेय, गनवारा में अमित सिंह, सुखीपुर गांव में भाजपा नेता हनुमंत प्रसाद सिंह ने कन्या भोज करा कर उनका पूजन अर्चन किया।

# 2024 में भारत की वृद्धि दर 6.5% रह सकती है, यूएनसीटीएडी ने अपनी रिपोर्ट में किया दावा

**नई दिल्ली।** यूएनसीटीएडी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2024 में भी भारत में विकास दर में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में चीन की ओर इशारा करते हुए कहा गया है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के लिए विनिर्माण के लिए में भारत पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत ने 2023 में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की और 2024 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, और यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है, ÷2023 में हुई वृद्धि मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत निवेश ओर सेवा क्षेत्र की



वृद्धि से प्रेरित रही। इस दौरान घरेलू बाजार में उपभोक्ता सेवाओं की मजबूत घरेलू मांग और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात के लिए दृढ़ बाहरी मांग से लाभ मिला।÷

रिपोर्ट में कहा गया है कि इन कारकों से 2024 में भी भारत में विकास को समर्थन जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में चीन की ओर इशारा करते हुए कहा गया है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के लिए विनिर्माण के लिए में भारत पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया, आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और भारत में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं के विस्तार में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बढ़ती प्रवृत्ति से देश के निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जबकि कमोडिटी की कीमतों में नरमी देश के आयात बिल के लिए फायदेमंद होगी।


पिछले हफ्ते, विश्व निकाय में लॉन्च की गई फ्लैगशिप 2024 फाइनेंसिंग फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट- फाइनेंसिंग फॉर डेवलपमेंट एट ए क्रॉसरोड्स ने कहा कि दक्षिण एशिया, खासकर भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है।इसमें कहा गया है कि भारत को बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी से फायदा हो रहा है, जो विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण रणनीतियों तहत देश (भारत) को वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देखते हैं।

यूएनसीटीएडी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से निकट भविष्य में ब्याज दरों को स्थिर बनाए रखने की उम्मीद है, जबकि सार्वजनिक उपभोग पर रोक लगाने वाले खर्च की भरपाई मजबूत सार्वजनिक निवेश मद में खर्च से हो जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार हालांकि, अन्य दक्षिणी एशियाई देशों में, आर्थिक विकास अधिक मंद बना हुआ है। इस क्षेत्र के तीन देश बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका वर्तमान में आईएमएफ से मदद ले रहे हैं, जिनकी शर्तों में सख्त मौद्रिक नीतियों और राजकोषीय मितव्ययिता उपायों को लागू करना है। जिसका प्रभाव कम आय वाले परिवार गंभीर रूप से महसूस कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर विकास दर 2024 में 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2023 के 2.7 प्रतिशत की तुलना में थोड़ा धीमा है।

# क्रॉम्प्टन ने इंडीब्रीज़ इंडस्ट्रियल एयर कूलर्स की अपनी नई रेंज लॉन्च की

**मुंबई।** क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, उपकरणों में अपनी गुणवत्ता और नए-नए आविष्कारों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के लिए मशहूर कंपनी, ने बेहद खूबसूरती और बेमिसाल स्टाइल से आपके लिविंग स्पेसेस को लगातार नए सिरे से परिभाषित किया है। इसे एक नए लेवल पर ले जाते हुए, क्रॉम्प्टन ने अपनी इंडीब्रीज़ इंडस्ट्रियल कूलर की रेंज लॉन्च कर एक बार फिर अपने कूलिंग सोल्यूशंस में बदलाव किया है। 95 लीटर और 135 लीटर की क्षमताओं में उपलब्ध ये इंडस्ट्रियल ग्रेड कूलर्स विशेष तौर पर बड़ी और खुली जगहों, जैसे फैक्ट्री, गोदाम, खुले किचन वाले रेस्तरां और बड़ी लॉबी को ठंडा रखने की जरूरतों के लिए बनाये गये हैं। जलवायु परिवर्तन जब आज के दौर की कठोर वास्तविकता बन गया है और तापमान का पारा अभूतपूर्व स्तर तक पहुंचने लगा है। ऐसी हालत में आने वाले मौसम में बहुत ज्यादा गर्मी पड़ने की उम्मीद है।



गर्मी के मौसम में चलने वाली लू और लगातार बढ़ते हुए तापमान में थकान से भरा लंबा दिन बिताने के बाद यह जरूरी हो जाता है कि जब आप आराम करने जाएं तो आपको कमरे में तुरंत ठंडक मिले। यह कूलर न केवल इंस्टैंट कूलिंग से चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए जरूरी है, बल्कि यह गर्मी के महीने में आपके आराम, सुविधा और सेहत का भरपूर ध्यान रखना सुनिश्चित करता है। कूलर अपनी किफायत, स्थायित्व और बिजली की बचत करने वाले फीचर्स के साथ एक बेहतरीन समाधान ऑफर करते हैं। इससे आपको किसी भी समय और कही भी सुकून भरी ठंडक का अहसास होता है। हालांकि, परंपरागत मेटल के कूलर सस्ते मिलते हैं, लेकिन वह बड़ी और खुली जगहों को प्रभावी ढंग से ठंडा नहीं कर पाते। उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने की क्रॉम्प्टन की प्रतिबदद्धता के अनुरूप, कंपनी ने इंडस्ट्रियल एयर कूलर्स की नई रेंज इंडीब्रीज़ सीरीज को पेश किया है, जो गर्मी के इस मौसम में जल्दी कूलिंग देने के लिहाज से डिजाइन किये गये हैं। क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में बड़े घरेलू उपकरणों के विभाग के बिजनेस हेड श्री मल्हार वाडके ने कहा इंडीब्रीज़ इंडस्ट्रियल कूलर रेंज की पेशकश उपभोक्ताओं की लगातार उभरती नई-नई जरूरतों को पूरा करने के लिए क्रॉम्प्टन के समर्पण की झलक देती है।

# वालमार्ट मार्केटप्लेस ने भारतीय विक्रेताओं के लिए समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** वालमार्ट ने आज भारतीय विक्रेताओं के लिए कंपनी की मार्केटप्लेस वेबसाइट वालमार्ट डॉट कॉम पर एक समर्पित लैंडिंग पेज




लॉन्च करने की घोषणा की, जिसके माध्यम से वे साइट परपंजीकरण एवंबिक्री कर सकेंगे। साथ ही, वालमार्ट ने क्षेत्रीय स्तर पर सम्मेलनों की श्रृंखला शुरू करते हुए आज जयपुर, राजस्थान में पहले वैश्विक विक्रेता सम्मेलन का आयोजन भी किया।इन सम्मेलनों के माध्यम से संभावित विक्रेताओं को उपभोक्ताओं एवं कैटेगरी ट्रेंड्स से जुड़ी इनसाइट्स एवं जानकारी प्रदान करते हुए मदद की जाएगी और ऑनबोर्डिंग सपोर्ट व कैटलॉग सेटअप में सहयोग किया जाएगा। सालभर पूरे देश में वैश्विक विक्रेता सम्मेलन आयोजित करने की योजना है।

वालमार्ट कीइमर्जिंग मार्केट्स एंड बिजनेस डेवलपमेंट वाइस प्रेसिडेंट मिशेल मी ने कहा, 'वालमार्ट के लिए भारत प्राथमिकता वाला बाजार है और समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करना भारतीय विक्रेताओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वालमार्ट मार्केटप्लेस विक्रेताओं को दुनियाभर के ग्राहकों तक पहुंच प्रदान करते हुए भारतीय कंपनियों की क्षमता को अनलॉक करने के लिए प्रयासरत है। समर्पित ऑनबोर्डिंग सपोर्ट और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नेविगेट करने की हमारी विशेषज्ञता के माध्यम से हम विक्रेताओं को ऐसे उपकरणों से सशक्त करते हैं, जिनकी उन्हें अमेरिका व अन्य मार्केटप्लेस में आगे बढ़ने के लिए जरूरत है।'

वालमार्टमार्केटप्लेसको 2021 में भारतीय विक्रेताओं के लिए खोला गया था।वर्तमान में इस मार्केटप्लेस पर भारत में बनाए गए, विकसित किए गए या असेंबल किए गए उत्पादों के हजारों एसकेयू हैं। वालमार्ट का अमेरिकी मार्केटप्लेस दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है। पिछले वित्त वर्ष में इसका राजस्व 45 प्रतिशत बढ़ा, जबकि वालमार्ट के विक्रेता 20 प्रतिशत बढ़े।

वालमार्ट नए विक्रेताओं से कोई मासिक शुल्क या सेटअप का शुल्क नहीं लेता है। इस साल की शुरुआत में कंपनी ने न्यूसेलर सेविंग्स प्रोग्राम का एलान किया था, जिसमें प्रतिभागियों को वालमार्ट डॉट कॉम पर पहले 90 दिन रेफरल और वालमार्ट फुलफिलमेंट सर्विसेज (डब्ल्यूएफएस) फीस में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। डब्ल्यूएफएस से विक्रेताओं को अपनी इन्वेंटरी को अमेरिकी ग्राहकों के नजदीक लाने का सुविधाजनक एवं किफायती समाधान मिलता है।

## अनएकेडमी ने यूपीएससी परीक्षा 2023 में अपने छात्रों के शानदार परफोर्मेन्स का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने यूपीएससी सीएसई परिणाम 2023 में अपने छात्रों की शानदार सफलता की घोषणा की है। यह उपलब्धि प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभा को बढ़ावा देने और छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन में सक्षम बनाने की अनएकेडमी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अनएकेडमी के छात्रों ने यूपीएससी सीएसई 2023 में हासिल किए बेहतरीन परिणाम, 4 से अधिक छात्र टॉप एआईआर 10 में और 10 से अधिक छात्र टॉप एआईआर 20 में रहे, 315 से अधिक छात्र परीक्षा में क्वालिफाय हुए आदित्य श्रीवास्तव (ऑनलाईन प्लेटफॉर्म लर्नर), जिन्होंने एआईआर 01 रैंक हासिल किया, दोनुरू अनन्या रेड्डी (ऑनलाईन प्लेटफॉर्म लर्नर), जिन्होंने एआईआर 03 रैंक हासिल किया, सृष्टि डबास (इंटरव्यू गाइडेन्स प्रोग्राम), जिन्होंने एआईआर 06 और नौशीन (ऑनलाईन प्लेटफॉर्म लर्नर), जिन्होंने एआईआर 09 रैंक हासिल किया। अनएकेडमी आदित्य श्रीवास्तव, दोनुरू अनन्या रेड्डी, सृष्टि डबास, नौशीन एवं अन्य सभी छात्रों को बधाई देता है, जिन्होंने यूपीएससी सीएसई परिणामों 2023 में सफलता हासिल की है।

## ब्रिजस्टोन इंडिया ने तुरान्जा 6आई नया प्रीमियम टायर पेश किया



**लखनऊ।** ब्रिजस्टोन इंडिया ने आज यात्री वाहन के लिए ब्रिजस्टोन तुरान्जा 6आईटायर लॉन्च किया। तुरान्जा 6आई पैसेंजर रेडियल व्यवसाय में पहले घोषित विस्तार का परिणाम है। यह टायर विशेष रूप से भारतीय सड़कों के लिए विकसित किया गया है, जो बेहतर ईंधन दक्षता और टिकाऊपन के साथ प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है, जो इसे ब्रिजस्टोन की ओर से एक संपूर्ण प्रीमियम पेशकश बनाता है। ब्रिजस्टोन तुरान्जा 6आई 14 इंच से 20 इंच तक के 36 SKU (स्टॉक कीपिंग यूनिट) में उपलब्ध है। यह एसयूवी, सेडान, हैचबैक और सीयूवी को कवर करने वाले प्रीमियम वाहनों के लिए है। प्रीमियम वाहनों के लिए इस नए प्रीमियम टायर का लॉन्च सरकार की मेक इन इंडिया÷ पहल के प्रति ब्रिजस्टोन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस लॉन्च के साथ, ब्रिजस्टोन भारत में अपनी वैश्विक स्वामित्व वाली एनलीटैन तकनीक लेकर आया है, जो बाजार की बढ़ती नई जरूरतों के अनुसार एक अद्वितीय मूल्य प्रस्ताव प्रदान करके भारतीय उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक आधार प्रदर्शन मापदंडों को भी बढ़ाती है। तुरान्जा 6आई तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के लिए सर्वोत्तम तकनीक की पेशकश करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह भारतीय गतिशीलता क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी टायर प्रौद्योगिकियों को लाने की हमारी योजनाबद्ध निवेश रणनीति की सफलता है, ÷ब्रिजस्टोन इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री हिरोशी योशिज़ेन ने कहा। प्रीमियम वाहन वर्ग की पूर्ति के लिए, तुरान्जा 6आई पूरे भारत में हमारे प्रीमियम आउटलेट्स में उपलब्ध होगा।

## विवो ने लॉन्च किया विवो टीउएक्स 5जी




**नई दिल्ली।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड विवो ने आज भारत में अपनी टी सीरीज लाइनअप का विस्तार करते हुए लेटेस्ट एडिशन, वीवो टी3एक्स 5जी को लॉन्च किया है। नया विवो टी3एक्स 5जी तकनीक को पसंद करने वालों और मल्टीटास्करों को पूरा करता है, जो अपने सेगमेंट में सबसे तेज प्रदर्शन प्रदान करता है।स्नैपड्रेगन 6 जेन 1 मोबाइल प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित है, विवो टी3एक्स 5जी सीमलेस मल्टीटास्किंग और एक इमर्सिव यूज़र एक्सपीरियंस देता है।

यह विवो का पहला स्मार्टफोन है जो 6000 एमएएच की बैटरी के साथ आता है और जिसमें 44वाट फास्ट चार्जिंग क्षमता और ट्रेंडी डिज़ाइन है, जो इसे एक आदर्श मिड-रेंजर बनाता है।

दो आकर्षक रंगों क्रिमसन ब्लिस और सेलेस्टियल ग्रीन में उपलब्ध, वीवो टी3एक्स 5जी की कीमत 4GB+128GB वेरिएंट के लिए 13,499 रूपये 6GB+128GB वेरिएंट के लिए 14,999 रूपये और 8GB+128GB वेरिएंट के लिए 16,499 रूपये है। स्मार्टफोन 24 अप्रैल, 2024 से फ्लिकार्ट, वीवो इंडिया ई-स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए जाएगा। यूज़र एचडीएफसी और एसबीआई बैंक डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड पर 1500 रूपये तक की छूट सहित विभिन्न ऑफ़र का भी लाभ उठा सकते हैं।

लॉन्च के बारे में विवो इंडिया के ऑनलाइन बिजनेस हेड पंकज गांधी ने कहा, भारतीय बाजार में वीवो टी3एक्स 5जी को लाने के लिए हम काफी उत्साहित हैं। यह स्मार्टफोन न केवल बेहतरीन तकनीक के साथ, बल्कि हर तरीके से उपयोगकर्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाता है।

# ओला ने भारत को ईवी-रेडी बनाया, एस1एक्स रेंज के इलेक्ट्रिक स्कूटर्स के साथ मास-मार्केट सेगमेंट में प्रवेश किया

**बैंगलुरू।** आज ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1एक्स पोर्टफोलियो के लिए नई कीमतों की घोषणा करके इलेक्ट्रिक स्कूटरों की डिलीवरी के बारे में भी जानकारी दी। एस1एक्स तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशंस - 2 किलोवॉट घंटा, 3 किलोवॉट घंटा और 4 किलोवॉट घंटा में उपलब्ध होगा, जिनका मूल्य क्रमशः 69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य), 84,999 रुपये, और 99,999 रुपये होगा। एस1एक्स की डिलीवरी अगले सप्ताह से शुरू होगी। कंपनी ने एस1 प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स+ की नई कीमतों के बारे में भी बताया, जो अब क्रमशः 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये और 84,999 रुपये में मिलेंगे। साथ ही सभी एस1 स्कूटरों पर 8 साल/80,000 किलोमीटर की कॉम्प्लिमेंट्री बैटरी वॉरंटी बिना किसी अतिरिक्त लागत के दी जा रही है।

एस1एक्स रेंज के साथ कंपनी ने मास मार्केट सेगमेंट में प्रवेश किया है। एस1एक्स पोर्टफोलियो के लिए स्वामित्व की लागत कम है, और इस पर 8 साल/80,000 किलोमीटर की




कॉम्प्लिमेंट्री बैटरी वॉरंटी मिल रही है, जिसके कारण यह बाजार में बहुत ही आकर्षक मूल्य प्रस्ताव पेश कर रहा है।

ओला के प्रवक्ता ने बताया, ''हमारा मानना है कि भारत में ईवी का बाजार अपने चरम बिंदु तक पहुँच चुका है, और पिछले माह टू-व्हीलर सेगमेंट में ईवी का पेनेट्रेशन अब तक के सबसे ऊँचे स्तर पर था। हमारा एस1एक्स पोर्टफोलियो ईवी की ऊँची अपफ्रंट लागत का हल लेकर आया है, जो ईवी को अपनाने में आने वाली सबसे बड़ी अड़चनों में से एक है। ओला की मजबूत लागत संरचना और वर्टिकली इंटीग्रेटेड इन-हाउस टेक्नोलॉजी एवं मैनुफैक्चरिंग क्षमताओं के कारण हम अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर बहुत ही प्रतिस्पर्धी मूल्य में पेश कर पाए। एस1एक्स के नए मूल्यों और लोकप्रिय मूल्यों में विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ हमें विश्वास है कि हम देश में ईवी का पेनेट्रेशन बढ़ाने में मदद करेंगे।''

**फिज़िकल-की, आकर्षक रेंज और परफॉर्मेंस**

एस1एक्स सीरीज़ के साथ फिज़िकल-की दी जा रही है, और यह ग्राहकों की विभिन्न रेंज की मांगों को पूरा करती है। एस1एक्स रेंज में 4 किलोवॉट घंटा, 3 किलोवॉट घंटा, और 2 किलोवॉट घंटा के वैरिएंट्स के लिए क्रमशः 190 किलोमीटर, 143 किलोमीटर और 95 किलोमीटर की आईडीसी-सर्टिफाईड रेंज मिलती है। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर 6 किलोवॉट घंटा की मोटर के साथ आता है और 4 किलोवॉट घंटा एवं 3 किलोवॉट घंटा के वैरिएंट के लिए केवल 3.3 सेकंड में 0 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति हासिल कर लेता है तथा 90 किलोमीटर प्रति घंटा की सर्वोच्च गति से चल सकता है। 2 किलोवॉट घंटा वैरिएंट 85 किलोमीटर प्रति घंटा की सर्वोच्च गति से चल सकता है और 0 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति 4.1 सेकंड में प्राप्त करता है।

## इफको का नैनो यूरिया प्लस तीन साल के लिए अधिसूचित, कीमत 225 रुपये

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने नैनो यूरिया प्लस को तीन साल के लिए अधिसूचित किया है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) का नैनो यूरिया प्लस उसके नैनो यूरिया का उन्नत फॉर्मूलेशन है। इसकी अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसानों को नैनो यूरिया प्लस मिलना शुरू हो जाएगा।

इफको के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. यूएस अवस्थी ने नैनो यूरिया प्लस की अधिसूचना जारी होने की जानकारी देते हुए कहा कि इफको का नैनो यूरिया प्लस (तरल) 16 फीसदी नाइट्रोजन 2/2 जो कि 20 फीसदी नाइट्रोजन 2/1 के बराबर है। इसको भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने तीन साल के लिए अधिसूचित किया है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया प्लस की कीमत में वृद्धि नहीं की गई है। यह 225 रुपये की दर से 500 मिली. की बोतलों में उपलब्ध है।

अवस्थी ने कहा कि नैनो यूरिया प्लस इफको का नैनो यूरिया का उन्नत फॉर्मूलेशन है, जो फसल विकास के महत्वपूर्ण चरणों में नाइट्रोजन की जरूरतों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता को बढ़ावा मिलेगा। अवस्थी ने बताया कि इसका उद्देश्य किसानों को फायदा पहुंचाना और स्थाई पर्यावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि यह सूक्ष्म पोषक तत्वों को बढ़ावा देता है। यह एक क्लोरोफिल चार्जर है, जो बदलती जलवायु में खेती में मदद करता है।

## इटरनिया ने गोरखपुर में अपने स्टोर का अनावरण किया

**गोरखपुर।** एल्युमिनियम के दरवाजे तथा खिड़कियों का निर्माण करने वाले भारत के पहले WiWA-प्रमाणित ब्राण्ड, इटरनिया ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शहर में अपने



अत्याधुनिक एक्सपीरियंस स्टोर का शुभारंभ किया है। ये दरवाजे तथा खिड़कियां ड्यूरेनियम (हिंडाल्को द्वारा बनाया गया एक पेटेंट एल्युमिनियम मिश्रधातु है) के बने होते हैं। यह स्टोर शहर के लोगों को बेहतरीन स्तर के एल्युमिनियम दरवाजे तथा खिड़कियां उपलब्ध कराने के लिए खोला गया है। फिलहाल इटरनिया देशभर में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए अपनी महत्वाकांक्षी विस्तार योजना पर काम कर रहा है। गोरखपुर में स्टोर को खोलना उभरते हुए बाजारों में प्रवेश करने और ग्राहकों की बदलती पसंद को पूरा करने की इटरनिया की प्रतिबद्धता दर्शाता है। इस रिटेल आउटलेट में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पाद प्रदर्शित किये जाएंगे, जहां खरीदार कोई भी प्रोडक्ट खरीदने से पहले उसे अच्छी तरह देख और परख सकते हैं। गोरखपुर में इटरनिया स्टोर का उद्घाटन 17 अप्रैल को रवि किशन, लोकसभा सांसद (गोरखपुर), भारतीय अभिनेता, और फिल्म निर्माता की उपस्तिथि में किया गया। धीरज राय, प्रमुख-चैनल विकास और सक्षमता, इटरनिया, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आदित्य बिड़ला ग्रुप) का कहना है, ÷इटरनिया के लिए इतने बेहतरीन बाजार के रूप में गोरखपुर में प्रवेश करने की हमें बेहद खुशी है। स्मार्टफोन व इंटरनेट की व्यापक पहुंच की वजह से लक्ज़री उत्पादों की मांग बढ़ी है, खासकर टियर-1 शहरों के बाहर। फिर गैर-महानगरों में विस्तार करना हमारे लिए स्वाभाविक प्रगति थी। गोरखपुर में इस स्टोर के साथ, हम इस शहर में सिर्फ एक एल्युमिनियम दरवाजे तथा खिड़की बेचने वाले रिटेल स्टोर के रूप में नहीं, बल्कि एक अहम सदस्य बनना चाहते थे। हमें इस क्षेत्र में ग्राहकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिलने की उम्मीद है।'' अगले साल तक इटरनिया पूरे भारत में 200 से भी ज्यादा स्टोर खोलने की योजना बना रहा है। हाल ही में इस ब्राण्ड ने लखनऊ, कानपुर और इंदौर में अपना फ्लैगशिप एक्सपीरियंस सेंटर खोला है।

# केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के प्रॉमिस4ग्रोथ प्लान के साथ ग्रोथ और वित्तीय सुरक्षा का अनुभव करें

**■ कंपनी द्वारा शुरू की गई एक यूनिट लिंक्ड व्यक्तिगत बचत जीवन बीमा योजना**

**लखनऊ।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा की राह पर चलने के इच्छुक ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया एक नया यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) प्रॉमिस4ग्रोथ पेश किया है। यह प्रोडक्ट संपूर्ण वित्तीय समाधान प्रदान करने, व्यापक सुरक्षा के साथ एक आकर्षक निवेश विकल्प पेश करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के प्रॉमिस4ग्रोथ प्लान में काफी लचीलापन है। इसमें एक नए फंड - मिडकैप मोमेंटम ग्रोथ इंडेक्स फंड सहित तमाम निवेश विकल्प मिलते हैं। इसमें व्यक्तिगत निवेशकों के लिए काफी ज्यादा ग्रोथ की संभावनाएं हैं। प्रॉमिस4ग्रोथ प्लान में ग्राहक वित्तीय समृद्धि की दिशा में एक लंबा रास्ता तय कर सकते हैं। इस प्लान में कई फंड्स में से चुनाव कर सकते हैं। इससे निवेशक विभिन्न आर्थिक चक्रों और उपलब्धियों को हासिल करने के लिए उपलब्ध फंड्स के बीच आसानी से स्विच कर सकते हैं।

इस मौके पर केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफीसर ऑल्टरनेट चैनल्स एवं चीफ स्ट्रैटेजी ऑफीसर श्री ऋषि माथुर ने कहा, हम लोगों के तमाम तरह के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हमारे नए यूलिप प्रोडक्ट, प्रॉमिस4ग्रोथ का अनावरण करके खुश हैं। प्रॉमिस4ग्रोथ के साथ, हमें मिडकैप शेयरों में निवेश करने वाले एक नए फंड सहित नए निवेश अवसर पेश करने पर गर्व है। हमने पॉलिसीधारकों के रिटर्न को बढ़ाने के लिए बहुत कम शुल्क, मॉर्टैलिटी शुल्क की वापसी और बड़े बूस्टर के साथ एक बेहतर प्रोडक्ट तैयार किया है। हमें उम्मीद है कि नया प्रोडक्ट हमारे ग्राहकों की वित्तीय आकांक्षाओं को पूरा करेगा। यह ग्राहकों को उनकी वित्तीय यात्रा में सपोर्ट देने, उनकी वित्तीय आकांक्षाओं के अनुरूप समाधान पेश करने और उनकी जरूरतों के मुताबिक सावधानीपूर्वक नए प्रोडक्ट तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है।÷

यह नया प्रोडक्ट तीन खास प्लान ऑप्शंस - प्रॉमिस4वेल्थ, प्रॉमिस4केयर और प्रॉमिस4लाइफ के साथ अलग-अलग वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है। इनसे प्रत्येक अलग-अलग बचत लक्ष्यों और जीवन चरणों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। रिटर्न ऑफ मॉर्टेलिटी कमीशन पारदर्शिता बनाए रखते हुए जीवन बीमा पॉलिसीज की वैल्यू बढ़ाती है। इसके साथ है ये उस विश्वास का प्रतीक है जो एक जीवन बीमा कंपनी के रूप में केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस प्रतिबद्धता को परिभाषित करती है। प्रीमियम फंडिंग बेनिफिट के चलते पॉलिसीधारक के न रहने पर निर्बाध बचत योगदान की सुविधा मिलती है, इससे मन की शांति मिलती है। इसके अलावा, लॉयल्टी एडिशन और वेल्थ बूस्टर नियमित रूप से फंड की वैल्यू को बढ़ाते हैं, जिससे योजना की कुल वैल्यू में बढ़त होती है।

अतिरिक्त लचीलेपन और तरलता के लिए यह प्लान ÷सिस्टमैटिक विद्ड्रॉअल÷ और ÷माइलस्टोन विद्ड्रॉअल÷ विकल्पों के साथ आता है। चुनने के लिए कई फंड विकल्प और पोर्टफोलियो मैनेजमेंट विकल्प होने से पॉलिसीधारक अपनी प्राथमिकताओं के मुताबिक अपने रिटर्न को ऑप्टिमाइज कर सकते हैं। इसके अलावा यह प्लान प्रीमियम पेमेंट और पॉलिसी शर्तों में अधिक लचीलापन प्रदान करता है, जिससे इसमें जरूरत और निवेश उद्देश्यों के मुताबिक कस्टमाइज करने की सुविधा मिलती है।

अवधनामा



# बहुजन समाज संविधान और आरक्षण के बल पर आगे बढ़ा : राजेश अकेला

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** अम्बेडकर मिशन के कार्यकर्ताओं की ओर से शीतलागंज में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में संवाद कार्यक्रम और सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और छात्र छात्राओं ने अपने सुंदर गीतों के माध्यम से नई पीढ़ी को डा अम्बेडकर के सामाजिक दर्शन को धरातल पर उतारने के साथ भारतीय संविधान की रक्षा के संदेश दिए। वक्ताओं ने भी भारतीय संविधान का गुणगान किया। बहुजनों को सोच समझकर कर शत-प्रतिशत मताधिकार के प्रयोग लिए सचेष्ट किया गया।यह भी कहा गया है वोट का अधिकार बहुजन समाज के लिए अमूल्य निधि है इसे शराब उपहार और पैसे की कीमत पर कत्तई न दे । मताधिकार की रक्षा बहन बेटियों की इज्जत की तरह करें। मंगलवार को भगवान बुद्ध और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण और त्रिसरण पंचशील के बाद सभा का आयोजन शुरू हुआ। वरिष्ठ बौद्धाचार्य वैरागी राम भारती ने लोगों को त्रिसरण पंचशील ग्रहण कराया और कहा कि जीवन के अंतिम वर्षों में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने हर प्रकार के शोषण और जातिभेद से निजात के लिए अपने अनुयायियों को बौद्ध मय भारत के निर्माण के संदेश दिए थे। रमेश कुमार कोरी ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे सुंदर संविधान है और बहुजनों के लिए अमूल्य निधि है। मुख्य अतिथि डा शिवमलन सरोज ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने से ही बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का मिशन पूरा हो सकता है।बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने अम्बेडकर मिशन के सफर का विस्तार से उल्लेख किया और कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने असमानता के विरुद्ध जीवन भर संघर्ष किया। राजेश अकेला ने कहा कि बहुजन समाज संविधान और आरक्षण के बल पर आगे बढ़ा है।कवि राम चंद्र सरस ने अपनी कविताओं के माध्यम से भारतीय संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की अलख जगाई। सभा को आयोजक ओम प्रकाश गौतम विशेश्वर पटेल संजय कुमार कोरी राजेन्द्र कुमार रामचंद्र अनंत राम पटेल छेदीलाल पासवान श्याम कुमार अंजलि बौद्ध आदि ने संबोधित किया।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श आज भी प्रासंगिक : सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता



**श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक और मर्यादा के आदर्श परमपुरुष : सीएम**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श हजारों वर्षों बाद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने त्रेतायुग में थे। श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक हैं। मर्यादा के आदर्श हैं। परमात्मा स्वरूप परमपुरुष हैं। हर क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्श हम सभी को पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।

गोरखनाथ मंदिर में बुधवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र व श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मां भगवती के अलग अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ संपन्न हुआ है। नवरात्र प्रकृति और परमात्मा से जुड़ाव की अद्भुत परंपरा है। उन्होंने आदिशक्ति मां भगवती से चराचर जगत के कल्याण की कामना की। सीएम योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र की महत्वपूर्ण नवमी तिथि समाज को मर्यादा के मार्ग पर ले जाने वाले व मानवीय जीवन मूल्यों का उच्च आदर्श प्रस्तुत करने वाले प्रभु श्रीराम के जन्मदिन की भी तिथि होती है। हजारों वर्षों पूर्व अयोध्या के महाराजा दशरथ के पुत्र के रूप में सृष्टि के पालक भगवान विष्णु ने धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए अवतार लिया था। आज भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव देश दुनिया में सनातन धर्मावलंबियों द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में इस बार श्रीरामनवमी बेहद उमंग और आस्था के साथ मनाई जा रही है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्रीरामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं और इसका अलग ही उल्लास आज वहां के श्रीरामजन्मोत्सव में देखने को मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण कर हम सभी समाज और देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करें, यही भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक होगा।

## मां सिद्धिदात्री की आराधना कर सीएम ने किया हवन

कन्या पूजन अनुष्ठान और श्रीरामजन्मोत्सव मनाने के पूर्व बुधवार सुबह मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में विधि विधान से मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना की। पूजा अर्चन के बाद उन्होंने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि का हवन अनुष्ठान किया।

## निःशुल्क जांच शिविर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र चड़वानी माता स्थान माडर में प्रियंका हॉस्पिटल के तत्वाधान में निःशुल्क जांच शिविर के साथ दवा वितरित किया गया। जिसमे 135 मरीजों की जांच कर दवा वितरित किया गया। जांच ब्लेड प्रेसर, शुगर, थायराइड, यूरीन, हर्ट, सहित अनेक बीमारियों की जांच किया गया। इस दौरान डा अभिषेक पांडेय, डा मंजीत निषाद, डा हरिकेश पांडेय मौजूद थे।

## सीएम ने गोरखनाथ मंदिर में मनाया श्रीराम जन्मोत्सव



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने बुधवार दोपहर श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा। वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। दोपहर के बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की प्रार्थना की।

## भए प्रकट कृपाला दीन दयाला...



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का प्राकट्य उत्सव घर-घर मनाया गया। श्रीरामचरितमानस की चौपाई भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। घर-घर गूंजी लोग चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम के प्राकट्य के समय पूजन अर्चन और भजन कीर्तन करते नजर आए। भगवान का जन्मोत्सव घर-घर मनाया गया। मंदिरों में भी पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान के प्राकट्य उत्सव में उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित श्री राम जानकी मंदिर में पहुंचकर केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी ने अपने समर्थकों के साथ पूजन अर्चन और आरती किया। इसी प्रकार जिले के विभिन्न मंदिरों में भगवान के प्राकट्य उत्सव को लोगों ने अपने-अपने तरीके से मनाया। ककवा रोड पर कोरारी गिरधर शाह के समीप श्रद्धालुओं ने शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। श्री धाम अयोध्या के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी लोगों ने देखा।

# बाबा साहेब ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से महानता को प्राप्त किया

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार की रात लक्ष्मीपुर स्थित अंबेडकर पार्क में अंबेडकर युग जन जागरण विचार मच के तत्वाधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसके मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अकमल हुसैन रहे।

**दुल्हन की तरह सजाया गया था लक्ष्मीपुर का अंबेडकर पार्क**



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधान अकमल हुसैन

इस मौके पर उन्होंने अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्क को दुल्हन की तरह सजाया गया था जिसे देखकर हर कोई आकर्षित हो रहा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान अकमल ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पी के रूप में भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का कार्य किया। कहा कि बड़े घर में जन्म लेकर बड़ा बनना एक उपलब्धि हो सकती है, लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को एक नई प्रेरणा देना महानता की पराकाष्ठा को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने अपने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से इस महानता को प्राप्त किया था। उन्होंने भारतीय संविधान के शिल्पी के रूप में भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का कार्य किया। इस मौके पर इस्तेयाक खान, सुदामा प्रसाद, राम दरस प्रसाद, रेखा, कमरे आजम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अलग-अलग विवाद में मारपीट, आठ पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के हरदी निवासी गीता देवी पत्नी जगदीश दरवाजे के सामने दुर्गा मंदिर का निर्माण करा रही थी। उसी बात को लेकर पड़ोसी विवाद की रहे थे। सास शनिचरा देवी ने विरोध किया तो आरोपी,गाली गलौज करते हुए डंडे मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने शर्मानंद, रंजीत, जगदीश के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। सहजनवा थाना क्षेत्र के भैंसला निवासी मेनिका सिंह के पति संतोष सिंह ने शराब के नशे गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति संतोष सिंह के खिलाफ, गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। सहजनवां थाना क्षेत्र पनिका निवासी संतोष कुमार पांडेय पुत्र महातम पांडेय के घर के पीछे 14 अप्रैल को पड़ोस के कुछ लोग कूड़ा फेक रहे थे। मना करने पर गाली गलौज करने लगे। बेटी आंकाक्षा ने विरोध किया तो आरोपी मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने बुझारत, रमेश, माधुरी, रमेश की पत्नी के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## बंद कमरे को चोरो ने खंगाला नकदी गहने चोरी केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के वार्ड 10 लुचूई में बंद मकान को चोरो ने कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखा नकदी और गहने चुरा ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से नगर पंचायत सहजनवा वार्ड 10 लुचूई निवासी विनोद सिंह पुत्र चंद्रभूषण सिंह 11 अप्रैल को परिजन के साथ बागेश्वर धाम गए हुए थे। 15 अप्रैल को रात्रि में 8 बजे घर पर पहुंचे तो देखा की कमरे का ताला टूटा हुआ है। सामान घर में बिखरे हुए है। पड़ोस के लोगो ने बताया की 13 अप्रैल की रात्रि में चोरो ने घर में चोरी किया था। जानकारी लेने पर पता चला की आलमारी में रखा 12 हजार नकद,दो सोने की चैन,तीन जोड़ी झाला,नथुनी,दो अंगूठी,चार जोड़ी पायल,बैंक पास बुक एटीएम कार्ड चोर चुरा ले गए हैं। पीड़ित की शिकाउत पर पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## धन दूना करने के नाम पर 80 हजार रुपये की जालसाजी केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के मुजौली निवासी एक व्यक्ति को जालसाज ने धन दूना करने के नाम पर 80 हजार रुपया हड़प लिया। पुलिस ने गुगल मोबाइल नंबर के व्यक्ति के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के मुजौली निवासी शिव बहादुर सिंह पुत्र बलदाऊ सिंह के फोन पर 19 मार्च को अंजान नंबर से फोन आया। उस व्यक्ति ने धन दूना करने का झांसा दिया। उसके बहकावे में आकर गुगल नंबर जो सन्नी कुमार उर्फ सन्नी के नाम से था 25 हजार मंगाया। फिर जितेंद्र कुमार व रजनी देवी के गुगल पे नंबर पर कई बार में 55 हजार रुपया मंगाया लेकिन धन दूना नही हुआ और भेजा गया रुपया भी वापस जालसाज ने नही किया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गुगल पे मोबाइल नंबर के व्यक्ति के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है।

# रामनवमी पर राम मय हुआ पूरा मझौलीराज सांसद एवं राज्यमंत्री शोभायात्रा में शामिल



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा के मझौलीराज में रामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में जय श्रीराम के नारों से सारा मझौलीराज गुंजायमान हुआ। श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति के द्वारा प्रतिवर्ष रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। श्रीहनुमान चौक से भगवान श्रीराम की प्रतिमा के साथ निकली शोभायात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया रामभक्तों का सैलाब वैसे-वैसे उमड़ता चला गया। शोभायात्रा शिक्षा नगर होते हुए बरवा टोला से किला चौराहा ,दीर्घेश्वरनाथ मोड़ से भांगड़ा भवानी मन्दिर पर समाप्त हुआ। भव्य एवम आकर्षक शोभा यात्रा में विशेषरूप से सांसद रविन्दर कुशवाहा एवम राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम भी शामिल हुए और रामभक्तों और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।वे श्रद्धालुओं के साथ सड़क पर भगवा ध्वज के साथ कदमताल करते नजर आए। सांसद एवम मंत्री को अपने बीच पाकर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर दिखा। भक्त परम्परागत परिधानों में कला का प्रदर्शन कर रहे थे। शोभायात्रा में राम भक्तो ने जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाये। सड़क सहित विभिन्न चौक चौराहों पर शोभायात्रा के ऊपर पुष्प वर्षा भी किया गया।

# देवरिया में भू माफिया व अपराधी बेखौफ

अवधनामा संवाददाता





**देवरिया।** एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंचों से ऐलान करते है कि प्रदेश से अपराधी और भू माफिया पलायन कर गये है बचे अपराधी व भू माफियाओ का जगह जेल है। लेकिन देवरिया जनपद में भू माफिया व अपराधी बेखौफ है यहां अपराध व भूमि विवाद आए दिन बढ़ता नजर आ रहा है। भूमि विवाद को लेकर जनपद में आए दिन खून खराबा देखने को मिल रहा है। वही पुलिस व अधिकारियो की छोटी सी लापरवाही से फतेहपुर में नरसंहार कांड हूआ जिसमें आधा दर्जन लोगों की निर्मम हत्या हुई वही अधिकारी फतेहपुर कांड के बाद भी अपनी लपरवाही से बाज नहीं आ रहे है। जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीनता के वजह से दबंग भू माफियाओ का मनोबल बढ़ता जा रहा है और सरकार की छवि धूमिल होती दिख रही है। ऐसा ही ताजा मामला देवरिया जनपद के खुखुंदू थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राज मार्ग देवरिया सलेमपूर मुख्य मार्ग पर स्थित विशुनपुरा गांव में आराजी संख्या मिल जुमला 37 रकबा 0. 374 हेक्टेयर पर दबंग भू माफियाओं ने कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि दबंग बहला फुसलाकर खिला पिलाकर, लालच व प्रलोभन देकर अपने बस में कर लिए हैं तथा भू माफ़िया पीड़ित किसान को बिना सूचना दिए बंधक करा लिए हैं। बताया जाता है कि दबंग भू माफिया रमेश यादव, उमेश यादव, श्रवण कुमार यादव व अर्जुन यादव ने पीड़ित गंगासागर पटेल की भूमि को 30 साल के लिए जबरदस्ती पट्टा करा लिया। दबंग अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं जिससे हमारे पूरे परिवार भाइयों एवं भतीजी को दबंगों से जान माल का खतरा है, हमारा पूरा परिवार इन लोगों से काफी डरा एवं सहमा हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि पीड़ित परिवार का जीविकोपार्जन व भरण पोषण के लिए एक मात्र यही आराजी भूमि का सहारा है क्योंकि अभी तक बटवारा ना होने के कारण सभी लोग अपने-अपने हिस्से में जोत बोकर गुजरा करते हैं। पीड़ित गंगासागर ने बताया कि इस मामले को हमने संबंधित थाना खुखुंदू देवरिया पुलिस अधीक्षक वह जिला अधिकारी को अपना प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कहीं से कोई मुझे न्याय की आस नजर नहीं आ रही है जिससे थक हार कर हमने मीडिया का सहारा लिया और अपना पक्ष मीडिया के सामने रखा ताकि मुझे न्याय मिल सके।

## आग लगने से एक बीघा गेहूं की फसल हुई खाक

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** भीषण गर्मी और प्रचंड धूप में अचानक हाई टेंशन बिजली का तार टूटने से खेत में आग लग गई। जिससे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड भादर के सोनारी गांव निवासी गंगा प्रसाद का अग्रेसर नारायणपुर गांव स्थित खेत में गेहूं की फसल में हाई टेंशन बिजली का तार टूट कर गिरने से मंगलवार की शाम आग लग गई। जिससे एक बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आग के विकराल रूप को देखकर ग्रामीणों को उसे बुझाने के लिए कड़ी मशक्त करनी पड़ी। आग बुझने से अगल बगल के किसानों ने राहत की सांस ली। आग लगने के दौरान लोगों ने बताया कि वह अग्निशमन केंद्र पर लगातार संपर्क करने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन किसी भी ग्रामीण का अग्निशमन केंद्र से संपर्क स्थापित नहीं हो सका।

## थाना खुखुन्दू पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर लूट की घटना का किया गया सफल अनावरण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पिन्टू उर्फ मुकेश त्यागी पुत्र रामभूल त्यागी निवासी-मोदीनगर फिरोजपुर थाना नेवाड़ी जनपद गाजियाबाद अपने भाई की शादी के लिए गोविन्द गौड़ पुत्र छोटेलाल गौंड़ निवासी-परसिया अहिर थाना कोतवाली जनपद देवरिया के माध्यम से अपने भाई समेत कुल 04 लोग सलेमपुर स्टेशन के पास चार पहिया वाहन से आये थे, जहां पर स्थित एक छोटे से मन्दिर में गोविन्द गौंड़ द्वारा लायी गयी लड़की को देखने के उपरान्त उससे उसके भाई का विवाह सम्पन्न हुआ तथा सलेमपुर कस्बे में इन लोगों द्वारा शॉपिन्ग भी की गयी तथा उसके उपरान्त वापस जा रहे थे कि थाना खुखुन्दू क्षेत्रान्तर्गत भरथुआ चौराहे के पास एक चार पहिया वाहन यूपी.43.एस.6666 से गोविन्द गौड़ (अगुवा) उपरोक्त व अन्य द्वारा ओवरटेक कर उनके पास रखे 14 हजार 200 रूपये लूट लिये गये तथा वादी के भाई व उसकी नवविवाहिता पत्नी को तमंचा व चाकू के बल पर अपनी गाड़ी में बैठाकर जबरदस्ती वहां से भाग गये थे। वादी श्री मुकेश त्यागी उपरोक्त की तहरीर के आधार पर थाना खुखुन्दू में 149/2024 धारा-364,392 का अभियोग गोविन्द गौड़ पुत्र छोटेलाल गौंड़ निवासी-परसिया अहिर थाना कोतवाली जनपद देवरिया व 03 अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत करते हुए आज को थाना खुखुन्दू पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर घटना का अनावरण करते हुए कतरारी चौराहे के पास से वाहन यूपी.43.एस.6666 में से वादी के भाई को बरामद करते हुए अभियुक्तगण 01. गोविन्द गौड़ पुत्र छोटेलाल गौंड़ निवासी-परसिया अहिर थाना कोतवाली जनपद देवरिया रामप्रवेश राजभर पुत्र रामदरश राजभर निवासी-हरैया थाना सुरौली जनपद देवरिया, धनेश कुमार गौंड़ पुत्र बृजभान गौंड़ निवासी-परसिया अहिर थाना कोतवाली जनपद देवरिया,.बबलू मद्धेशिया पुत्र रामबहार मद्धेशिया निवासी-रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया, जिनकी शिनाख्त वादी मुकदमा द्वारा की गयी, जिनके पास से लूट के 14 हजार 90 रूपये, 02 अदद देशी तमन्चा, 02 अदद जिन्दा कारतूस व 02 अदद चाकू बरामद किया गया, अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगों द्वारा मिलकर वादी उपरोक्त को अपने झांसे में लेकर शादी कराने के बहाने देवरिया बुलाकर उनके साथ लूट की घटना कारित करने का षड़यन्त्र बनाया गया था, जिसमें लड़की भी हम लोगों के साथ मिली हुई थी जिसे हम लोगों द्वारा सोनूघाट के पास छोड़ दिया गया था।

# सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 तक खुलेंगे स्कूल

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लगातार तापमान में हो रही वृद्धि और लू के प्रकोप को देखते हुए डीएम के निर्देश पर जिले में संचालित सभी राजकीय, वित्तपोषित और स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के संचालन में परिवर्तन किया गया है। यह जानकारी डीआईओएस रविंद्र सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि जिले में संचालित राजकीय, वित्तपोषित और स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों का संचालन सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय संचालन के दौरान सभी विद्यालयों में ओआरएस, शुद्ध पेजयल और जरूरी दवाओं की व्यवस्था रखेंगे। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



## फाजिलनगर उपकेंद्र से 6 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी ठप

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** स्थानीय बिजली उपकेन्द्र से आपूर्ति होने वाले सभी सात फीडरों की सप्लाई गुरुवार से आगामी 26 अप्रैल तक दिन के सुबह दस बजे से शाम के चार बजे तक बिजली आपूर्ति बन्द रहेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए फाजिलनगर उपकेंद्र के अवर अभियन्ता संदीप कुमार मिश्र ने बताया कि इस दौरान कसया से आने वाले तैंतीस हजार के सप्लाई का तार व पोल बदलने का कार्य कराया जायेगा।

## होमियोपैथिक सेंटिफिक सेमिनार का आयोजन आज

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के द रॉयल रेजीडेंसी होटल में गुरुवार को नेशनल होम्यो रत्न अवार्ड सेरेमनी 2024 व होमियोपैथिक सेंटिफिक सेमिनार का आयोजन किया गया है। यह जानकारी एच.एम.ए.आई. यूनिट कुशीनगर डॉ. राणा प्रताप यादव ने देते हुए बताया कि इस सेमिनार में भारत के हर कोने से डॉक्टर प्रतिभा करेंगे।

# सत्कर्म करने के लिए मिला है मानव जीवन



**भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के टिकरी गांव के पूरे मंधार दूबे में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास कालिकन धाम के पीठाधीश्वर श्री महाराज ने शौनक ऋषियों के प्रश्न भगवान की भक्ति की महिमा गोकर्ण और धुंधकारी की कथा के साथ सप्ताह यज्ञ सुनने और करने की विधियों के बारे में बताया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।कथा व्यास ने कहा कि सूत जी महाराज से शौनक ऋषियों ने भक्त और भगवान के बारे में अनेकों प्रश्न किए। जिसका अलग अलग उत्तर देते हुए कथा का प्रसंग रोचक होता चला गया। बताया कि भागवत कथा सुनने से भक्त के अनेकों कष्ट दूर हो जाते हैं। गोकर्ण की सद प्रवृत्ति और धुंधकारी को प्रेत योनि में जाने की कथा सुनाते हुए व्यास ने कहा कि चौरासी लाख योनियों के बाद मानव जीवन सत्कर्म करने के लिए मिला है इससे मनुष्य अपना लोक और परलोक सब सुधार सकता है। भगवान की भक्ति केवल मानव ही कर सकता है कोई भी पशु पक्षी भगवान को धूप दीप नही कर सकता। व्यास ने सप्ताह यज्ञ सुनने और करने की विधियों को भी बताया। पंडित देव प्रकाश पाठक ने विधि विधान से पूजन कराया। इस मौके पर अशोक दूबे सुभाष सोनू दूबे राजू तिवारी साधू सिंह के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। कथा यजमान भाना देवी एवं कृष्ण चंद्र दूबे ने आए हुए श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आखिरी दिन देवी मंदिरों में माँ सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना को जुटे श्रद्धालु

## घर-घर हवन पूजन और कन्या भोज का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** वासन्तिक नवरात्रि के आखिरी दिन बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने देवी मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका। नवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना हुई घर घर हवन पूजन और कन्या भोज का आयोजन हुआ। इस दिन आदि शक्ति दुर्गा के नवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जाती है। श्रद्धालुओं ने हवन और कन्याभोज का भी आयोजन किया।

कहा गया है कि सिद्धिदात्री माँ की उपासना पूर्ण कर लेने के बाद भक्तों और साधकों की लौकिक पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है। सिद्धिदात्री माँ के कृपापात्र भक्त के भीतर कोई ऐसी कामना शेष बचती ही नहीं है जिसे वह पूर्ण करना चाहे। वह सभी सांसारिक इच्छाओं आवश्यकताओं और स्पृहाओं से ऊपर उठकर मानसिक रूप से माँ भगवती के दिव्य लोकों में विचरण करता हुआ उनके कृपा-रस-पीयूष का निरंतर पान करता हुआ विषय-भोग-शून्य हो जाता है। माँ भगवती का परम सान्निध्य ही उसका सर्वस्व हो जाता है। माँ भगवती का स्मरण ध्यान पूजन हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हुए वास्तविक परम शांतिदायक अमृत पद की ओर ले जाने वाला है। नगर स्थित देवीपाटन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी लोगो हवन पूजन किया।



गायत्री मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। संग्रामपुर स्थित सिद्ध पीठ माँ कालिकन धाम में भोर से ही भक्तो की कतार लग गयी यहां श्रद्धालुओं ने माँ का दर्शन और पूजन अर्चन हवन किया।

टिकरी चढ़ाने के लिए भी माँ के दरबार में भीड़ रही धमसा धाम मवई धाम बूढ़न माता धाम दुर्गन भवानी सती महरानी काली माता सहित विभिन्न देवी मंदिरो में श्रद्धालु पहुंचे। जहां हवन पूजन की होड़ लगी रही। प्रशासन भी जगहजगह सजग रहा। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम नजर आये।

# देवी महागौरी की भक्तों ने की पूजा

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** चैत्र नवरात्र के आठवें दिन भक्तों ने माता के महागौरी स्वरूप की पूजा की। सुबह से ही देवी भक्तों का मंदिरों में तांता लगना शुरू हो गया। लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर स्थित लोहरामऊ देवी मंदिर नवरात्र के दिनों में दशकों से भक्तों के लिए विशेष आस्था का केन्द्र बना हुआ है। बड़ी संख्या में लोगों ने यहां पहुंचकर दर्शन किया। इसके अलावा शहर के नैनादेवी,गायत्री शक्तिपीठ तथा चांदा क्षेत्र के माता जालपा देवी मंदिर,कुड़वार क्षेत्र के शीतला माता मंदिर में भी सुबह व शाम को काफी भीड़ उमड़ी।

आप सभी को बताते चलें कि जिले के बल्दीराय तहसील क्षेत्र के समरथपुर (जबरगंज)में स्थित मां गोलहन भवानी मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र बना है। सोमवार व शुक्रवार को यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। नवरात्र में यहां पूरे नौ दिन भक्तों की भीड़ रहती है। मान्यता है कि मुरादें पूरी होने के बाद लोग यहां पर गोला दाग कर कन्या भोज कराते हैं। महिलाएं धाम पर हलवा पूरी चढ़ाकर मंगल गीत गाकर मां को खुश करके स्वयं हर्षित होती हैं। मन्नतें पूरी होने के बाद लोग मां के दरबार में भक्त घंटा भी बांधते हैं और कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें वस्त्र,दान, दक्षिणा आदि उपहार भेंट करते हैं।

**रहमान का परिवार करता है गोला दागने का काम:** जिन भक्तों की मनोकामनाएं गोल्हन भवानी देवी मंदिर में दर्शन करने के बाद पूरी होती हैं, वह मंदिर परिसर में गोला दागते हैं। यहां के स्थानीय निवासी मुस्लिम समुदाय से आने वाले रहमान के परिवार के लोग भक्तों की तरफ से गोला दागने का काम करते हैं। जो हिन्दु-मुस्लिम एकता की अनूठी मिशाल बना हुआ है।

# त्यौहारों के मद्देनजर एसपी ने कोतवाली में किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। साथ ही सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शत-प्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण किया जाये एव थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और जमीनी संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सीएचसी पर हुआ होता बेहतर इलाज, तो बच जाती बच्चे की जान

- जिंदगी- मौत से जूझ रहे चपेट में आए बच्चे, लीपापोती में जुटे सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** फूड पॉइज़निंग से एक ही परिवार के चार बच्चे बेहोश हो गए तो सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ले जाया गया। कहां पर एक मासूम की मौत हो गई। दोपहर बाद स्कूल से घर लौटे बच्चों ने घर पर खाया था। खाने के बाद बच्चों की तबियत खराब हो गई। उन्हे इलाज के लिए सी एच सी ले जाया गया,जहां इलाज के दौरान सीएचसी पर एक बच्चे की मौत हो गई। बीमार सभी बच्चों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा हैं।शिवगढ़ थानाक्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर की घटना बताई जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। सीएमओ डॉक्टर ओपी चौधरी बोले, एक बच्चे की मौत ही है। कारण का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम लगाई गई है। फिलहाल बेहतर इलाज की बजाय लीपापोती करने में सीएमओ ओ पी चौधरी जुटे हुए हैं। जबकि सीएचसी भदैया में उचित इलाज हुआ होता तो जान बच सकती थी।लेकिन आलम तो ये है कि हरी,पीली नीली सफेद गोली के अलावा न तो दवाएं रहती है न ही चिकित्सक व कर्मी ही मौजूद रहते है। वही अभी हाल में ही बिरसिंहपुर हॉस्पिटल में खामियों पर एडी स्वास्थ ने फटकार लगाई थी। आकस्मिक सेवाएं चालू करने की बात कही थी।जबकि ये खामियों कभी भी सीएमओ साहब को नहीं दिखाई पड़ती है।सूत्रों ने दबी जुबान से बताया कि साहब जब हर महीने एक निश्चित रकम सी एच सी,पी एच सी से वसूलेंगे तो बेहतर इलाज की अपेक्षा बेमानी ही साबित होगी।

# आबकारी दल ने कबूतरा डेरा मऊमाफी में दी दविश

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में अवैध कच्ची शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के संयुक्त आदेश पर यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को आबकारी विभाग व पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये कबूतरा डेरा मऊमाफी में दविश दी गयी। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-प्रथम अन्विता तिवारी के नेतृत्व में कबूतरा डेरा मऊमाफी में दविश दी गयी। इस दौरान मौके से 540 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी तो वहीं आठ हजार किलोग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया।

दविश के दौरान सीमा पत्नी चन्द्रभान कबूतरा, राजकुमारी पत्नी भरत कबूतरा, भारती पत्नी निलेश कबूतरा और महेन्द्र पुत्र सीताराम को हिरासत में लिया गया है। इस कार्यवाही के दौरान आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- प्रथम अन्विता तिवारी, क्षेत्र-2 के आबकारी निरीक्षक संजय गौतम, क्षेत्र-3 से आबकारी निरीक्षक हेमन्त पाण्डेय, क्षेत्र-5 से आबकारी निरीक्षक प्रशान्त कुमार, मसौरा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजीव धामा व उप निरीक्षक मलखान सिंह मौजूद रहे।

## खाद्यान्न घोटाले का लेखा-जोखा

**सुलतानपुर।** केंद्र तथा राज्य सरकारों के माध्यम से गरीब और कमजोर वर्गों के लोगों के लिए मुफ़्त में मिलने वाले खाद्यान्न का लाभ वास्तविक रूप में जिला पूर्ति अधिकारी के हवाले प्रतिमाह 73 लाख रुपए कोटेदारों के माध्यम से एकत्र कर लिए जाने का मामला सामने आया है।पात्र गरीब हर माह चार-पांच किलोग्राम राशन के घोटाले का शिकार बनाया जाता है ।बताया जाता है कि इस बार सरकारी मशीनरी ने नई नीति अपनायी है। तौलने वाले इलेक्ट्रॉनिक काँटे का कनेक्शन मशीन से ही एक साथ मिलाकर कर दिया,लेकिन इस बार भी कुछ ऐसा भी नहीं हो पाया कि यह सब न हो। कोटेदारों के दिमाग में क्या चल रहा था कि निर्धारित वजन के पैकेटों का राशन अंगूठा लगाते समय पर्ची निकालने के बाद दूसरे काँटे से वजन कर दिया जाता है।

# विश्व हिंदू महासंघ ने मनाया श्री राम जन्मोत्सव, हुआ हवन, पूजन, कीर्तन आरती

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** विश्व हिंदू महासंघ ने प्रभु श्री राम का प्रकाट्योत्सव श्री सीता कुंड धाम पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर कुंवर दिनकर प्रताप सिंह के नेतृत्व तथा विशेष अतिथि गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन व वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सभासद रमेश सिंह टिन्नू की गरिमामयी उपस्थिति में बड़े ही धूमधाम से मनाया।सबसे पहले उपस्थित अतिथि द्वय ने प्रभु श्री राम के चित्र पर माला अर्पण किया।माल्यार्पण करते ही पूरा प्रांगण जय श्री राम से गुंजायमान हो गया। उसके पश्चात भजन, कीर्तन, हवन, पूजन हुआ। मदन सिंह ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा की हमारी पीढ़ी बड़ी ही भाग्यशाली है, जो आज प्रभु श्री राम के जन्मस्थान पे जन्मोत्सव होते हुए देख पा रही है।अंत में आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रुद्रप्रताप सिंह मदन, रमेश सिंह टिन्नू, राकेश मिश्र, राजेश पाठक, शुभेन्द्र सिंह, सेनजीत कसौधन, देवेन्द्रविक्रम सिंह, तेजस्व पाण्डेय, अनिल सिंह, सचिन पाण्डेय महामन्त्री, अजय प्रताप सिंह, दिव्यांश, राजेन्द्र शर्मा, सत्यम सिंह, आदित्य अग्रहरि, प्रांजल सिंह, महाकाल, रुद्र प्रताप, विपिन सोनू आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आग जनी की घटनाओं में किसानों की लाखों रुपए कीमत की तैयार फसल हुई राख



**सुल्तानपुर।** जनपद में लगातार बढ़ रही आगजनी की घटनाओं से जहां किसानों की लाखों रुपए की फसलें जलकर राख हो रही हैं,वहीं जिले में फायर ब्रिगेड लुंज पुंज बना हुआ है, एक भी आगजनी की घटनाओं पर समय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी न पहुंच पाने के चलते किसानों की लाखों रुपए कीमत की तैयार फैसले जलकर राख हो गई। जिला प्रशासन फायर ब्रिगेड की व्यवस्था कर पाने में विफल साबित हो रहा है। जिले के किसानों में फायर ब्रिगेड व जिला प्रशासन के विरुद्ध जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राम भुआल पहुंचे संसदीय क्षेत्र, जगह, जगह किया गया स्वागत



**सुल्तानपुर।** संसदीय क्षेत्र 38 सुल्तानपुर लोकसभा से घोषित इंडिया गटबंधन के प्रत्याशी राम भुआल निषाद समाजवादी पार्टी का जिले में प्रथम आगमन हुआ जिसमें समाजवादी पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत कूरेभार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निकट किया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष रघुवीर यादव, शकील अहमद पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, अनूप संडा पूर्व विधायक, अरुण वर्मा पूर्व विधायक, संतोष पाण्डेय पूर्व विधायक, जिला कार्यकारणी सदस्य, सलाहुद्दीन जिला महासचिव, बृजेश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवजनसभा, मोस्ट संस्था के निदेशक श्यामलाल निषाद, देवतादीन निषाद, आनंद निषाद,रामउजागिर यादव, शेरू यादव, व तमाम समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### व्यय प्रेक्षक का जनपद आगमन आज

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक 2014 बैच के आई.आर.एस. आफिसर टी. सेंथिल मुरूगन 18 अप्रैल 2024 को जनपद बहराइच आ रहे हैं। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा/वरिष्ठ कोषाधिकारी बहराइच नरोत्तम शरण ने दी है।

# आबकारी और कोतवाली नगर पुलिस के संयुक्त अभियान में पकड़ी गई कच्ची शराब व लहन

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाया गया। लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम, मय स्टाफ साकेत कुमार राय, अरविंद कुमार वर्मा, शशि प्रकाश गुप्ता एवं थाना कोतवाली नगर के हरिश्चंद्र उप निरीक्षक पुलिस मय स्टाफ के साथ ग्राम तिवारी का पुरवा ग्राम खतेहरा थाना कोतवाली नगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, एल।मौके पर लगभग 300 किलोग्राम लहन नष्ट कर, 01अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही की गई। आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया की लोकसभा चुनाव को देखते हुए विभाग पूरी तरह सजग है। हमारी टीम अवैध शराब के कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई निरंतर चला रहा है। आबकारी और पुलिस विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। अवैध भठ्ठियों को नष्ट और संलिप्त लोगों के विरूद्ध ठोस कार्यवाई की जा रही है।

## ट्रांज़िक्शन फेल धनराशियों का आहरण 30 अप्रैल तक

**बहराइच।** वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि जनपद में वर्तमान में ई. कुबेर व्यवस्था के तहत कोषागार से डी.डी.ओ. पोर्टल के माध्यम से भुगतान किए जा रहे है। जिससे कतिपय धनराशियॉ या ट्रांज़ेक्शन विभिन्न कारणों से यथा खाता सख्या/आईएफएससी कोड सही न होने/खाते का संचालन अवरुद्ध होने अथवा अन्य कारणों से फेल हो जाते है, जो डी.डी.ओ. पोर्टल पर प्रदर्शित होते हैं, जिन्हें आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा शासनादेश संख्या 12 दिनांक 23 अगस्त 2016 के प्रस्तर 3(4) में दी गई व्यवस्थानुसार सामान्य देयक प्रस्तुत करने पर भुगतान किया जाता है। वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री शरण ने बताया कि शासनादेश संख्या 12 दिनांक 23 अगस्त 2016 के प्रस्तर 4 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार वित्तीय वर्ष में फेल हुए ट्रांजेक्शन को अगले वित्तीय वर्ष के 30 अप्रैल तक भुगतान किये जाने का प्राविधान है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के तत्वाधान में क्षेत्रपालजी मंदिर के प्रांगण में भगवान महावीर स्वामी के जीवन एवं उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 8 से 10 वर्ष के बच्चों के मध्य एवं भाषण प्रतियोगिता 15 वर्ष से अधिक बच्चों एवं महिलाओं के बीच आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष आकर्षक पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किए जायेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिगम्बर जैन समाज पंचायत अध्यक्ष डा.अक्षय जैन, महामंत्री आकाश जैन उपस्थित हुए। अतिथियों ने जैन बैंकर्स फोरम के सेवाभावी कार्यो एवं जैन समाज को बैंक संबंधी समस्याओं के निराकरण में योगदान देने हेतु भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में को आयोजित कराने में आचार्य श्री 108 विद्यासागर पाठशाला की सविता दीदी, नीलू दीदी, सौम्या दीदी, नैंसी दीदी, प्रियंशी दीदी, शिवानी दीदी, विधी दीदी, आकांक्षा दीदी, प्रियल दीदी का सराहनीय सहयोग रहा।

# जिलाधिकारी ने नामांकन स्थल का लिया जायज़ा

- सम्पूर्ण परिसर की होगी 16 सीसीटीवी कैमरों से निगहबानी
- कलेक्ट्रेट के गलियारों में बिछायी गई रेड कार्पेट
- कलेक्टर का न्यायालय होगा नामांकन कक्ष
- सुरक्षा के होंगे माकूल बन्दोबस्त



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 लोकतन्त्र के महापर्व के नामांकन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी मोनिका ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर नामांकन कक्ष तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत की गई बैरीकेटिंग कार्य तथा वाहनों एवं भीड़ के नियंत्रण के लिए बैरियर इत्यादि का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में इस जनपद के 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 18 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक नामनिर्देशन-पत्र प्राप्त करने से लेकर अभ्यर्थिता वापस लेने तक की कार्यवाही सम्पन्न करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर बहराइच स्थित कक्ष संख्या-02 न्यायालय कलेक्टर/ जिला मजिस्ट्रेट बहराइच नियत स्थल होगा। यह जानकारी देते हुए 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर/ जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-बहराइच (अ.जा.) हेतु नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर के अन्दर एवं बाहर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों की तैनाती की गयी है। नामांकन के समय प्रत्याशी के लिए 03 वाहन अनुमन्य हैं, जो नामांकन कक्ष के 100 मीटर की दूरी तक आ सकेंगे। जबकि नामांकन कक्ष में अधिकतम 05 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे।

## अभ्यर्थियों को अपने आपराधिक मामलों का स्वयं कराना होगा प्रचार-प्रसार

**बहराइच।** मा. उच्चतम न्यायालय द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के सम्बन्ध में रिट याचिका संख्या 536 ऑफ 2011 में 25 सितम्बर 2018 को पारित आदेश के अनुपालन में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार लोकसभा/ राज्यसभा/ विधानसभा या विधान परिषद के निर्वाचन में ऐसे अभ्यर्थी जिनके विरूद्ध आपराधिक मामले या तो लम्बित हैं, या जिनमें दोष सिद्ध हो गये हैं, ऐसे मामलों को निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रचलन वाले समाचार पत्रों में प्रारूप-सी-1 में अभ्यर्थितायें वापस लेने की अन्तिम दिनांक से लेकर मतदान होने की दिनांक के 02 दिन पहले कम से कम 03 अलग-अलग दिनों में प्रकाशित करायेंगे।

# भए प्रकट कृपाला के उद्घोष के साथ जन्में प्रभु राम

## राम नवमी का पर्व पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** चैत्र राम नवमी की तिथि पर आज 12 बजे दिन में प्रकट कृपाला के उद्घोष के साथ प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला गांधीनगर ललितपुर स्थित अयोध्यानाथ श्रीराम जानकी मंदिर में पूरी भव्यता से मनाया गया। इस अवसर पर मनेशा म्यूजिकल ग्रुप अंकित दुबे द्वारा सुबह 9 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं दोपहर 12 बजे आरती भजन बधाई गीत गाए गए। राम नवमी के दिन बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए अयोध्यानाथ श्रीरामजानकी मंदिर में सुलभ दर्शन की व्यवस्था करते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी श्रीराम जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया। इस दौरान चण्डी पीठाधिश्वर महामंडलेश्वर चंद्रेश्वर गिरी महाराज के सानिध्य में पुजारी रामेश्वर पटैरिया ने भगवान श्रीराम जानकी मंदिर के दिव्य गर्वग्रह में दोपहर 12 बजे विशेष पूजा अर्चना की गई एवं श्रीरामजी के दिव्य दरबार में बूंदी, पंजीरी पंचामृत, फल, मेवा पेड़ा, हलुआ पूड़ी, लडडू, मिठाई आदि का भोग लगाया। अयोध्यानाथ श्रीरामजानकी मंदिर प्रबंधक अंकित ने बताया कि मंदिर में भव्यता के साथ प्रभु राम का जन्मोत्सव मनानें के लिए श्रीराम नवमी पर श्रीजी का विशेष श्रृंगार करके ठाकुरजी को पीले रंग का वस्त्र और सोने चांदी के आभूषणों एवं लक्ष्मणजी, भरतजी, शत्रुघ्नजी और हनुमानजी के बाल रूप की पीले रंग की पोशाक पहनाया गया। इस अवसर पर मनेशा म्यूजिकल ग्रुप अंकित दुबे द्वारा संगीतमय बधाई गीत गाए गए, जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य प्रस्तुत किया और साथ ही समस्त भक्तों ने श्रीराम जय जय राम के जय घोष लगाए। तत्पश्चात कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान चण्डी पीठाधिश्वर महामंडलेश्वर चंद्रेश्वर गिरी महाराज को शॉल, श्रीफल, भेंट करके एवं माला पहनाकर आयोजक अंकित पटैरिया ने सम्मानित किया।

# डीएम ने गल्ला मण्डी परिसर का किया निरीक्षण

- स्ट्रांग रूम के लिए चयनित कक्ष-कक्षों का लिया जायज़ा

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोलिंग पार्टियों के वाहनों की पार्किंग, कार्मिकों तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखे हेतु स्ट्रांग रूम के लिए चयनित किए गए कक्ष-कक्षों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह, सचिव मण्डी धनंजय सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। डीएम मोनिका रानी ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोग द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार फुल-प्रूफ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें और इस बात का विशेष ख्याल रखा जाय कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतगणना तक के कार्य सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके।

## सपा ने भीम निषाद का टिकट काटकर संगठन में बढ़ाया अंतर्कलह

**सुलतानपुर।** लोक सभा चुनाव में सपा पार्टी ने प्रत्याशी के चयन में उथल पुथल कर नए विवाद को जन्म दे दिया है। भीम निषाद को हटाकर राम भुआल निषाद को पार्टी ने प्रत्याशी तो बना दिया, लेकिन जो आक्रोश बाहर आ रहा है, कहीं ये पार्टी के लिए घातक न बन जाए।

वहीं बसपा के प्रत्याशी भी मैदान में सपा वोटरों को अपने पाले में लाने के लिए भरसक प्रयास करने में लगे हैं। कहते हैं दूसरों के लड़ाई में तीसरा अपना उल्लू सीधा कर ही लेता है। भीम निषाद अपनी मेहनत को जाया जाते देख खिन्न हो गए हैं। एक प्रेस वार्ता में उन्होंने अपने दिल की भड़ास जिले के एक पूर्व विधायक पर निकाली। आरोप लगाया कि उनके कारण ही मेरा टिकट कटा है।

# सालभर उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखाओं का सम्मान

- जैन मिलन का क्षेत्रीय अधिवेशन हुआ संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र-13 का क्षेत्रीय अधिवेशन क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय जैन की अध्यक्षता में नपाध्यक्ष सरला जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान समारोह में जैन पंचायत समिति से डा.अक्षय टडैया, उप मण्डलाध्यक्ष द्वितीय लायंस इंटरनेशनल डिस्टिक 321 बी 2 लायंस सन्मति सराफ, वर्णी जैन कालेज समिति अध्यक्ष अशोक जैन, देवोदय तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष अनिल जैन, महामंत्री आकाश जैन, कोषाध्यक्ष सी.ए.सौरभ जैन, मंदिर प्रबंधक आनंद जैन, अजित जैन रहे। संचालन क्षेत्रीय मंत्री श्रेयांश जैन ने किया। सर्वप्रथम आचार्य भगवन के का चित्र अनावरण पदमचंद्र जैन ने व दीप प्रज्ज्वलित संजीव जैन द्वारा किया गया। मंच सज्जा उपरांत महावीर प्रार्थना, मिलन गीत सभी वीर/ वीरांगनाओं द्वारा की गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय जैन ने स्वागत संबोधन किया। क्षेत्रीय मंत्री श्रेयांस जैन द्वारा वार्षिक रिपोर्ट, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र जैन द्वारा आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। जैन मिलन के सिद्धांतो पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात जैन, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सुरेशबाबू एड., महेंद्र जैन, डा.विनय जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नेमिचंद्र जैन, जिनेन्द्र जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय बरया पत्रकार, श्रीपाल नुना, डा.अजय जैन, मुख्य संयोजक सनत जैन, किरण जैन, अनिल अलया, अनिता जैन, ब्रजेंद्र मोदी, चंद्रकुमार लोहिया, राजकुमार, सुनील सराफ, अनिल जैन सुरेश जैन, महेंद्र ने विचार व्यक्त किये। लायंस/वीर सन्मति सराफ ने भारतीय जैन मिलन क्षेत्र-13 द्वारा किए कार्यो की सराहना करते हुए लायंस क्लब की योजनाओं को शामिल कर समाज सेवा के कार्यो को आगे बढ़ाए। वीरांगना वंदना जैन, डा.स्वर्णा जैन, सुनीता जैन, कामिनी जैन, दीपाली जैन, अंजना अलया ने विचार रखे। समाजहित में कार्य करने पर जैन मिलन मुख्य शाखा झांसी, साधु औषधि शाखा टीकमगढ़, चंद्रप्रभु शाखा डोंडाघाट, सिविल लाइंस शाखा, महिला अरिहंत शाखा, बहुवली शाखा, मुख्य शाखा, आदर्श शाखा, डोंडाघाट शाखा, साधु सेवा शाखा को सम्मानित किया गया। अधिवेशन में क्षेत्र की सभी ललितपुर, झांसी, बांदा, तालबेहट, बांसी, टीकमगढ़, पाली, जखौरा से लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सुनील जैन, संजीव जमादार, अशोक जैन, अरविंद जमादार, राजू, अमित, कुशलचंद्र एड., स्वरूपचंद्र जैन, सुरेन्द्र जैन, महावीर जैन, सुरेन्द्र रसिया, ममता, मंजू, सुषमा, मधु जैन, अलका, अभिनंदन जैन, मनोज जैन, राकेश बरया, देवेंद्र, राजेश जैन, डा.सुशील बरया मौजूद रहे। आभार कुलदीप जैन व आवेश जैन ने संयुक्त रूप से किया।

# जीआरवी इंटर कालेज की प्रबंध समिति के प्रबंधक बने करनाल प्रेम प्रताप सिंह



**अवधानामा संवाददाता**

**राठ (हमीरपुर)** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गांधी राष्ट्रीय विद्यालय इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का निर्वाचन बीती देर शाम संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष,प्रबंधक व उप प्रबंधक पद पर मतदान कराया गया। जबकि शेष पदाधिकारी का चयन निर्विरोध हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक हमीरपुर द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में बीते दिन मंगलवार की देर शाम नगर के गांधी राष्ट्रीय विद्यालय इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का निर्वाचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें 787 सदस्यों में से 386 ने अपने मत का उपयोग किया। अध्यक्ष पद पर राम लखन गुप्ता को 351 जबकि उनके प्रतिद्वंदी भारत चौरसिया को 19 मत प्राप्त हुये। जिसमें से 16 मत अवैध पाए गये। वही प्रबंधक पद पर कर्नल प्रेमप्रताप सिंह को 354 व उनके प्रतिद्वंदी रामसेवक गुप्ता को 13 मत प्राप्त हुये और 19 मत अवैध पाए गये। जब की उप प्रबंधक पद पर सुरजन सिंह को 351 व उनकी प्रतिद्वंद्वी कमलापति सर्राफ को 19 मत प्राप्त हुये हैं। जिसमें से 16 मत अवैध पाए गये। इस दौरान उपाध्यक्ष पद पर कृष्णदत्त भटनागर,, कोषाध्यक्ष पद पर मनीष अग्रवाल सहित सदस्य डॉ0 अजय पाल सिंह राजपूत,साबिर ठेकेदार, सत्यम सोनी, शिवनारायण खरे सुरेंद्र भटनागर व सुभाष चंद्र आर्य का निर्विरोध चयन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य धुन्नूलाल ने सभी पदाधिकारी को फूल माला पहना उनको जीत की बधाई दी।

# फातिमा ने जामिया की प्रवेश परीक्षा में प्राप्त की AIR 35वीं रैंक

**अवधानामा संवाददाता।**



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बा मौदहा जो जमानें से शिक्षा व स्पोर्ट्स के क्षेत्र में जनपद में अपना सिक्का जमाए रहा है अपनी उसी पुरानी रिवायत को बरकरार रखते हुए इस बार जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 9-वीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा में पांच छात्रों ने प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर कस्बे नाम रौशन किया है। कस्बे के हैदरगंज स्थित एक प्राईवेट कोचिंग के पांच छात्रों ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की 9वीं की प्रवेश परीक्षा में सफलता पाकर अध्यापक सहित परिवार को गौरवान्वित किया है। फातिमा नें 9वीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा में आल इंडिया रैंक 35 वीं हासिल कर परिवार सहित कोचिंग का नाम रौशन किया है। इसी तरह मोहम्मद फैसल, सैफुल हसन, सिदरा फातिमा व अरबिया इस्लाम ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार का गौरव बढ़ाया है। उत्तीर्ण सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के साथ-साथ अपने अध्यापकों को दिया है।

# राम नवमी पर्व पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा राम दरबार की झांकी रही आकर्षक का केंद्र

**अवधानामा संवाददाता**



**राठ (हमीरपुर)** – नगर में राम नवमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया है। पूरा कस्बा भगवा रंग में दिखाई दिया। वहीं भक्ति गीत से पूरा कस्बा गुंजायमान रहा। बुधवार को राम नवमी पर्व पर रामलीला मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जुलूस में राम दरबार की झांकी आकर्षक का केंद्र बनी रही। जुलूस में जय श्रीराम के जयघोष के साथ लोग डीजे में बज रहे भक्ति गीत पर थिरकते रहे। शोभायात्रा रामलीला मैदान से स्टेट बैंक तिराहा, रानीगेट पड़ाव, कोट बाजार, प्रीतम चौराहा, उरई बस स्टैंड, अंबेडकर चौराहा से होते हुए बजरिया, काजीपुरा से रामलीला मैदान में समाप्त हुआ। शोभायात्रा में राम भक्त भगवा ध्वज फहराते हुए चल रहे थे। पीछे ट्रैक्टरों में झांकियां चल रही थी। जो आकर्षक का केंद्र बनी हुई थी। जुलूस में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत,, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, समिति के अध्यक्ष राकेश मिश्रा,योजक कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ बंटी, सहसंयोजक जितेंद्र अहिरवार, महेंद्र सोनी व बृजेंद्र सोनी (भोले), उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता,संरक्षक केजी अग्रवाल, डॉ0 हरिओम नगायच, मैयादीन सोनी, शिवरतन विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य मृत्युंजय प्रताप सिंह उर्फ सनी, नगर महामंत्री दीपू सोनी व मुकेश गुप्ता, अनुज सक्सेना, आरएसएस के जिला प्रचारक धनंजय, जिला प्रचार प्रमुख राजकिशोर सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अवधानामा संवाददाता**

**राठ (हमीरपुर)**- बीती मंगलवार की रात दोस्त के साथ राठ रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से बाइक के पीछे बैठे एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज मेडिकल कालेज झांसी में चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

राठ कोतवाली क्षेत्र के टूंका गांव निवासी स्वामीदीन अहिरवार ने बताया कि उसके चार पुत्र संजू, गौतम, वीरेंद्र, विवेक है। वह परिवार सहित दिल्ली में रहकर राजमिस्त्री का काम करता है। बताया कि बड़े पुत्र की शादी होने पर वह 15 दिन पहले परिवार सहित गांव आया था। गुरुवार को उसके पुत्र संजू की बारात नोएडा जानी थी। घर में बारात की तैयारियां चल रही थी। तभी मंगलवार की रात गांव का जीतेन्द्र पुत्र हरवंश उसके छोटे पुत्र वीरेंद्र उर्फ बीरु (20) को बाइक से शराब पिलाने के बहाने ले गया। तभी कुर्रा गांव की नहर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसके पुत्र की मौत हो गई। जीतेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज झांसी में चल रहा है। बताया कि रास्ते में पता नहीं क्या हुआ जानकारी नहीं है। वह रास्ते में मृत अवस्था में पड़ा मिला है।

## तेज रफ्तार लोडर ने बाइक सवार देवर भाभी व बच्चे को रौंदा

**अवधानामा संवाददाता**

**मौदहा।** बिवांर थाना क्षेत्र के छानी गांव के पास राठ मार्ग में एक तेज रफ्तार लोडर ने बाइक सवार देवर भाभी व बच्चे को रौंद दिया। इस हादसे में बाइक सवार देवर भाभी की मौके पर हुई दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि मासूम बच्चा गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बिवांर थाना प्रभारी ने बताया कि लोडर व बाइक की भिडंत की सूचना मिली थी। इस हादसे में बाइक सवार युवक व युवती की मौत हुई है। गंभीर रूप से घायल बच्चे को उपचार के लिये सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# अंतिम दिन भक्तों ने पूजन कर श्रद्धापूर्वक किया माता को विदा

**अवधानामा संवाददाता**



**राठ (हमीरपुर)** आज नवमी पर नगर में जगह-जगह देवी मां के भक्तों ने हवन पूजन कर माता की पूजन ब्रज अनुष्ठान का समापन किया। श्रद्धालुओं ने जवारों का जुलूस निकालकर जवारों का विसर्जन किया और पूरी नवरात्रि माता दुर्गा की भक्ति में लीन भक्तों ने माता को आज श्रद्धापूर्वक विदा किया। आज नवरात्र के अंतिम दिन भक्तों ने माता का अंतिम हवन पूजन अनुष्ठान कर माता की श्रद्धापूर्वक विदाई की। नगर के सभी मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालू पहुंचे और पूजन किया। कस्बे की प्रसिद्ध मरही माता, शीतला माता, श्यामला माता, मेढ़े की माता, काली माता, माहेश्वरी माता, बाघराजन माता मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ जमा रही। जगह-जगह कन्या भोज का आयोजन किया गया और श्रीरामायण का अखण्ड पाठ भी नगर में कई स्थानों पर किये गये। भक्तों ने अंतिम दिन माता के जवारों का भव्य जुलूस नगर में जगह-जगह निकाला गया और जवारों को विसर्जित किया। इस दौरान देवी भक्त अपने गाल पर माता की सांगे छेद कर जुलूस में चल रहे थे वहीं कील युक्त खड़ाऊ पहनकर नृत्य कर रहे थे। पूरे नौ दिन तक दुर्गा माता की भक्ति में लीन रहे कस्बे के श्रद्धालुओं ने आज अंतिम दिन माता दुर्गा को नमन कर श्रद्धापूर्वक विदा किया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**अवधानामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बिच्छी के गांव के समीप बुधवार की सुबह एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की हुई मौत। जानकारी के अनुसार ममुआ गांव निवासी बद्री प्रसाद 50 वर्षीय स्वर्गीय हरीराम सिंह बुधवार की सुबह घर से मॉर्निंग वॉक करने के लिए निकले थे कि घर से 200 मीटर दौड़ पहुंचे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए आसपास के लोगों ने देखा आनंद-फानन में एंबुलेंस बुलाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें अमृत घोषित कर दिया उधर चिकित्सकों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई पुलिस के माध्यम से परिजनों को अवगत कराया गया। मामले में हिदुआरी चौकी प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार पांडे ने बताया कि पीएम रिपोर्ट भरने के पश्चात पीड़ितों द्वारा एप्लीकेशन मिला है अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# झांकियों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा



**अवधानामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी कस्बे में रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने श्री राम दरबार की आरती उतार कर नवीन गल्ला मंडी से किया। गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा में देवी देवताओं की नयनाभिराम झांकियां शामिल रहीं। शोभा यात्रा देखने के लिए कस्बे के अलावा आसपास के गांव से लोगों की भारी भी उमड़ी रही। शोभायात्रा का कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया।

रामनवमी पर्व पर कस्बे में भव्य शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा में राम दरबार के अलावा राधा कृष्ण, शिव पार्वती, लव कुश, भारतीय सेना, शबरी के बेर, लक्ष्मण शक्ति सहित 31 देवी देवताओं की नयनाभिराम झांकियां शामिल की गई। शोभायात्रा नवीन गली में गल्ला मंडी से शुरू होकर बस स्टैंड, थाना चौराहा,थिलीशरण गुप्त मार्ग, कमलेश तिराहा, लक्ष्मीबाई तिराहा, देवगांव चौराहा से गुजरकर हाईवे से होते हुए पशु बाजार, नेहा चौराहा से होकर गायत्री तपोभूमि पहुंची। यहां पर रावण वध के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा में सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव, सदर नगरपालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद के अलावा रामनवमी सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बेतवा पुल के नीचे मिला शव

**हमीरपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र की बेतवा नदी में 20 वर्षीय युवती का शव उतराता मिलने पर नाविकों ने पुलिस को सूचना दी थी। युवती के शव की शिनाख्त नही होने पर पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखा था जिसकी आज शिनाख्त होने पर शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। सदर कोतवाल अनूप सिंह ने बताया है कि गत 14 अप्रैल को बेतवा पुल के नीचे 20 वर्षीय एक अज्ञात लड़की की तैरती हुई लाश मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा शव को मोर्चरी हाउस में सुरक्षित रखवाकर विभिन्न माध्यमों से पहचान हेतु प्रयास किए जा रहे थे। आज धनीराम पुत्र शिवराम धुरिया निवासी ग्राम चंदौखी थाना कोतवाली सदर द्वारा बताया गया कि उनकी लड़की कुमारी राधा 20 वर्ष गत 13 अप्रैल से बिना बताए कहीं चली गई है जो मानसिक रूप से विक्षिप्त भी है।

# श्री राम नवमी पर मंदिरों में उमड़ा भक्तों का हुजूम जय माता दी के जयकारों से गूंजता रहा

- हवन पूजन के साथ भंडारे का भी हुआ आयोजन



**अवधानामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** नवरात्रि के आखिरी दिन बुधवार को नगर सहित आसपास के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ पहुंची जहां लोग बाग विधि विधान से देवी पूजन किये वहीं जो भक्त अपने अपने घरों में कलश स्थापना कर नौ दिन तक मां की आराधना किये थे बुधवार नवमी के दीन हवन पूजन कर मंगल की कामना किये। नगर के पश्चिम पहाड़ी पर स्थित काली मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वप्रथम मां काली का भव्य श्रृंगार किया गया तत्पश्चात हवन पूजन कर जय मां काली सेवा समिति के अध्यक्ष हीरालाल वर्मा द्वारा नौ कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया तदोपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां नगर सहित आसपास के इलाकों से आए हजारों की संख्या में देवी भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया तपतपाती धूप को दरकिनार कर माता रानी के निराले भक्तों की भक्ति चरम पर रही सुबह 10.30 बजे से भंडारा शुरू हुआ जो सायं चार बजे तक चलता रहा इसी तरह रेलवे दुर्गा पूजा काली पूजा समिति की सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया जहां भक्तों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

## डीएनए टेस्ट के लिए पुत्र पुत्री के नमूने भेजे गये जांच को

**हमीरपुर।** गत वर्ष 22 दिसंबर को कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र में हत्या करके जलाकर फेंकी गई महिला के शव के हड्डियों की जांच के लिए पुत्र एवं पुत्रियों के खून के नमूने लेकर डीएनए टेस्ट के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला झांसी भेजे गए हैं।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कैथी के मजरा करेना डेरा निवासी दिव्यांग चन्ना निषाद की पत्नी रेखा निषाद 42 वर्ष की गत 22 दिसंबर को बिधनू कानपुर निवासी सुखबीर यादव 28 वर्ष ने प्रेम प्रसंग के चलते गला रेतकर हत्या करने के बाद संचेडी थाना क्षेत्र के नहर किनारे अर्ध निर्मित मकान के समीप फेंककर फरार हो गया था। थाना पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर 20 मार्च को इस हत्या का खुलासा करके हत्यारोपी के निशानदेही पर मृतक के कपड़े, बाल, हड्डियां, मोबाइल आदि बरामद किए गये थे।

# लोकसभा चुनाव व उपचुनाव को लेकर हुई चर्चा

- इंडिया गठबंधन के साथ झूठ सरकार की खुलेगी बात
- प्रत्याशियों की घोषणा व अपने एजेंट पर किया मंथन




**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुधवार को इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी के साथ बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव के नेतृत्व में की गई यादव ने बताया कि इंडिया गठबंधन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशियों को लेकर आपस में चर्चा की गई वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामराज गोंड़ ने बताया कि वर्तमान सरकार में आम जनमानस के लिए जो एजेंडा पेश किया गया है विकास के नाम पर सब खोखले वादे हैं केवल जनता को गुमराह वादों के साथ सरकार अपना एजेंडा पेश की है जिसको लेकर इंडिया गठबंधन उसके वादों को के खुलासे कर जनता जनार्दन को बताएगी। वही आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष रमेश गौतम ने बताया कि जिस तरह सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है या साबित हो चुका है कि उसको डर भय सता रही है इंडिया गठबंधन से घबराते हुए सरकार तरह-तरह के ईडीसीबीआई के फिर में जनता को मूर्ख बनाते हुए ईमानदार नेताओं को सात रही है।

सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि लोकसभा चुनाव प्रत्याशी की घोषणा जल्द की जाएगी और उपचुनाव प्रत्याशी को लेकर चर्चा की जा रही है जल्द ही प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से आम जनमानस को इसकी सूचना दी जाएगी इंडिया गठबंधन देश और प्रदेश में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और हर व्यक्ति तक अपने विकास का समुचित विश्वास पहुंचाएगी। इस मौके पर जगदीश मिश्रा, शहीद कुरैशी, सुमन्त सिंह मौर्या, कमडेड बाबू लाल भारती, त्रिपुरारी गोंड़, अशोक पटेल, दयाशंकर देव पांडेय, रामजी सिंह, राम आसरे, सुधाकर यादव, मुन्नी कोल आदि लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली श्री राम प्रभु की झांकी

**अवधानामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** बुधवार को श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री राम दरबार अखाड़ा समिति द्वारा श्री राम जानकी मंदिर विजयगढ़ पेट्रोल पंप के सामने भव्य राम जन्मोत्सव के साथ भव्य राम दरबार शोभायात्रा निकल गई। दोपहर 12:00 बजे भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया जन्मोत्सव के साथ किन्नर समुदाय द्वारा सोहर गाकर नित्य प्रस्तुत किया गया दोपहर 4:00 से अखाड़ा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा श्री राम दरबार की नगर भ्रमण हेतु निकल गई शोभायात्रा राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर में चौक होते हुए धर्मशाला चौक धर्मशाला चौक से चंडी तिराहा होते हुए में चौक में चौक से बरौली चौराहे बरौली चौराहे से कचहरी होते हुए महिला थाना महिला थाने से वापस श्री राम जानकी मंदिर पर समापन किया गया यात्रा जिन मार्गो से गई उन मार्गों पर राम भक्तों पुष्प वर्षा के साथ-साथ मिष्ठान वितरण पानी शरबत बिस्कुट इत्यादि की व्यवस्था की गई थी यात्रा में मनमोहक झांकियां राम दरबार के साथ परशुराम की गणेश जी की झांकी वह विभिन्न प्रकार की झांकियां सभी भक्तों को लुभा रही थी ढोल और गड़े डमरू की आवाज से पूरा सोनभद्र नगर भक्ति में में डूब गया था यात्रा में मुख्य रूप से धर्मवीर तिवारी प्रमोद गुप्ता शिव शंकर जी जितेंद्र जी आनंद मिश्रा धर्मराज सिंह सदर विधायक भूपेश चौबे मनीष खंडेवाला आशीष अग्रवाल मनोज चालान रविंद्र केसरी प्रकाश श्रीवास्तव विनोद सोनी गणेश अग्रवाल संतोष कीर्तन सिंह श्याम कुमार अखिलेश कश्यप राहुल शर्मा सत्यम सोनी सत्यम पांडे भानु तिवारी विनय पांडे महेश शुक्ला अरविंद पांडे मनोज प्रजापति श्याम उमर महेश शुक्ला मनीष कश्यप उमेश सोनी मुरली लव कुश वह हजारों की संख्या में राम भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए।

## शस्त्र प्रदर्शन करते युवक की तस्वीर वायरल, पुलिस कार्यवाही में जुटी

**मौदहा।** शासन के निर्देशों के बाद भी शस्त्र प्रदर्शन की एक और तस्वीर सामने आने पर पुलिस कार्यवाही करने में जुट गयी है। हालांकि पुलिस की तमाम कार्यवाहियों के बाद भी शस्त्र प्रदर्शन नहीं रुक पा रहा है। सोशल मीडिया पर आये दिन शस्त्र प्रदर्शन की तस्वीरें वायरल होती हैं।धौंस जमाने के लिए युवा पीढ़ी सोशल मीडिया पर फोटोज अपलोड करती है। ऐसे ही अब राइफल के साथ एक युवक की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस फोटो में युवक बिवांर थाना क्षेत्र के सायर गांव का बताया जा रहा है।

इस संबंध में बिवांर थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच की जा रही है। युवक की पहचान कर कार्यवाही की जायेगी।

# विकास कार्य एनटीपीसी सिंगरौली की प्रथम प्राथमिकता

**अवधानामा संवाददाता**



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा चिल्काडांड ग्राम में ग्रामवासियों से विकासात्मक सुझाव प्राप्त करने एवं विकास कार्यों में सहभागिता स्थापित करने के लिए दिनांक 16.04.2024 को विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें एनटीपीसी की ग्राम विकास संबंधी योजनाओं से ग्राम वासियों को अवगत कराया गया।

एनटीपीसी सिंगरौली योजनबद्ध तरीके से शक्तिनगर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण(साडा) के माध्यम से परियोजना प्रभावित गाँव में कार्य करने के लिए विशेष पहल कर रही है ताकि गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा शक्तिनगर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण(साडा) के माध्यम से कार्य करने के संबंध में प्रशासन से भी चर्चा की गई है ताकि सुचारु रूप से आवंटित कार्य को पूर्ण कराया जा सके।

बैठक को संबोधित करते हुए सिद्धार्थ मंडल, मानव संसाधन विभाग प्रमुख ने कहा कि विकास कार्य एनटीपीसी सिंगरौली की प्रथम प्राथमिकता है जिसे सभी ग्रामवासी की सक्रिय सहभागिता से पूर्ण किया जाएगा। उन्होने एनटीपीसी सिंगरौली की ग्राम विकास संबंधी भावी योजना से ग्रामीण जनो को विस्तार से अवगत कराया।

बैठक के दौरान ग्रामवासियों द्वारा ग्रामीण विकास संबंधी विभिन्न सुझाव दिए गए एवं सतत विकास पर ज़ोर दिया गया। बैठक के दौरान प्रधान श्री हीरा लाल एवं अन्य ग्रामीण जनो ने एनटीपीसी सिंगरौली के इस विशेष पहल का स्वागत किया एवं ग्रामीणों के मध्य वार्ता करने हेतु आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सी एस आर योजना के तहत शिक्षा,स्वास्थ्य,आधारभूत संरचना, स्व-रोजगार के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है जिससे ग्रामवासी सतत लाभान्वित हो रहे हैं।

बैठक सौहार्द पूर्ण वातावरण में आयोजित की गई जिसमें एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण , प्रबुद्ध ग्रामीण जन,प्रधान,पत्रकार बंधु आदि सम्मिलित हुए।

# रामनवमी पर रामभक्तों ने निकाला भव्य जुलूस, हुई पुष्प वर्षा

**अवधानामा संवाददाता**

- श्रीराम जन्मोत्सव पर हजारों की संख्या में रामभक्त जुलूस में हुए शामिल
- जगह-जगह पर स्टाल लगाकर रामभक्तों को कराया गया जलपान
- सदर विधायक समेत जनप्रतिनिधियों ने रामभक्तों का किया स्वागत



**बांदा।** श्रीराम जन्मोत्सव के मौके पर बुधवार को पर शहर समेत पूरे जनपद में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। डीजे की धुन और पुष्प वर्षा के बीच रामभक्तों ने भगवान राम की झांकियों के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली। श्रीरामनवमी के अवसर पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा में युवाओं का जोश देखने लायक था। समूचा शहर भगवा रंग के झंडों से पाट दिया गया और भक्तों की भगवा वेशभूषा माहौल में चार चांद लगा रही थी। कई रामभक्तों ने अपने चेहरे भी भगवा रंग से पेंट करा रखे थे। रामभक्तों की टोली के बीच भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने पगड़ी बांधकर जुलूस में प्रतिभाग किया और नारीशक्ति का प्रदर्शन किया। वहीं युवाशक्ति भगवा पताका व गदा-तलवार लहराकर जयश्रीराम का उद्घोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। डीजे की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों पर रामभक्त देर तक थिरकते रहे। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अपने समर्थकों के साथ राम भक्तों का आगे बढ़कर स्वागत और अभिनंदन कर उनका उत्साह बढ़ाया।

श्रीराम नवमी केंद्रीय कमेटी के साथ ही वार्ड स्तर से रामभक्तों ने भव्य झांकियां सजाकर विशाल शोभा यात्रा निकाली। बुधवार दोपहर 4 बजे के बाद से शुरू हुई शोभायात्रा में एक-एक कर झांकियां महेश्वरी देवी चैक होते हुए रामलीला मैदान में एकत्र हुई और फिर झांकियों का एक विशाल जुलूस आगे बढ़ा। झांकियों के साथ युवाओं की बाइकें भगवा लहराते हुए ऐसे चल रही थीं, जैसे श्रीराम की वानर सेना रावण की सोने की लंका पर फतेह हासिल करने निकल पड़ी हो। वहीं शोभा यात्रा में नारीशक्ति का भी प्रदर्शन देखने को मिला। अखंड हिंद फौज की सेना में शामिल बालिकाएं नारी शक्ति का नमूना पेश कर रही थी। जबकि हाथों तलवार और फरसा लहराते रामभक्त पूरे जोश में जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। शोभायात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर बाकरगंज, स्टेशन रोड, बाबूलाल चैराहा, जामा मस्जिद, कैथी बाजार, चैक बाजार होते हुए महेश्वरी देवी चैक से गुजरी। अधिकांश कमेटियों की ओर से भगवान श्रीराम की झांकियां सजाई गई थीं। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जगह-जगह रोककर झांकियों में पुष्पवर्षा की गई और आरती उतारी गई। साथ ही रामभक्तों के जलपान का भी जगह जगह प्रबंध किया गया था। शोभा यात्रा में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता ने भी अपनी टोली के साथ शिरकत की और जयश्रीराम का ध्वज लहरा कर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र धुरिया शंभू, संयोजक अमित सेठ भोलू, कल्लू सिंह राजपूत, सुरेश तिवारी सुल्ली महराज समेत रामभक्तों की टोली ने पूरे जुलूस की अगुवाई की। वहीं शहर के अयोध्यावासी वैश्य श्रीरामजानकी मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# रौज़ों को ध्वस्त किये जाने के विरोध में हुआ विशाल विरोध प्रदर्शन



## या तो जन्नतुल बकी मदीने में निर्माण कराए या हमको इजाज़त दें सऊदी हुकूमत
## 101 वर्ष पूर्व सऊदी अरब के शासक ने रौज़ों को किया ध्वस्तः मौलाना यासूब अब्बास

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सऊदी अरब स्थित जन्नतुल बकी के कब्रिस्तान मदीने में रसूल-ए-इस्लाम की इकलौती बेटी जनाबे फातिमा (स.) और इमामों के रौजों को ध्वस्त किये जाने के विरोध में बुधवार को शहीद स्मारक पर मौलाना यासूब अब्बास की ओर से सऊदी अरब हुकूमत के विरोध में एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें उलमा, मातमी अंजुमनों और कौमी इदारों के अतिरिक्त हजारों की संख्या में लोगों ने इस प्रदर्शन में तेज धूप होने के बावजूद भाग लिया।

मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि आज से लगभग 101 वर्ष पूर्व सऊदी अरब के शासक आले सऊद ने जन्नत-उल-बकी में मोहम्मद साहब (स.) के खानदान वालों और उनकी बेटी के रौजों को ध्वस्त कर दिया था। बहुत अफसोस की बात है कि सऊदी हुकूमत जिस रसूल का कलमा पढ़ती है उसकी बेटी की कब्र पर आज तक कोई साया नहीं है। मौलाना ने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि सऊदी शासक अपने बड़े बड़े महलों में रह रहे हैं लेकिन रसूल की बेटी की कब्र खुले आसमान के नीचे है मौलाना ने सऊदी अरब हुकूमत से मांग की है कि या तो जन्नतुल बकी मदीने में निर्माण कराए या हमको इजाज़त दें कि हम वहां जाकर मजारों का पुनः निर्माण करें।

मौलाना ने भारत के प्रधानमंत्री से अपील की है कि अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके सऊदी अरब सरकार पर दबाव बनाए कि वह शिया समुदाय पर होने वाले अत्याचार को बंद कराये। मौलाना ने कहा कि इस्लाम धर्म किसी पर ज़ोर ज़बरदस्ती नहीं करता, सऊदी अरब मुसलमानों पर जबरदस्ती करके अपना दृष्टिकोण दूसरे मुसलमानों पर लादना चाहती है ये इस्लाम धर्म के उपदेशों के खिलाफ है। ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेंहदी ने भारत के प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। इसके अतिरिक्त अन्य वक्ताओं ने अपने भाषणों में सऊदी सरकार को निशाना बनाते हुए जन्नत-उल-बकी मदीने में रौजों के पुनः निर्माण की मांग की है। प्रदर्शन के बाद मौलाना यासूब अब्बास के साथ मातमदारों ने जबरदस्त खूनी मातम करके अपने खून से एक ज्ञापन लिखकर सऊदी अरब दूतावास, नई दिल्ली को भेजा है जिसमें मांग की गई है कि अतिशीघ्र सउदी हुकूमत जन्नत-उल-बकी मदीना में रौज़ों का निर्माण कराए।

### दरगाह हजरत अब्बास में मजलिस आज

सऊदी अरब स्थित जन्नत उल बकी मदीना मुनव्वरा में जनाबे फातिमा जहरा (स.अ) और चार इमामों के रौजे की तामीर के लिए बृहस्पतिवार को दरगाह हजरत अब्बास (अ.स) में मजलिस-ए- अजा का आयोजन रात 8 बजे किया जाएगा। मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद खिताब करेंगे। मजलिस के बाद शहर की तमाम अंजुमनें नौहाख्वानी करती हुई रौजाए फातमैन जाएगी। मजलिस का आयोजन कमेटी वक्फ दरगाह हजरत अब्बास (अ.स) रुस्तम नगर ने किया है।

# सोशल मीडिया ने चुनाव प्रचार सामग्री के बाजार को किया मंदा

- चालीस फीसदी ही रह गया कारोबार



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा बढ़ा है। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार के लिए प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर पड़ा। प्रचार के लिए बाजार में झंडा, सीटी, बैनर और बिल्ला सहित अन्य प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घटी है। यदि चुनाव सामग्री के थोक कारोबारी की मानें तो इस बार अभी तक पूर्वांचल के आसपास के जिलों से मांग ही नहीं आ रही है। बस पांच वर्ष पहले की ही बात है। चुनाव कैसा भी हो, एक माह पूर्व से ही चुनाव प्रचार सामग्री के बाजार में उछाल आ जाता था। थोक कारोबारी झंडा, सिटी, बिल्ला, टोपी, टीशर्ट, महिलाओं के उपयोग के लिए पार्टी का चुनाव चिन्ह लगा बिंदी, चूड़ी सहित अन्य सामग्री का ऑर्डर दे देते थे। राजनीतिक दलों की ओर से भी पहले ही ऑर्डर मिला जाता था। प्रत्याशी अपनी फोटो के साथ पोस्टर छपवाने के लिए परेशान रहते थे। व्यापारी दिव्यांश गर्ग का कहना है कि यहीं पर पुश्तों से प्रचार सामग्री का व्यापार करने वाले अग्रवाल बंधु कहते है कि पहले उम्मीदवार प्रचार सामग्री पर बारह से पंद्रह लाख रुपये आराम से खर्च करता था, लेकिन अब इसका आधा भी खर्च नहीं कर रहा है। इस बार के चुनाव में प्रिंटिंग कारोबार पर मंदी छाई हुई है। इस लोकसभा चुनाव में डिजिटलीकृत प्रणाली ने चुनावी प्रचार पर अपना गहरा प्रभाव डाला है।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1855 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 16 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 487 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4275 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 23,94,541 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 18,14,807 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 6744 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 6822 कारतूस, 2853.5 किलोग्राम विस्फोटक व 357 बम बरामद कर सीज किये गये।

# नए टर्मिनल से होगा सभी घरेलू उड़ानों का ऑपरेशन

- सालाना करीब 80 लाख यात्री करेंगे यात्रा
- आसानी से नियंत्रित होगी अधिक भीड़




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सभी घरेलू उड़ानों का ऑपरेशन 20 अप्रैल की मध्य रात्रि से नए बने टर्मिनल 3 से होगा। इस टर्मिनल से इंडिगो सहित सभी एयरलाइन के यात्री अपनी यात्रा कर सकेंगे। टर्मिनल 3 से 31 मार्च से केवल अकासा एयरलाइन ने बेंगलुरु और मुंबई की उड़ानें शुरू की थीं। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 से प्रतिदिन करीब 110 उड़ानें संचालित होती हैं। यह घरेलू उड़ानें 29 शहरों के एयरपोर्ट को जोड़ती हैं। आधुनिक सुविधाओं वाले टर्मिनल 3 को 2400 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च को वीडियो कांफ्रेंसिंग से टर्मिनल 3 का उद्घाटन किया था। टर्मिनल 3 पर इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया, विस्तारा, एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर एशिया इंडिया, फ्लाई बिग और स्टार एयर अपने काउंटर स्थापित कर दिए हैं। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि टर्मिनल 2 को 21 अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय उड़ानें पहले की तरह टर्मिनल 1 से ही उड़ान भरेंगी।

# रामनवमी पर ट्रेनों में श्रद्धालुओं की रही भीड़

- श्रद्धालुओं को रोडवेज बसों से अयोध्या भेजने की तैयारी सफल



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रामनवमी पर मंगलवार रात से दिल्ली, मुम्बई, चंडीगढ़ व अहमदाबाद के रास्ते लखनऊ पहुंचने वाली ट्रेनों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। रामनवमी पर ट्रेनों से लखनऊ पहुंचे श्रद्धालुओं को रोडवेज बसों से अयोध्या भेजने की तैयारी सफल रही। भीड़ को सम्भालने के लिए स्टेशन पर तैनात रोडवेज के टीएस की बड़ी भूमिका रही। इन्हीं के जरिए श्रद्धालुओं को चारबाग बस अड्डे से श्रद्धालुओं को लगातार अयोध्या भेजा गया। अयोध्या के लिए सिर्फ चारबाग से ही 40 से ज्यादा बसें रवाना की गई। इसके अलावा कैसरबाग, अवध बस स्टेशन और आलमबाग टर्मिनल से बसें भेजी गई। लखनऊ से अयोध्या बसों को भेजने का सिलसिला मंगलवार की रात से लेकर बुधवार की दोपहर तक चलता रहा। इस दौरान लखनऊ से डेढ़ सौ के करीब अतिरिक्त बसें अयोध्या भेजी गई। इस दौरान प्रदेश भर के करीब 20 डिपो से 500 से ज्यादा बसों से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। साथ ही अयोध्या रूट की ट्रेन और बसों से मिलाकर करीब एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का दावा किया गया है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम बुधवार को अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर परिसर की स्वच्छता, यात्रियों के पीने के पानी की समुचित व्यवस्थाओं को परखा। अयोध्या रूट पर 20 अप्रैल तक चलेंगी अतिरिक्त बसें उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि अयोध्या के लिए 400 बसों के इंतजाम किये गये थे, लेकिन भीड़ बढने पर बसों की संख्या बढनी पड़ी। श्रद्धालुओं की भीड़ अभी अयोध्या आवागमन करेगी। इसलिए 20 अप्रैल तक अतिरिक्त रोडवेज बसें संचालित किया जायेगा।

# हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## हज इस्लाम की अजीमुश्शान इमारत के पांच स्तम्भों से एकः मौलाना खालिद रशीद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से ऐशबाग ईदगाह में मुकद्दस हज यात्रा के अरकानों की जानकारी हज यात्रियों को देने के लिए हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। तिलावते शिविर का उद्घाटन इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने करते हुए हज यात्रियों मुबारकबाद दी कि वे अल्लाह के घर के मेहमान बनने और वहां की बरकतों से अपना हिस्सा लेने जा रहे हैं। इससे पहले कारी तरीकुल इस्लाम ने कार्यक्रम का आगाज किया। शिविर का संचालन और नात का नजराना कबीर अहमद खां ने पेश किया। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि हज इस्लाम की अजीमुश्शान इमारत के पांच स्तम्भों से एक है। इस इमारत के बाकी स्तम्भ तौहीद, नमाज, रोजा और जकात हैं। इस्लामी शरीयत में हज पूरी जिन्दगी में एक बार फर्ज होता है, जो मक्का पहुंचने की हैसियत रखता हो। मौलाना ने हज पर जाने वाले व्यक्तियों से पूरे विश्व में शांति और लोगों की जान-माल, इज्जत-आबरू की हिफाजत और देश में अमन-भाईचारे की विशेष दुआ की अपील की। शिविर में हज ट्रेनर शारिक अलवी ने हज के अरकानों के बारे में विस्तार से देते हुए कहा कि मकामे इब्राहीम, हज्रे असवद, सफा-मरवा और जमजम पर बेहिसाब रहमतें नाजिल होती रहती हैं। काबे में एक नमाज पढने का सवाब एक लाख नमाजों के बराबर है। मस्जिदे नबवी में एक नमाज पढने का सवाब पचास हजार नमाजों के बराबर है। उन्होंने कहा कि मक्का-मदीना पवित्र शहर हैं। वहां अपना वक्त बर्बाद न करें और ज्यादा से ज्यादा वक्त मस्जिद-ए-हराम और मस्जिद-ए-नबवी में गुजारें। खुद को इबादत में मशगूल रखें और पिछले गुनाहों की माफी और तौबा करें और गुनाहों से दूर रखें। शिविर को मौलाना मोहम्मद मुश्ताक ने भी खिताब किया। शिविर में महिलाओं के सत्र को नाहीद रहमान ने खिताब करते हुए महिलाओं को हज कैसे करें विस्तार से रोशनी डाली। शिविर का आयोजन अदीबा टूर एण्ड ट्रेवल्स के सहयोग से किया गया।



# ताजनगरी में चलेगी तेज हवा वाराणसी में तापमान ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मौसम ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। अप्रैल का महीना आते ही पारा भी ऊपर चढ़ने लगा है। नतीजा गर्मी अपना असर दिखाने लगी है और चढ़ते पारे के सहारे पसीना छुड़ाने लगी है। हालांकि आज कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

आगरा में मौसम में मंगलवार को बदलाव देखने को मिला। दिनभर 25 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलती रही। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में सोमवार की अपेक्षा मामूली गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बुधवार दोपहर भी तेज हवा चलने और तापमान के यथावत रहने का पूर्वानुमान जताया है।

ताजमहल में बुधवार को तीन पर्यटकों की तबीयत बिगड़ी गई। संयुक्त अरब अमीरात के शारजहा से आए हमजा रिजवान हैदर की बेटी को उलटी हुई। गुवाहाटी से आई गौरांगना दास और तापेश दास को ब्लड प्रेशर हाई होने पर उलटी हुई। तीनों का उपचार ताज पूर्वी गेट स्थित डिस्पेंसरी में किया गया।

# धोनी को देखने के लिए बेताब नजर आए फैंस, एयरपोर्ट पर लगी भीड़

- लखनऊ पहुंची चेन्नई की टीम



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** 19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम के साथ होने वाले मुकाबले के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम लखनऊ पहुंच गई है। लखनऊ एयरपोर्ट पर टीम का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर भीड़ लग गई। धोनी चेन्नई टीम के साथ एयरपोर्ट से बाहर निकले और टीम बस में बैठकर होटल के लिए रवाना हो गए। इस दौरान लोगों ने माही-माही के नारे लगाए।धोनी 42 वर्ष के हो गए हैं लेकिन अभी भी टीम की जीत हार में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुंबई के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने हार्दिक पांड्या को तीन लगातार छक्के मारे और अपनी टीम को मैच जिता दिया। उनका स्टारडम अभी भी कायम है और फैंस का उनके प्रति प्यार को देखकर लगता ही नहीं है कि वो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।

# यूपी के सरकारी टीचरों के लिए जारी हुआ आदेश

- सभी जिलों के बीएसए को कड़ी फटकार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों में बाबूगिरी कर रहे शिक्षकों की स्कूल वापसी होगी। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) से ऐसे शिक्षकों का ब्योरा मांगा गया है।

बीते 28 मार्च को भी पत्र जारी कर सभी जिलों से ऐसे शिक्षकों के बारे में जानकारी मांगी गई थी, लेकिन किसी भी जिले ने जानकारी नहीं दी। ऐसे में अब दोबारा पत्र जारी कर सभी जिलों के बीएसए को कड़ी फटकार लगाई गई है।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से प्रोफार्मा जारी कर ऐसे शिक्षकों की जानकारी मांगी गई है जो कार्यालयों में संबद्ध हैं। शिक्षक का नाम, किस स्कूल में उसकी मूल तैनाती है, कार्यालय का नाम जहां पर वह तैनात है और कितने समय से वह वहां काम कर रहा है इसकी संपूर्ण जानकारी मांगी गई है।

अभी करीब तीन हजार से अधिक शिक्षक खंड विकास अधिकारी (बीईओ), बीएसए, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) और राज्य परियोजना कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत हैं।

# आम्रपाली एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों के मार्ग में होगा परिवर्तन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अम्बाला कैंट सानेहवाल खंड के शम्भू स्टेशन पर किसान आंदोलन के कारण आम्रपाली एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलायी जायेंगी। सरयु यमुना व अमृतसर दरभंगा एक्सप्रेस को मार्ग में नियंत्रण किया जायेगा। अमृतसर से चलने वाली ट्रेन नम्बर 15708 अमृतसर कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लुधियाना, गिल्ल, धूरी, जाखल व दिल्ली के रास्ते, 14618 अमृतसर पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सरहिंद, बस्सी पठानां, नांगलडैम, चण्डीगढ़ व अम्बाला कैंट के रास्ते, जयनगर से चलने वाली 14649 जयनगर अमृतसर सरयु यमुना एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट, चण्डीगढ़ व सानेह वाल के रास्ते, पूर्णिया कोर्ट से चलने वाली 14617 पूर्णिया कोर्ट, अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट, चण्डीगढ़, सानेहवाल के रास्ते, अमृतसर से चलने वाली 04654 अमृतसर न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल परिवर्तित मार्ग लुधियाना, गिल्ल, धूरी, जाखल, दिल्ली व मुरादाबाद के रास्ते, श्री माता वैष्णो देवी कटरा से चलने वाली 15656 श्री माता वैष्णो कटरा कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेहवाल, चण्डीगढ़अम्बाला कैंट के रास्ते, अमृतसर से चलने वाली 04652 अमृतसर जयनगर स्पेशल परिवर्तित मार्ग लुधियाना, गिल्ल, धूरी, जाखल व दिल्ली के रास्ते, अमृतसर से चलने वाली 14604 अमृतसर सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेहवाल, चण्डीगढ़ अम्बाला कैंट के रास्ते, अमृतसर से चलने वाली 14650 अमृतसर जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेहवाल, चण्डीगढ़ व अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जा रही है।




### गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को देखते स्पेशल ट्रेन का संचलन

**लखनऊ।** रेलवे गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए ट्रेन नम्बर 05557 व 05558 सहरसा नई दिल्ली सहरसा अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन का संचलन सहरसा से 18 अप्रैल को तथा नई दिल्ली से 19 अप्रैल को एक फेरे के लिए करेगा। 05557 सहरसा नई दिल्ली अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल को सहरसा से 7 बजे चलकर सिमरी बख्तियार से 7:15 बजे, मानसी से 7:55 बजे, खगडिया से 8:07 बजे, बेगूसराय से 8:36 बजे, बरौनी से 9:15 बजे, दलसिंगसराय से 9:47 बजे, समस्तीपुर से 10:14 बजे, मुजफ्फरपुर से 11:10 बजे, हाजीपुर से 12:10 बजे, सोनपुर से 12:20 बजे, छपरा से 2:05 बजे, सीवान से 3 बजे, देवरिया सदर से 3:58 बजे, गोरखपुर से 5:05 बजे, खलीलाबाद से 5:46 बजे, गोण्डा से 7:40 बजे, बाराबंकी से 9:17 बजे, बादशाहनगर से 9:59 बजे, ऐशबाग से 10:25 बजे दूसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल से 12:15 बजे, इटावा से 1:42 बजे, टुण्डला से 2:52 बजे, अलीगढ़ 4:07 बजे तथा गाजियाबाद से 6:02 बजे छूटकर नई दिल्ली 7 बजे पहुंचेगी । वापसी यात्रा में 05558 नई दिल्ली सहरसा 19 अप्रैल को नई दिल्ली से 10 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 10:45 बजे, अलीगढ़ से 11:57 बजे, टुण्डला से 1:10 बजे, इटावा से 2:12 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 3:53 बजे, ऐशबाग से 5:35 बजे, बादशाहनगर से 6:02 बजे, बाराबंकी से 6:42 बजे, गोण्डा से 7:57 बजे, बस्ती से 9:15 बजे, खलीलाबाद से 9:45 बजे, गोरखपुर से 10:55 बजे, देवरिया सदर से 11:59 बजे, दूसरे दिन सीवान से 1 बजे, छपरा से 2 बजे, सोनपुर से 3 बजे, हाजीपुर से 3:15 बजे, मुजफ्फरपुर से 4:20 बजे, समस्तीपुर से 5:25 बजे, दलसिंगसराय से 5:47 बजे, बरौनी जंक्शन से 7 बजे, बेगूसराय से 7:27 बजे, खगडिया से 8:02 बजे मानसी से 8:17 बजे तथा सिमरी बख्तियारपुर से 9:17 बजे छूटकर सहरसा 10 बजे

### अयोध्या में रामनवमी का आयोजन रामभक्तों के लिए गौरव का दिनः स्मृति ईरानी

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को अमेठी में मंदिरों में पूजन अर्चन कर भारतवर्ष और विश्वभर के सभी सनातनियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन रामभक्तों के लिए गौरव का दिन है।

कहा कि आज विश्वभर में राम भक्त देख पाए और अनुभूति कर पाए कि किस तरीके से सूर्यदेव ने रामलला के ललाट पर स्वयं तिलक किया। इस दृश्य को देखकर सभी रामभक्त विश्व भर में अभिभूत हुए हैं।

भव्य राम मंदिर निर्मित हुआ तब भी विश्वभर में राम जी के नाम से यह एक गूंज उठी थी कि रामराज्य की स्थापना का संकेत है। आज सभी राम भक्तों के लिए यह गौरव का दिन है। जब रामलला ललाट पर स्वयं सूर्य देव से तिलक करवा रहे हैं।

# यू.पी. नेवल एन.सी.सी यूनिट का वार्षिक ए.एन.ओ. सम्मेलन आयोजित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यू.पी. नेवल एन.सी.सी यूनिट वार्षिक ए.एन.ओ. सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता यूनिट के कमान अधिकारी कैप्टन (भारतीय नौसेना) नवेंदु सक्सेना द्वारा की गई, जिन्होंने नेवल एन.सी.सी कैडेट्स के प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सभी सहयोगी एन.सी.सी अधिकारियों को संबोधित किया तथा वर्ष 2024-25 के दौरान, नौसैनिक शिविरों, वॉटरमैनशिप प्रशिक्षण सहित अन्य साहसिक गतिविधियों, सामाजिक सेवा, एवं आगामी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आदि विषयों पर चर्चा की। इस सम्मेलन में लखनऊ नेवल एन.सी.सी से संबद्ध प्रमुख शिक्षण संस्थानों के सभी सहयोगी एन.सी.सी अधिकारीगण उपस्थित हुए। इनमें लेफ्टिनेंट कमांडर डी.के सिंह, सब लेफ्टिनेंट प्रणव मिश्र, सेकेण्ड ऑफिसर्स वीरेन्द्र सिंह तथा जोसेफ मसीह और थर्ड ऑफिसर्स सुदीप बनर्जी, देवेंद्र सिंह, संजय मिश्रा एवं विमलेश गुप्ता शामिल थे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण वर्ष 2024-25 में होने वाली आगामी गतिविधियों के लिए योजना बनाना एवं नई प्रशिक्षण तकनीकि का निर्धारण करना, जिनका उद्देश्य कैडेट्स के कौशल को विकसित करना तथा उनकी शारीरिक फिटनेस आदि को समाहित करना है। इस अवसर पर कमान अधिकारी ने अपने उद्बोधन में सभी सहयोगी एन.सी.सी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कैडेटों के भविष्य को आकार देने में उनके द्वारा निभायी जा रही महत्वपूर्ण भूमिका एवं समर्पण भावना की सराहना की।

### एहतिजाजी जुलूस व मजलिस आज

**लखनऊ।** आज से विगत 99 वर्ष पूर्व 17 अप्रैल 1925 को सऊदी अरब के तत्कालीन शासक शाह सऊद ने मुसलमानों के रसूल, हज़रत मोहम्मद मुस्तफा स0अ0 की इकलौती बेटी के मज़ार को ध्वस्त (तोड़) कर दिया था, जिसकी वजह से पैग़म्बर के मानने वालों को दिली अफ़सोस है। अतः हर वर्ष ईद के आठवें दिन 8 शव्वाल को जिस दिन यह घटना घटी थी उसी दिन इसका शोक मनाया जाता है। इस वर्ष भी दिनांक 18 अप्रैल 2024, दिन बृहस्पतिवार को दरगाह हज़रत अब्बास अ0स0 में शोक दिवस मनाया जायेगा। मजलिस को आलीजनाब मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नकवी साहब किब्ला खिताब करेंगे इसके बाद लखनऊ की मातमी अंजुमनें नौहाख्वानी करके अपना शोक व्यक्त करेंगी।